राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 पहलगाम हमले पर पाक पीएम ने फिर अलापा झूठा राग........

खरगे से मिलूंगा और गोगोई के 'पाकिस्तान प्रवासइ के बारे में....... 12

वर्ष : 16 | अंक : 01 | नई दिल्ली, मंगलवार, 06 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# वक्फ मामलों की 15 मई को न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता में होगी आगे की सुनवाई

● सुनवाई के दौरान एक भावनात्मक पल भी आया जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह सीजेआई संजीव खन्ना के रिटायरमेंट से दुखी, अदालत में पेश होना हमेशा एक सकारात्मक अनुभव रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन कानून को लेकर दाखिल याचिकाओं पर अब 15 मई को सुनवाई होगी। सोमवार 5 मई को चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले में गहराई से सुनवाई की आवश्यकता है। चूंकि 13 मई को सीजेआई खन्ना रिटायर हो रहे हैं इसलिए अब यह मामला नए चीफ जस्टिस भूषण रामाकृष्ण गवई की बेंच के सामने पेश किया जाएगा। सीजेआई खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दाखिल हलफनामे में वक्फ बाय यूजर जैसी संपत्तियों के पंजीकरण को लेकर कुछ अहम बिंदु सामने आए हैं। लेकिन हलफनामे में सभी पहलुओं पर विस्तार से स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। सीजेआई ने कहा, मैं कोई अंतरिम आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहता, लेकिन कुछ मुद्दों पर और साफ-



साफ जवाब चाहिए। सुनवाई के दौरान एक भावनात्मक पल भी आया जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह सीजेआई संजीव खन्ना के रिटायरमेंट से दुखी हैं। उन्होंने कहा कि खन्ना साहब की अदालत में पेश होना हमेशा एक सकारात्मक अनुभव रहा है। इस पर सीजेआई खन्ना ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, ़नहीं, नहीं मैं इसके लिए इंतजार कर रहा हूं। वक्फ संपत्तियों पर फिलहाल यथास्थिति रहेगी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तक वक्फ संपत्तियों पर यथास्थिति बरकरार रहेगी। यानी पहले से पंजीकृत या अधिसूचित वक्फ संपत्तियों में कोई छेड़छाड़ नहीं होगी, उन्हें गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा और न ही वक्फ बोर्ड में कोई नई नियुक्ति की जाएगी। इससे पहले 17 अप्रैल को हुई सुनवाई में कोर्ट ने यही निर्देश दिए थे।

**अब जस्टिस गवई की बेंच सुनेगी मामला**

एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी और कपिल सिब्बल ने मामले को अगले हफ्ते सूचीबद्ध करने की सहमति दी। इसके बाद सीजेआई ने इसे 15 मई के लिए लिस्ट कर दिया। 14 मई को जस्टिस भूषण गवई भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ लेंगे और 15 मई को उन्हीं की बेंच में इस संवेदनशील मामले की सुनवाई होगी।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,405

चांदी 1,1000

सेंसेक्स 80,220

निफ्टी 24,472

## संक्षिप्त खबरें

### गृह मंत्रालय ने राज्यों को 7 मई को मॉक ड्रिल आयोजित करने का दिया निर्देश

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूती देने के उद्देश्य से सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 7 मई को मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया है। यह निर्णय पहलगाम हमलों और पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बाद लिया गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, इस मॉक ड्रिल में हवाई हमले की स्थिति में नागरिकों को सचेत करने के लिए सायरन की प्रभावशीलता का परीक्षण करना और नागरिकों एवं छात्रों को बुनियादी आत्मसुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करना शामिल है। इसके अलावा युद्ध के संभावित खतरे के दौरान अंधेरा कर देने की आपात प्रक्रिया (क्रैश ब्लैकआउट) का अभ्यास और संवेदनशील प्रतिष्ठानों को छिपाकर बुनियादी ढांचे की रक्षा करना शामिल होगी। इसके साथ ही आपातकालीन स्थिति में लोगों की सुरक्षित निकासी की योजनाओं को अद्यतन किया जाएगा और उनका पूर्वाभ्यास भी कराया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना, उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना और राज्य तथा स्थानीय प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा करना है। यह मॉक ड्रिल विभिन्न स्तरों पर नागरिक सुरक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता को जांचने का एक समन्वित प्रयास है।

# पुतिन ने मोदी से की फोन पर बात, कहा- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ रूस

नई दिल्ली, एजेंसी



फाइल फोटो

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत-रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस साल के अंत में भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कथित तौर पर 9 मई को मास्को में आयोजित होने वाले विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करने से इनकार कर दिया है। पहले उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के विजय दिवस समारोह में शामिल होंगे। हालांकि उनके न जाने के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया, लेकिन माना जा रहा है कि पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा स्थिति के कारण ऐसा हुआ। पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह बैठक वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के एक दिन बाद हुई है और माना जा रहा है कि उन्होंने सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की।

### जापान ने पहलगाम हमले पर एकजुटता व्यक्त करते हुए भारत को पूर्ण समर्थन दिया : राजनाथ



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि जापान ने पहलगाम हमले पर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उसे पूर्ण समर्थन का भरोसा दिया है। श्री सिंह ने भारत की यात्रा पर आये जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी सैन के साथ सोमवार यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि बैठक में रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की गयी। दोनों देशों ने सभी तरह के आतंकवाद की निंदा की और सीमा पार खतरों से निपटने के लिए परस्पर सहयोग पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने द्विपक्षीय वार्ता के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा, ह्लनई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी सैन से मिलकर बहुत खुशी हुई। भारत और जापान के बीच विशेष, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान हमने रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने सभी रूपों में आतंकवाद की निंदा की और सीमा पार खतरों का मुकाबला करने के लिए सहयोग और संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। नाकातानी सैन ने पहलगाम हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और भारत को पूर्ण समर्थन देने की पेशकश की।

# जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक खतरा : धनखड़




सिरसी/नई दिल्ली, एजेंसी

सिरसी/नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक संकट करार देते हुए कहा है कि स्वस्थ वन स्वस्थ जीवन का आधार हैं। श्री धनखड़ ने सोमवार को सिरसी के वानिकी महाविद्यालय में ह्यराष्ट्र निर्माण में वानिकी की भूमिकाह्ण विषय पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि हमें अपने वनों की रक्षा करने और हर संभव तरीके से योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए, क्योंकि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है। उन्होंने कहा कि यह एक वैश्विक खतरा है और स्थिति चिंताजनक रूप से गंभीर है। उन्होंने कहा कि वन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि किसी देश के वन अच्छी स्थिति में हैं, तो उसके लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि कृषि हमारी जीवन रेखा है। लेकिन हमें वनों की आवश्यकता है क्योंकि वे जलवायु को नियंत्रित करते हैं, आपदाओं को कम करते हैं, और आजीविका का सहयोग करते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत भूमि आध्यात्मिकता और स्थिरता का संगम है। स्थिरता सिर्फ. अर्थव्यवस्था के लिए ही जरूरी नहीं है। यह स्वस्थ जीवन के लिए भी जरूरी है। हमारी वैदिक संस्कृति ने हजारों सालों से स्थिरता का उपदेश दिया है। और आज, सतत विकास के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हम प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन नहीं कर सकते। हमें खुद को सिर्फ.न्यूनतम जरूरतों तक सीमित रखना चाहिए। हम सभी को इसके बारे में जागरूक होने की जरूरत है। गहन पारिस्थितिक चेतना का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि हमें आत्म-बोध की भावना विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण जीवन का वह पहलू है जो पृथ्वी पर रहने वाले हर जीव को प्रभावित करता है। जब पर्यावरण को चुनौती दी जाती है, तो यह चुनौती सिर्फ. मानवता के लिए नहीं होती बल्कि यह इस ग्रह पर मौजूद हर चीज को प्रभावित करती है।

# जयशंकर और जापान की प्रतिनिधि सभा के स्पीकर नुकागा के बीच अहम चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। जापान की प्रतिनिधि सभा के स्पीकर फुकुशिरो नुकागा अपने संसदीय सहयोगियों और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से भारत-जापान संबंधों को और मजबूत बनाने के एजेंडे पर चर्चा की। डॉ. जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया कि भेंट के दौरान भारत में हुए पहलगाम आतंकी हमले पर उन्होंने एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया। भारत ने उनके इस संवेदनशीलता भरे रुख के लिए धन्यवाद प्रकट किया। दोनों पक्षों ने भारत और जापान के बीच स्वभाविक सहयोग को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

विशेष रूप से प्रतिभा विनिमय बढ़ाने, व्यापारिक संपर्क सुदृढ़ करने और तकनीकी साझेदारी के क्षेत्रों में सहयोग को गति देने पर सहमति बनी। नुकागा की नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए विदेश मंत्री ने आशा जताई कि यह साझेदारी दोनों देशों के भविष्य को और उज्ज्वल बनाएगी।

# एलओसी पर तनाव के बीच रक्षा सचिव ने पीएम मोदी से की मुलाकात, सैन्य तैयारियों की दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी लगातार पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। प्रधानमंत्री पूरे मामले पर तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक भी कर चुके हैं। माना जा रहा है कि रक्षा सचिव ने सोमवार को हुई इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री को ताजा हालात और सैन्य तैयारियों की जानकारी दी। वहीं, सोमवार को ही नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री ने भारत के रक्षा मंत्री से मुलाकात की। इससे पहले रविवार को भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से पीएम आवास पर मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि वायुसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री को मौजूदा स्थिति और एयरफोर्स की तैयारियों से अवगत कराया। यह मुलाकात करीब 40 मिनट तक चली। वहीं, शनिवार को नौसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। इस बीच सोमवार को भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी के बीच एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। नई दिल्ली में हुई इस मुलाकात के दौरान जापानी रक्षा मंत्री ने भारत को अपना समर्थन दिया। उन्होंने बताया कि जापान भारत के साथ खड़ा है। भारत और जापान के रक्षा मंत्रियों की इस महत्वपूर्ण बैठक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की भी चर्चा हुई। जापान के रक्षा मंत्री नाकातानी ने पहलगाम हमले के मामले में भारत के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की। इससे पहले भारत में जापान के राजदूत ओनो केइची ने रक्षा सचिव से मुलाकात की थी। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से यह मुलाकात हुई थी। इस बैठक के दौरान जापान के राजदूत ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की थी।

# आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म हो, निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू हो : कांग्रेस



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि जातिगत जनगणना के साथ ही यह सुनिश्चित होना चाहिए कि आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म हो तथा निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाए। पार्टी के ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विभागों के प्रमुखों ने संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि कांग्रेस और राहुल गांधी के दबाव में सरकार जातिगत जनगणना के लिए तैयार हुई है। कांग्रेस के ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने कहा, जब मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री और अर्जुन सिंह जी शिक्षा मंत्री थे, तब हमारे संविधान में 93वां संशोधन किया गया था और उसमें अनुच्छेद 15(5) के तहत दलितों, आदिवासियों और समाज के सामाजिक और शैक्षणिक रुप से पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का प्रावधान लागू हुआ। उन्होंने कहा कि उस समय सरकारी शिक्षण संस्थानों में ये आरक्षण लागू हो गया, लेकिन निजी संस्थानों के लोग इसे अदालत में ले गए, जहां ये मामला आगे बढ़ता चला गया। जयहिंद ने दावा किया कि मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में इसको लेकर कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। कांग्रेस के अनुसूचित जनजाति विभाग के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा, पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते थे कि जाति की बात करना पाप है और यह अर्बन नक्सल की सोच है, लेकिन अब यू-टर्न ले लिया, क्योंकि इन्हें पता चल गया है कि यह बहुत बड़ी क्रांति है। उन्होंने सवाल किया कि जातिगत जनगणना के लिए भाजपा सरकार की रूपरेखा, समयसीमा और प्रक्रिया क्या होगी? भूरिया ने कहा, सरकार और प्रधानमंत्री से मांग है कि हमें जातिगत जनगणना पर हेडलाइन नहीं चाहिए। हमें जातिगत जनगणना की टाइमलाइन और डेडलाइन चाहिए। कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेश लिलोठिया ने कहा, कांग्रेस पार्टी चाहती है कि आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीमा खत्म होनी चाहिए, क्योंकि यह सामाजिक न्याय में सबसे बड़ी रुकावट है। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए 10 प्रतिशत के आरक्षण से साफ हो गया है कि 50 प्रतिशत की सीमा को भी पार किया जा सकता है। लिलोठिया ने कहा, अगर भाजपा सामान्य वर्ग के लिए ये कर सकती है, तो वंचितों-शोषितों के लिए क्यों नहीं कर सकती? उन्होंने कहा कि सरकार को जातिगत जनगणना की समय-सीमा बतानी चाहिए।

**उद्घाटन** केंद्र सरकार अंतर-राज्यीय संपर्क बढ़ाने के लिए प्रमुख अवसंरचना परियोजनाएं चला रही.................

# गडकरी ने तेलंगाना में 3,900 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

हैदराबाद, एजेंसी



हैदराबाद। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने तेलंगाना में सोमवार को 3,900 करोड़ रुपये की लागत वाली कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री गडकरी ने कोमाराम भीम जिले के सिरपुर कागजनगर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए आदिलाबाद जिले के अद्वितीय ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को स्वीकार किया तथा कहा कि इस क्षेत्र के लोग लंबे समय से भूमि और आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आदिलाबाद सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है तथा यहां रोजगार के अवसरों की सख्त आवश्यकता है। राष्ट्र के विकास में अवसंरचना की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए श्री गडकरी ने कहा, अच्छी सड़कों वाला देश एक विकसित देश होता है। कृषि, रोजगार, परिवहन और अवसंरचना राष्ट्रीय प्रगति के स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अंतर-राज्यीय संपर्क बढ़ाने के लिए प्रमुख अवसंरचना परियोजनाएं चला रही है। इसमें चुनौतीपूर्ण इलाकों में पुलों और भूमिगत सुरंगों का निर्माण शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने तेलंगाना और महाराष्ट्र के बीच सड़क संपर्क में सुधार लाने तथा भद्राद्री, बसारा और मेदाराम जैसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक स्थलों को राजमार्गों के माध्यम से जोड़ने के लिए कई आगामी परियोजनाओं की घोषणा की। श्री गडकरी ने सूर्यपेट से देवरापल्ली तक एक नई ग्रीनफील्ड सड़क और विजयवाड़ा-नागपुर कॉरिडोर के निर्माण की योजना के बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने आश्वासन दिया कि जगित्याला-करीमनगर राजमार्ग के विस्तार में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना) के अंतर्गत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, यात्रा समय को कम करने और ग्रामीण संपर्क को बढ़ाने के लिए पूरे देश में सड़क निर्माण प्रयासों में तेजी लाई जा रही है। केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, तेलंगाना सहित पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और राज्य के 32 जिले अब राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि श्री गडकरी के नेतृत्व में राज्य में 5,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्गों का निर्माण किया गया है। इसमें आदिलाबाद और निजामाबाद जिलों में 3,900 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं। श्री रेड्डी ने रेलवे संपर्क, औद्योगिक विकास और ऊर्जा परियोजनाओं में प्रगति का भी उल्लेख किया। इनमें काजीपेट रेलवे कोच फैक्ट्री, रामागुंडम विद्युत एवं उर्वरक परियोजनाएं और सात राष्ट्रीय मेगा टेक्सटाइल पार्कों में से तेलंगाना को आवंटित एक पार्क शामिल है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने हैदराबाद-करीमनगर-मंचरियल (राजीव) राजमार्ग की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त की और कहा कि केंद्र इसे राष्ट्रीय अपग्रेड कर राजमार्ग का दर्जा देने के लिए तैयार है, जब तक कि राज्य सरकार द्वारा मुद्दों का समाधान नहीं किया जाता। उन्होंने बल देकर कहा कि मोदी सरकार के अंतर्गत हुए अवसंरचना विकास ने आदिलाबाद जैसे पिछड़े क्षेत्रों को बदल दिया है और केंद्र की संपर्क, उद्योग एवं सामाजिक कल्याण योजनाओं, जिसमें आयुष्मान भारत और मुफ्त अनाज वितरण शामिल हैं, के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। इस कार्यक्रम में तेलंगाना के पंचायत राज मंत्री डॉ. दिनसारी अनसूया सीताक्का, सांसदों, विधायकों और अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 06 मई, 2025



# नैनीताल कांड : उस्मान की काली करतूत... लाल रंग की कार या थार में छिपा राज, मासूम की इस रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

**नैनीताल , एजेंसी।**
नैनीताल केस में फोरेंसिक टीम ने उस्मान के घर और गैराज से सबूत जुटाए हैं। सीसीटीवी का डीवीआर कब्जे में लिया है। घटना में इस्तेमाल वाहन से भी नमूने लिए जाएंगे। ठेकेदार उस्मान की काली करतूत का खुलासा पीड़ित बालिका की मेडिकल रिपोर्ट में भी हुआ है।

नैनीताल में बालिका से दरिंदगी के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। रविवार को फोरेंसिक टीम ने आरोपी उस्मान के घर और घटनास्थल का मौका मुआयना कर सबूत जमा किए। टीम ने गैराज से कई नमूने लिए, वहां खड़े वाहन में ही बच्ची से दुष्कर्म किया गया था। आरोपी के घर में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी टीम ने जांच के कब्जे में ले लिया है। फोरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. हेमंत होल्कर के नेतृत्व में हल्द्वानी और रुद्रपुर की टीम नैनीताल पहुंची।

मल्लीताल कोतवाली प्रभारी हेमचंद्र पंत और जांच अधिकारी आशा बिष्ट के साथ फोरेंसिक टीम ने आरोपी के घर और गैराज का मौका मुआयना किया। दो घंटे तक टीम ने गैराज के हर हिस्से की गहनता से जांच की। टीम ने संदिग्ध मिली कई वस्तुओं को सील कर कब्जे में ले लिया। इस दौरान वहां पीले टेप की बैरिकेडिंग लगाकर बाहरी लोगों को आने से रोक दिया गया।



मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद पीड़ित ने घटना को लेकर सब साफ कर दिया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के घर के नीचे बने गैराज के अंदर पार्क वाहन में घटना को अंजाम दिया गया। इसके बाद बालिका को वाहन से बाहर उतारने के बाद दोबारा वाहन गैराज से बाहर निकालकर सड़क किनारे खड़ा किया गया। पुलिस ने भी घटनास्थल पर लोगों से इस संबंध में पूछताछ की।

पुलिस ने शनिवार को जिन तीन वाहनों बलेनो कार, थार गाड़ी और ऑल्टो कार को कब्जे में लिया, वे तीनों लाल रंग की हैं। पीड़ित बालिका इतना ही बता पाई थी कि लाल रंग की गाड़ी में उससे दरिंदगी की गई। इसके बाद पुलिस उस वाहन को कब्जे में लेने चली तो मालूम हुआ कि उस्मान के तीनों वाहन लाल रंग के हैं। इनमें एक थार गाड़ी भी है। अब लाल रंग के किस वाहन में घटना हुई, यह स्पष्ट नहीं है। बच्ची को दिखाकर पहचान कराई जा सकती है। उसके बाद उससे साक्ष्य लिए जाएंगे। एसपी (अपराध) जगदीश चंद्र ने बताया कि जल्द ही घटना में प्रयुक्त वाहन से नमूने एकत्रित किए जाएंगे।

नैनीताल के 72 साल के ठेकेदार उस्मान की काली करतूत का खुलासा पीड़ित बालिका की मेडिकल रिपोर्ट में भी हुआ है। स्वास्थ्य विभाग और पुलिस के उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया है कि मेडिकल रिपोर्ट में 12 साल की बालिका के साथ रेप की पुष्टि हुई है। मामला कोर्ट में चल रहा है, इसलिए अधिकारी सीधे तौर पर बोलने के लिए तैयार नहीं है।

हालांकि परीक्षण से पहले ही यह स्पष्ट था कि उसके साथ दरिंदगी हुई है। वह 10 दिन चल तक नहीं पाई थी। उसकी मां इलाज के लिए हल्द्वानी लेकर आई थी। महिला अस्पताल में उसे उचित उपचार भी नहीं मिल पाया था। हालांकि महिला अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि मां ने यहां मेडिकल परीक्षण कराने से इन्कार कर दिया था। बाद में मुकदमा दर्ज हुआ तो मेडिकल परीक्षण कराया गया। उसमें दुष्कर्म की पुष्टि हो गई। सूत्रों ने बताया मेडिकल रिपोर्ट के बाद पुलिस ने बच्ची को ले जाकर आरोपी की शिनाख्त भी कराई। बच्ची ने आरोपी तुरंत पहचान भी लिया।

नैनीताल जिला प्रशासन ने पीड़ित बालिका की काउंसलिंग कर उसे सामान्य स्थिति में लाने और इसके बाद उसकी बेहतर शिक्षा का प्रारूप तैयार कर लिया है। ताकि पीड़िता और उसकी बहन को बेहतर शिक्षा देकर स्वावलंबी बनाया जा सके, जिससे परिवार का भविष्य बेहतर हो सके। शहर में हुई घटना विभिन्न माध्यमों से देश भर में प्रचारित हो गया है। संवेदनशील मामले में हर कोई आरोपी को सख्त सजा देने और पीड़िता को हर बेहतर सुविधा देने की मांग कर रहा है।

मामले की संवेदनशीलता व गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इसका संज्ञान लिया। उन्होंने जिले के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से बात कर निर्देश दिए। इसी के बाद पीड़िता व उसकी बड़ी बहन को हॉस्टल वाले स्कूल में शिक्षा दिलाने का प्रयास शुरू कर दिया गया है। इससे बेहतर सुरक्षा भी रह सकेगी। बेटी की असहनीय पीड़ा से आहत मां को अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की उम्मीद जगी है।

बीते लगभग एक पखवाड़े से असहनीय पीड़ा झेलने वाली पीड़िता, काउंसलिंग व अन्य चिकित्सा उपचार के बाद सामान्य होने लगी है। अपनी बातों को बमुश्किल इशारों में बताने वाली बच्ची हल्का बोलने भी लगी है और उससे विशेष लगाव रखने वालों से आइसक्रीम, चॉकलेट सरीखी अपनी पसंद की चीजों की मांग भी कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जून माह के लिए सात मई से शुरू होगी टिकट की ऑनलाइन बुकिंग, इस समय खुलेगा पोर्टल

**देहरादून, एजेंसी।** जून माह में केदारनाथ की हेली सेवा के लिए टिकट की ऑनलाइन बुकिंग सात मई को शुरू होगी। आईआरसीटीसी ने इसकी सूचना जारी कर दी है। आईआरसीटीसी की वेबसाइटके माध्यम से केदारनाथ हेली सेवा के टिकट बुक किए जा सकते हैं। सात मई को ऑनलाइन बुकिंग दोपहर 12 बजे शुरू होगी। बुकिंग के लिए वेबसाइट पर पहले ही सभी दिशा-निर्देश पढ़ लें। फिलहाल एक से 30 जून के लिए बुकिंग खोली जा रही है। आपको बता दें कि इससे पहले 31 मई तक की बुकिंग खोली गई थी जो कि पांच मिनट के भीतर फुल हो गई थी।

### नैनीताल में बिना सत्यापन के मिले 20 लोग

**नैनीताल, एजेंसी।** शहर में बीते दिनों हुए बवाल के बाद पुलिस ने एसएसबी और पीएसी के साथ सत्यापन अभियान चलाया। पांच टीमों की ओर से चलाए गए अभियान में 35 लोगों का सत्यापन किया गया। बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर 20 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि आगे भी सत्यापन अभियान जारी रहेगा। रविवार को तल्लीताल के कृष्णापुर, हरिनगर, बूचड़खाना क्षेत्र में तीन टीम और मल्लीताल रुकुट कंपाउंड क्षेत्र में पुलिस, एसएसबी और पीएसी की दो टीमों ने सत्यापन अभियान चलाया। टीमों ने घर-घर जाकर किरायेदारों के दस्तावेजों की जांच की। इस बीच टीम को कई भवनों में बिना सत्यापन किरायेदार मिले। तल्लीताल एसओ रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि तल्लीताल क्षेत्र में 20 लोगों के सत्यापन कर 14 लोगों के खिलाफ 81 पुलिस एक्ट व एक के खिलाफ 83 पुलिस एक्ट में पांच हजार की चालानी कार्रवाई की गई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि रुकुट कंपाउंड क्षेत्र में बाहरी क्षेत्रों से आकर बसे 15 लोगों का सत्यापन किया गया। बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर तीन के खिलाफ 83 पुलिस एक्ट और दो के खिलाफ 81 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि, बच्ची ने आरोपी को पहचाना

**हल्द्वानी, एजेंसी।** नैनीताल के 72 साल के ठेकेदार उस्मान की काली करतूत का खुलासा पीड़ित बालिका की मेडिकल रिपोर्ट में भी हुआ है। स्वास्थ्य विभाग और पुलिस के उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया है कि मेडिकल रिपोर्ट में 12 साल की बालिका के साथ रेप की पुष्टि हुई है। मामला कोर्ट में चल रहा है, इसलिए अधिकारी सीधे तौर पर बोलने के लिए तैयार नहीं है। हालांकि परीक्षण से पहले ही यह स्पष्ट था कि उसके साथ दरिंदगी हुई है। वह 10 दिन चल तक नहीं पाई थी। उसकी मां इलाज के लिए हल्द्वानी लेकर आई थी। महिला अस्पताल में उसे उचित उपचार भी नहीं मिल पाया था। हालांकि महिला अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि मां ने यहां मेडिकल परीक्षण कराने से इन्कार कर दिया था। बाद में मुकदमा दर्ज हुआ तो मेडिकल परीक्षण कराया गया। उसमें दुष्कर्म की पुष्टि हो गई। सूत्रों ने बताया मेडिकल रिपोर्ट के बाद पुलिस ने बच्ची को ले जाकर आरोपी की शिनाख्त भी कराई। बच्ची ने आरोपी तुरंत पहचान भी लिया।

### तुमड़िया डैम में बर्ड वाचिंग कर सकेंगे पर्यटक, पर्यटन के रूप में किया जा रहा विकसित

**रुद्रपुर, एजेंसी।** तराई में आने वाले पर्यटक अब बर्ड वाचिंग भी कर सकेंगे। काशीपुर के तुमड़िया जलाशय को पर्यटन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस डैम में पर्यटक बर्ड वाचिंग के साथ जल क्रीड़ा की भी बेहतर सुविधा रहेगी, जहां पर्यटक नौका विहार भी कर सकेंगे। काशीपुर से लगभग 20 किमी दूर तुमड़िया जलाशय 1960 में बना था। इसका पानी का सिंचाई में उपयोग होता है। जिला पर्यटन एवं विकास अधिकारी ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काशीपुर के तुमड़िया डैम को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें पर्यटक बर्ड वाचिंग करने के साथ ही मोटर बोट, कयाकिंग, कैनो बोट व स्क्रीइंग आदि की व्यवस्था होगी।

## सास और साले को घर बुलाकर तमंचे से मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार

**हरिद्वार, एजेंसी।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में तीर्थ पुरोहितों के परिवार की महिला और उसके बेटे को दामाद ने घर बुलाकर कैमरों को बंद कर तमंचे से गोली मार दी। सास के गाल और साले के कान पर गोली लगी है। गंभीर हालात में दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार शाम गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने ससुर की शिकायत पर आरोपी दामाद के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को अहम सुराग मिले हैं।

पुलिस के अनुसार, घटना बृहस्पतिवार की देर रात की है। जब तीर्थ पुरोहित पराग चाकलान उर्फ परीक्षित निवासी मोहल्ला चाकलान के घर उसकी सास सरिता और साला पारस मोहल्ला मिश्रान गली चौक बाजार ज्वालापुर गए हुए थे। बेटी की ससुराल में किसी बात पर दामाद और उनके बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि घर के कैमरे बंद करने के बाद पराग ने तमंचे से दोनों पर फायरिंग कर दी। गोली सास सरिता शर्मा के गाल और पारस के कान पर लगी, दोनों लहूलुहान हो गए। मां और भाई को लहूलुहान देखकर घर में मौजूद पराग की पत्नी ने शोर मचाया।

## हरिद्वार में रोडवेज बस की टक्कर से कार सवार श्रद्धालु की मौत, तीन घायल

**हरिद्वार, एजेंसी।**
हरियाणा से गंगा स्नान करने हरिद्वार जा रहे श्रद्धालुओं की स्विफ्ट कार को पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार एक श्रद्धालु की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। बताया गया हाईवे पर पेट्रोल पंप देख कर इन्होंने कार रोक ली।

पेट्रोल पंप पीछे रह जाने के चलते कार चालक ने कार को बैक करना शुरू कर दिया। इसी बस ने कार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक बस समेत मौके से फरार हो गया। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। फिलहाल बस चिह्नित नहीं हो पाई है।



रविवार की सुबह हरियाणा जिला रोहतक के सापला गांव निवासी कैलाश कुमार (34), हेमंत वशिष्ठ, लोकेश सोन और राहुल गर्ग हरिद्वार गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। जैसे ही इनकी कार नारसन खुर्द गांव के पास पहुंची तो अचानक ही पेट्रोल पंप देख कर इन्होंने कार रोक ली। पेट्रोल पंप पीछे रह जाने के चलते कार चालक ने कार को बैक करना शुरू कर दिया। इसी बीच पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने कार को पीछे से टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की तरफ दौड़े। इसी बीच बस चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना नारसन पुलिस चौकी को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला। हादसे के सभी घायलों को सिविल अस्पताल रुड़की भिजवाया गया। सिविल अस्पताल में चिकित्सकों ने कैलाश कुमार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस बस के नंबर को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है। वहीं हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

## नैनीताल के पर्यटन का अवकाश रविवार को समाप्त

**नैनीताल, एजेंसी।** रविवार को अवकाश और वीकेंड के चलते नैनीताल में बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने से पर्यटक स्थल गुलजार रहे। पिछले काफी समय से पर्यटकों से वीरान तमाम स्थानों पर सैलानियों की खासी चहल कदमी देखने को मिली। इससे पर्यटन व्यवसायी भी अब पर्यटक सीजन अच्छा होने की उम्मीद लगाने लगे हैं।

बता दें कि पिछले दिनों की घटना के बाद नैनीताल में पर्यटकों की आमद न होने से शहर सूना हो गया था। कई बुकिंग रद्द होने के साथ ही कई पर्यटक बृहस्पतिवार से ही होटलों से चेक आउट कर गए थे। लेकिन अब धीरे-धीरे शहर में पर्यटकों की चहल-पहल से रौनक वापस लौटने लगी है। रविवार को यहां

## मसूरी में भारी बारिश, मलबा आने से मुख्य रोड बंद



**मसूरी, एजेंसी।**
पहाड़ों की रानी मसूरी में रविवार शाम तेज बारिश हुई. जिसके कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया. मसूरी में बारिश से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई. जिससे लोगों को ठंड का एहसास होने लगा. ठंड से बचने के लिये लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लिया.

मसूरी से 2 किलोमीटर नीचे देहरादून मार्ग जेपी बैंड के पास सड़क पर बाहरी मात्रा में मलबा आने से सड़क बंद हो गई. जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई. जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. बताया जा रहा है कि ठेकेदारों द्वारा बिल्डिग निर्माण करते समय निकले मलबे को नियम विरूद्व सड़क किनारे जंगल की ओर डाल दिया गया. रविवार को हुई तेज बारिश के पानी से बहता हुआ मलबा सीधा मुख्य रोड पर आ गया. जिससे मुख्य सडक बंद हो गई.

पिछले साल भी इसी तरीके से बारिश होने के समय पर भारी मात्रा पर मलबा देहरादून मसूरी मार्ग के मुख्य सड़क पर आ गया था. जिस कारण मार्ग काफी समय तक बंद रहा. लोगों ने कहा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के लापरवाही के कारण ही ठेकेदार बड़ी आसानी से मलबा सड़क किनारे जंगल में डाल देते हैं. जिसका खामियाजा लोगों को बारिश के मौसम में भुगतना पड़ता है. उन्होंने बताया मसूरी की ज्यादातर प्राकृतिक नाले मलबे से पटे हुए हैं. अगर नालो को समय रहते नहीं खोला गया तो आने वाले बरसात के सीजन में इससे भारी नुकसान होगा.

## डीएसए मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन आज, हनुमान चालीसा का भी होगा पाठ

**नैनीताल, एजेंसी।**
विश्व हिंदू परिषद ने बालिका के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में नैनीताल के विभिन्न संगठनों के साथ बैठक की। तय किया कि परिषद की ओर से मंगलवार को डीएसए मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा।

रविवार को विहिप के जिला सहमंत्री विवेक वर्मा ने बताया कि मां नयना देवी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ होगा। इससे पूर्व घर-घर जाकर लोगों से इसमें शामिल होने का आग्रह किया जाएगा। वर्मा ने आरोपी को फांसी देने की मांग की। साथ ही उसके भवनों और दुकानों की जांच कर ध्वस्त करने की मांग रखी।

प्रदर्शनकारियों पर गाली-गलौज और मारपीट करने के आरोपों पर उन्होंने कहा, वे वह प्रदर्शनकारी नहीं थे, आक्रोश व्यक्त करने वाले नागरिक थे।




तोड़फोड़ के लिए लोगों को उकसाया गया था और उनके पास इससे जुड़े वीडियो भी हैं। उकसाने के बाद ही जनता और अधिक आक्रोशित हो गई। कहा कि इसकी जांच के लिए वे अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देंगे।

इस मौके पर विहिप के जिला मंत्री दीपक मेहता, विवेक वर्मा, कुणाल वेदी, चंदन नयाल, विकास जोशी, मनोज, नितिन कार्की, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, कविता गंगोला, प्रेमा अधिकारी, मीरा बिष्ट, पंकज भट्ट, भूपेंद्र कोरंगा, विवेक गुप्ता, देवेंद्र ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## ठगी करने के आरोप में सात अंतरराज्यीय महिला टप्पेबाज गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
लक्ष्मणझूला क्षेत्र में एक महिला पर्यटक के साथ ठगी करने के आरोप में सात अंतरराज्यीय महिला टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी एक ही परिवार की हैं। उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। थाना लक्ष्मणझूला पुलिस ने बताया कि पश्चिम बंगाल निवासी अंशुमाला बंसल ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह तीन मई को परमार्थ निकेतन आश्रम में घूमने आई थीं। गीता आश्रम के पास उन्हें छह से सात महिलाएं मिलीं और अपनी बातों में उलझाने लगीं। इस दौरान मौका पाकर कीमती बैग चोरी कर लिया। बैग में डेबिट कार्ड, करीब ढाई हजार रुपये की नकदी और अन्य आवश्यक सामान रखा हुआ था। शिकायत पर थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल के नेतृत्व में गठित फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने घटनास्थल के पास सघन जांच अभियान चलाया। रविवार को सुबह लक्ष्मणझूला क्षेत्र स्थित नाग बाबा तिराहा जाने वाले रास्ते पर सात महिला टप्पेबाजों के गिरोह को पकड़ा गया। आरोपियों की पहचान फरीदपुरी दिल्ली निवासी नैना, प्रिया, प्रीति, साक्षी, कोमल, सोनिया और शारदा के रूप में की गई है। पूछताछ में टप्पेबाज गिरोह की महिला सदस्यों ने बताया कि चारधाम यात्रा और मेले में वे गैंग बनाकर आती हैं।

## नैनीताल की घटना ने अवैध मकानों की पोल भी खुलवा दी, जिले में मिले मानचित्र और बैनाम वाले इतने भवन

**नैनीताल, एजेंसी।**
नैनीताल के घटना के बाद बिना सत्यापन कराए यहां रहने वाले लोगों का पता लगाने के लिए जांच शुरू हुई तो और भी कई मामले खुल गए। हल्द्वानी, नैनीताल और भवाली क्षेत्र में सौ गज से कम जमीन के बैनामों की दो दिन हुई पड़ताल में 173 ऐसे मकान पाए गए।

नैनीताल के घटना के बाद बिना सत्यापन कराए यहां रहने वाले लोगों का पता लगाने के लिए जांच शुरू हुई तो और भी कई मामले खुल गए। हल्द्वानी, नैनीताल और भवाली क्षेत्र में सौ गज से कम जमीन के बैनामों की दो दिन हुई पड़ताल में 173 ऐसे मकान पाए गए, जिन्हें बिना नक्शा पास कराए बना लिया गया। इनमें से कई के तो जमीन के कागज भी नहीं हैं।

पहले दिन जांच में 86 प्लॉट पर निर्माण में अनियमितता मिली। रविवार को हल्द्वानी के गौलापार में 16 लोगों के पास बैनामा के कागज नहीं मिले। गौजाजाली में भी 13 भवन स्वामियों पर जमीन के कागज नहीं मिले ओर 11 मकान नियमों के खिलाफ बनाए जाना पाया गया। नैनीताल बूचड़खाने में 29 तथा भवाली में 18 मकान बिना नक्शा के मिले। इन सभी के खिलाफ उत्तराखंड नगर एवं ग्राम नियोजन व विकास अधिनियम तथा उत्तराखंड भवन उप विधि के तहत कार्रवाई तय है।



सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी के नेतृत्व में टीम ने हल्द्वानी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम देवला तल्ला पंजाया, गौलापार में 100 वर्ग गज से कम क्षेत्रफल के 16 प्लॉटों की रजिस्ट्री की जांच की। 10 प्लॉटों के रजिस्ट्री बैनामा की प्रति संबंधित व्यक्तियों के द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई। छह लोगों ने बताया कि उन्होंने स्टांप में भूमि क्रय की थी, जिसे मौके पर दिखाया नहीं गया। साथ ही किसी प्रकार का भवन मानचित्र स्वीकृति की प्रति भी उपलब्ध नहीं कराई गई। दूसरी टीम ने ग्राम गौजाजाली उत्तर बरेली रोड हल्द्वानी में 100 वर्ग गज से कम क्षेत्रफल के 20 प्लाटों का सत्यापन किया। वहां 11 व्यक्तियों द्वारा मानचित्र की स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई थी, तथा अन्य नौ व्यक्तियों द्वारा मानचित्र स्वीकृति का उल्लंघन कर मार्गाधिकार एवं सैट बैक में निर्माण का कार्य किया गया। तीसरी टीम ने पूछड़ी रामनगर में 20 प्लॉटों का सत्यापन किया। सात व्यक्तियों ने प्लॉटों की रजिस्ट्री व बैनामा दिखाया, मगर 13 रजिस्ट्री व बैनामा नहीं दिखा सके। ये सभी मानचित्र भी नहीं दिखा पाए। चौथी टीम में सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल के नेतृत्व में नैनीताल, भवाली में चलाए गए अभियान में नैनीताल बूचड़ खाने में 29 तथा भवाली में 18 सत्यापन कराए गए। सभी के द्वारा किसी भी प्रकार का भवन नक्शा उपलब्ध नहीं कराया गया। दरअसल, नैनीताल की घटना के आरोपी उस्मान का मकान गिराने के लिए नगर पालिका ने साथ में कई और मकानों पर भी नोटिस लगा दिए थे। मामला कोर्ट में पहुंचा तो फटकार लगी। इसके बाद प्रशासन सचेत हो गया है।

# वोट बैंक के लिए वक्फ संशोधन कानून का विरोध कर रही है कांग्रेस : यादव

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली,। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कांग्रेस पर वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के बारे में अफवाह फैलाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि मुस्लिम समूहों और लोगों के पास वक्फ करने, उसका प्रबंधन करने और उसे विनियमित करने के अधिकार बरकरार रहेंगे। दिल्ली भाजपा कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक न्याय, आर्थिक विकास, पारदर्शिता और लैंगिक समानता के क्षेत्र में कई सुधार किए हैं। उन्होंने कहा, हाल में संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 इस प्रगतिशील यात्रा का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यादव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अफवाह फैला रही है कि इस कानून के कारण मुसलमानों के अधिकार समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कानून में पहली बार संशोधन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ मामलों में पारदर्शिता और प्रबंधन जैसे कुछ मुद्दों पर 2013 में किए गए पिछले संशोधन में ध्यान नहीं दिया गया था, जिनका अब वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 में ध्यान रखा गया है। यादव ने कहा, मुस्लिम समूहों और व्यक्तियों द्वारा वक्फ करने, प्रबंधित करने और विनियमित करने के अधिकार नवीनतम संशोधन के बाद भी बरकरार रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने वक्फ विधेयक पर सभी विचारों को शामिल करने के लिए इस विषय को संयुक्त संसदीय समिति को भेजा था और वक्फ अधिनियम में नवीनतम संशोधनों पर विस्तार से चर्चा और विचार-विमर्श किया गया। यादव ने कहा कि कांग्रेस के नेता वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के बारे में अफवाह फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनसे पूछा जाना चाहिए कि अगर वक्फ कानून इतना ही पवित्र था, तो उनकी पार्टी की सरकारों ने 1956 से अब तक आठ बार इसमें संशोधन क्यों किया। बाद में आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में मुस्लिम बुद्धिजीवियों की एक सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस से पूछा जाना चाहिए कि उन्होंने वक्फ संपत्तियों के रिकॉर्ड को 2008 में रहमान समिति की सिफारिश के अनुसार कंप्यूटरीकृत क्यों नहीं किया और विवादों को निपटाने के लिए कोई न्यायिक प्रणाली क्यों नहीं विकसित की। यादव ने कहा, उनसे पूछा जाना चाहिए कि उन्होंने पसमांदा लोगों और मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों के बारे में और प्रगतिशील मुस्लिम समाज के काम को रोकने के लिए पार्टी द्वारा किए गए पाप के बारे में बात क्यों नहीं की, ताकि इसे वोट बैंक के रूप में कायम रखा जा सके। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम 2013 के बाद एक दशक के भीतर वक्फ संपत्तियों की संख्या दोगुनी हो गई। उन्होंने कहा कि 100 प्रतिशत की यह वृद्धि किसी की समझ से परे है और इसने वक्फ संपत्तियों के सही प्रबंधन की चर्चा को जन्म दिया है। यादव ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री (अमित शाह) ने कहा है कि वक्फ का मुतवल्ली (देखभालकर्ता) केवल एक मुसलमान होगा और वे ही इसका प्रबंधन करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर रही है या संविधान द्वारा दी गई धार्मिक स्वतंत्रता के साथ छेड़छाड़ नहीं कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने वक्फ संपत्तियों से संबंधित विवादों को निपटाने के लिए न्यायाधिकरण की एक बेहतर प्रणाली लाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, लेकिन कांग्रेस चाहती है कि वक्फ से संबंधित विवाद चलते रहें और उन्हें वोट मिलते रहें। अगर लोग अपने विवादों को सुलझाने में सफल हो गए तो कांग्रेस के वोट कम हो जाएंगे। यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार का एकमात्र उद्देश्य मुकदमों को कम करना है।

# दिल्ली में जलभराव से निपटने के लिए एकीकृत कमांड सेंटर का प्लान तैयार : प्रवेश वर्मा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा ने राष्ट्रीय राजधानी में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एक एकीकृत कमांड सेंटर स्थापित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र, दिल्ली सरकार और नगर निगम, तीनों एक ही पार्टी के नेतृत्व में हैं, जिससे समन्वय में आसानी होगी और आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति नहीं बनेगी। इस पहल का उद्देश्य दिल्लीवासियों को जलभराव की शिकायतों के लिए एकल संपर्क नंबर प्रदान करना और सभी संबंधित विभागों को एक साथ लाना है। प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली के लिए हमारा विजन यह है कि तीनों सरकारें एक ही पार्टी की हैं, इसलिए उनके बीच समन्वय बहुत अच्छा है। अभी, कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं है। चार दिन पहले हमने जो आंधी-तूफान देखा, उसमें हमने देखा कि हर विभाग का अपना शिकायत केंद्र है, जहां कॉल आती है। हम एक एकीकृत प्रणाली बनाने के लिए काम कर रहे हैं। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) की स्मार्ट सिटी बिल्डिंग में पहले से मौजूद कमांड सेंटर का उपयोग इस एकीकृत व्यवस्था के लिए किया जाएगा। इस सेंटर में एनडीएमसी, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), बाढ़ नियंत्रण विभाग और जल बोर्ड के कार्यों को समन्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा, ह्नहम दिल्लीवासियों को जलभराव की शिकायतों के लिए एक नंबर देंगे, जिसके जरिए कॉल संबंधित विभाग को डायवर्ट की जाएगी। मुख्यमंत्री स्थिति की निगरानी और निर्देश देने के लिए इस सेंटर का उपयोग कर सकती हैं ह्व उन्होंने आगे बताया कि इसके अलावा, पूरी दिल्ली से सीसीटीवी फुटेज को इस सेंटर में एकत्रित किया जाएगा ताकि स्थिति पर त्वरित नजर रखी जा सके। पंप स्टेशनों को स्वचालित करने की दिशा में भी काम चल रहा है। इसके लिए मौजूदा 311 हेल्पलाइन का उपयोग किया जा सकता है। अगले दो-तीन दिनों में सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक होगी, जिसमें एजेंसियों को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। योजना के तहत सर्वर को अपग्रेड करना, सभी विभागों से डेटा फीड एकत्र करना और संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाना शामिल है। मानसून से पहले इन सभी कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य है ताकि दिल्ली में जलभराव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि यह एकीकृत व्यवस्था दिल्लीवासियों को मानसून के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत दिलाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### हार्ट रोगी गर्मी में बढ़ते सावधानी : डॉ. आर.एन कालरा

नई दिल्ली,। जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ रहा है वैसे-वैसे उल्टी-दस्त के साथ हार्ट रोग के मामले में भी हो रहा है। यह जानकारी कालरा अस्पताल के प्रमुख वी हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ आर एन कालरा ने दी। उन्होंने बताया की यह मौसम कई प्रकार से स्वास्थ्य के लिए सचेत करने वाला है। इसलिए स्वास्थ्य के लिये सावधानी बहुत जरूरी होती है। उन्होंने बताया कि इस साल गर्मी में हार्ट रोगियों को अपने बी पी व शुगर को कंट्रोल करना होगा, जिन लोगों को उच्च रक्तचाप की शिकायत है व मोटापा से पीड़ित हैं वह नमक का सेवन कम से कम करें और तालीय पदार्थ का भी सेवन कम करें। नियमित रूप से 40 मिनट का व्यायाम हर रोज करें। डॉ आर एन कालरा ने कहा कि सावधानी भी अपने आप में बहुत बड़ा इलाज है, इसलिए इस गर्मी में अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें और समय-समय पर स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहें। डॉ कालरा ने कहा कि जिन लोगों को कोलेस्ट्रॉल की शिकायत है और बीपी की भी शिकायत है वे सीने के दर्द को नजअंदाज ना करें क्योंकि यह हार्ट रोग के लक्षण हो सकते हैं।


### अहाना शर्मा नें बढ़ाया मौजपुर का गौरव : अनिल वशिष्ठ

नई दिल्ली,। ऐशियन बाक्सिगं जूनियर चैम्पियनशिप में भारत की बेटी कु. अहाना शर्मा ने गोल्ड मेडल जीतकर परिवार सहित सभी मौजपुर वासियों का गौरव बढ़ाया है पूर्व चेयरमैन दि न नि भाजपा प्रत्याशी बाबरपुर विधानसभा क्षेत्र अनिल वशिष्ठ ने बोक्सर बिटिया कु अहाना शर्मा को फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी और भविष्य में और अधिक प्रतियोगिताओं में जीतने का शुभ आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जौगेंद्र शर्मा, प्रमोद विधूरी, अधिवक्ता राकेश शर्मा, ब्राह्मण नेता अजय शर्मा, भाजपा नेता आशीष चौधरी, विनोद शर्मा, नवीन शर्मा, श्याम तोमर एंव विवेक शर्मा भी उपस्थित थे। इससे पहले उनका दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर ढोल नगाड़े बजाकर फूलमालाओ से स्वागत किया गया तथा जलूस के रूप में उनके निवास स्थान तक लाया गया।

### एनडीएमसी ने दिल्ली में शुरू किया 20 दिवसीय स्वच्छता अभियान

नई दिल्ली,। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने राष्ट्रीय राजधानी के सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा बनाने के वास्ते सोमवार को 20 दिवसीय मेगा स्वच्छता अभियान शुरू किया। एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने मंडी हाउस सर्किल और बंगाली मार्केट के बीच सफदर हाशमी मार्ग से इस अभियान की शुरूआत की। चंद्रा ने कहा, प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी हैह्नहम सभी इससे परिचित हैं। हाल ही में उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दिल्ली को एक बार फिर से सुंदर बनाने और शहर के हर कोने को चमकाने का आह्वान किया था। हमने 20 दिवसीय अभियान शुरू किया है, जिसमें एनडीएमसी के सभी अधिकारी सहित कर्मचारी प्रतिदिन एक घंटा श्रमदान करेंगे। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा, हमारा एक ही लक्ष्य है कि एनडीएमसी स्वच्छ रहे। एनडीएमसी के करीब 9,000 कर्मचारी आज श्रमदान कर रहे हैं। हम सभी को स्वच्छता के लिए काम करना चाहिए। एनडीएमसी की यह पहल पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा घोषित व्यापक शहरव्यापी स्वच्छता अभियान का हिस्सा है। तीन मई से शुरू हुए 20 दिवसीय अभियान का उद्देश्य दिल्ली के सार्वजनिक स्थलों में स्पष्ट बदलाव लाना है। अभियान के बाद राज निवास में उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना की अध्यक्षता में एक बैठक हुई,

# दिल्ली के तैमूर नगर में चला बुलडोजर, नाले के किनारे बने अवैध निर्माण ध्वस्त




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के तैमूर नगर इलाके में सोमवार को डीडीए ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नाले के किनारे बने अवैध निमार्णों को गिराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। यह कार्रवाई दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश पर की जा रही है, जिसमें नाले के पुनरुद्धार में बाधा बन रहे लगभग 100 से अधिक अवैध ढांचों को हटाया जाना है। डीडीए की टीम ने भारी पुलिस बल और पैरामिलिट्री बल की मौजूदगी में बुलडोजर कार्रवाई शुरू की। संबंधित लोगों को पहले ही नोटिस देकर घर खाली करने को कहा गया था। कई लोगों ने स्वयं ही ढांचे खाली कर दिए थे। उल्लेखनीय है कि जिस क्षेत्र में यह कार्रवाई हो रही है, वहां पहले भी अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ तीन बार अभियान चलाया जा चुका है। डीडीए अधिकारियों के अनुसार, नाले की एक तरफ अवैध निर्माण गिराने के बाद वहां दीवार बनाई जाएगी, ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न हो सके। साथ ही, दिल्ली जल बोर्ड की पाइपलाइनों को सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने डीडीए को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि मलबा नाले में न गिरे और पूरी कार्रवाई मानसून पूर्व पूर्ण की जाए ताकि जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। अदालत मानसून के दौरान जलभराव और ट्रैफिक जाम को लेकर स्वतः संज्ञान वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यह आदेश पारित किया गया।

# आयुष्मान वय वन्दना योजना लोकप्रिय होती जा रही है दिल्ली में : दर्शन सिंह

## दो लाख से अधिक लोग बनवा चुके हैं कार्ड

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली,। राजधानी दिल्ली में आयुष्मान वय वन्दना योजना लगातार लोकप्रिय होती जा रही है। लोग जहां इस योजना का लाभ लेने के लिए उत्सुक है वहीं सरकार भी लोगो को इस योजना से जोड़ने के लिए तमाम उपाय करती जा रही है। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी नवीन शाहदरा जिले के पूर्व उपाध्यक्ष दर्शन सिंह का। दर्शन सिंह कहते हैं दिल्ली सरकार की ओर से दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में लोगो की सहूलियत के लिए कार्ड बनाने के दिल्ली सरकार नें मोबाईल वैन की व्यवस्था कर दी है वहीं दिल्ली में बुजुर्ग चाहें तो आयुष्मान वय वंदना कार्ड को खुद भी बना सकते हैं। सरकार की ओर से इसकी ओर से मोबाइल एप भी लॉन्च किया जा चुका है। आप पोर्टल या मोबाइल एप के जरिए बहुत ही आसानी से इस कार्ड को बनाया जा सकता है। आपके पास बस आधार कार्ड होना चाहिए, जिसमें दिल्ली का पता और उम्र 70 के पार हो। यह कार्ड कैसे बनेगा, इसकी जानकारी आप आयुष्मान वय वंदना कार्ड पर क्लिक करके पा सकते हैं। दर्शन सिंह कहते हैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को आर.के. पुरम विधानसभा क्षेत्र से आयुष्मान पंजीकरण वैन को लॉन्च किया। इस अभियान के तहत दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में 70 दिनों तक बुजुर्गों को रजिस्ट्रेशन में मदद की जाएगी। इसके लिए 70 मोबाइल वैन को तैनात किया गया है। योजना की लॉन्चिंग के मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, ह्ववय वंदना योजना के अंतर्गत सभी 70+ बुजुर्गों के लिए इस योजना को शुरू किया गया है। रजिस्ट्रेशन में उनकी मदद के लिए सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में 70 मोबाइल वाहन तैनात किए जा रहे हैं। ह्व उन्होंने बताया कि दिल्ली में ये मोबाइल वैन जगह-जगह रहेंगी और तुरंत रजिस्ट्रेशन कर बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड दिलाने में मदद करेगी। दर्शन सिंह कहते हैं आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत दिल्ली में 5 लाख के साथ 5 लाख रुपये का मेडिकल कवर अलग से दिया जा रहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री ने आयुषमान वय वंदना कार्ड बांटकर इस योजना की शुरूआत कर दी है। इस योजना पर आने वाले खर्च का वहन राज्य सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर करेगी। इस योजना की खास बात यह है कि इसके लिए सिर्फ एक शर्त है कि आवेदक की उम्र 70 साल या उससे ज्यादा होनी चाहिए। भले ही वह अमीर हो या गरीब, इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

# हॉर्न बजाने से मना किया तो चालक ने सिक्योरिटी गार्ड पर चढ़ा दी गाड़ी, 6 घंटे के भीतर पकड़ा गया आरोपी



नई दिल्ली,। साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के वसंत कुंज साउथ इलाके में महज हॉर्न बजाने से मना करने पर थार कार के ड्राइवर ने एक युवक को कुचल दिया। पूरी घटना सड़क पर लगे सीसीटीवी में कैद हुई है। पीड़ित राजीव कुमार के दोनों पैरों की 10 से ज्यादा जगहों पर हड्डी टूट गई। मामले की सूचना मिलने पर वसंत कुंज साउथ थाने के इंस्पेक्टर अरविंद प्रताप सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर 6 घंटे के भीतर आरोपी थार ड्राइवर को गिरफ्तार किया। आरोपी ड्राइवर की पहचान रंगपुरी निवासी विजय उर्फ लाला (24) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित राजीव कुमार परिवार के साथ महिपालपुर में रहते हैं। मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। वह एयरपोर्ट में टर्मिनल-3 में गार्ड की नौकरी करते हैं। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शनिवार रात 10 बजे से रविवार सुबह तक उनकी ड्यूटी टर्मिनल-3 के पास थी। सुबह ड्यूटी खत्म होने के बाद वह कैब से महिपालपुर चौक के पास उतरे। यहां से वह पैदल घर की ओर जा रहे थे। पीड़ित के अनुसार, वह महिपालपुर रेड लाइट के पास पहुंचे ही थे। तभी पीछे से थार कार में सवार युवक ने जोर-जोर से हॉर्न दिया। हॉर्न देने से मना करने पर आरोपी युवक ने पीड़ित के हाथ से सिक्योरिटी बैटन मांगा। मना करने पर आरोपी ने धमकी दी कि वह उसके ऊपर गाड़ी चढ़ा देगा। पीड़ित ने जैसे ही रोड क्रॉस किया, आरोपी ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पीड़ित नीचे गिर गए और चिल्लाने लगे। उसके बाद आरोपी ने कार दोबारा बैक की और पीड़ित के ऊपर चढ़ा दी। घटना में पीड़ित के दोनों पैर टूट गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों पैरों में 10 से ज्यादा जगह हड्डी टूटी है और पीड़ित सिक्योरिटी गार्ड का इलाज दिल्ली के पंजाबी बाग स्थित एएसआई अस्पताल में चल रहा है।

# आतंकवादियों को सरकार ऐसा जवाब देगी कि उनकी आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी: कुलजीत चहल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ हमेशा कड़ा जवाब देती है और पाकिस्तान को इस बार भी करारा जवाब दिया जाएगा। देश के लोग जो चाहते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुश्मनों को उसी भाषा में जवाब देंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इस बयान पर कुलजीत चहल ने कहा कि पाकिस्तान ने जो गलती की है, उसकी कीमत उसे चुकानी पड़ेगी। एक बड़ा कदम उठाया जाएगा, जिसे देश और दुनिया देखेगी। और जो आतंकवादी हैं या आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें ऐसा जवाब मिलेगा कि उनकी आने वाली पीढ़ियां भी इसे याद रखेंगी। रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जैसा आप चाहते हैं, वैसा होकर रहेगा। देश के लोग जो चाहते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुश्मनों को उसी भाषा में जवाब देंगे। वक्फ कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के संबंध में कुलजीत चहल ने कहा कि कैबिनेट ने इसे पास कर सराहनीय काम किया है। इसे देश में पहले ही पास कर देना चाहिए था। यूपी कांग्रेस चीफ अजय राय के राफेल पर दिए बयान पर कुलजीत चहल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और आम आदमी पार्टी के नेताओं के बयानों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। दूसरी ओर, सोमवार को एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने हनुमान मंदिर में स्वच्छ एनडीएमसी अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के स्वच्छ भारत और स्वच्छ दिल्ली के मिशन को आगे बढ़ाना है। इसी प्रतिबद्धता के साथ आज स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई है। एनडीएमसी में करीब 9, 750 कर्मचारी हैं और हम सभी का मानना है कि सभी को श्रमदान के जरिए योगदान देना चाहिए और स्वच्छता में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। सभी को जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक महीने तक जारी रहेगा, जिसका लक्ष्य पीएम मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के तहत क्षेत्र को पूरी तरह से साफ करना है।

# सफलता की नींव, मूल्य का संप्रेषण: कैसे ग्रेट वैल्यू रियल्टी भारतीय रियल एस्टेट को नया आकार दे रही है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, ग्रेट वैल्यू रियल्टी, एक प्रमुख दिल्ली-बेस्ड रियल एस्टेट कंपनी, पिछले कुछ वर्षों में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी है। कंपनी ने बीते तीन वर्षों में अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (अवट) में 200% की बढ़ोतरी दर्ज की है, जो इसके बेहतर प्रबंधन और रणनीतिक निवेश की ओर इशारा करता है। ग्रेट वैल्यू रियल्टी की परियोजनाओं में घर खरीदने वाले लोगों को निवेश पर अच्छा लाभ मिला है, कई मामलों में संपत्ति की कीमत चार गुना तक बढ़ी है। कंपनी ने अपने सभी प्रोजेक्ट्स के लिए ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट (डउ) भी हासिल किए हैं, जो सरकारी नियमों के पालन और खरीदारों के विश्वास को मजबूत करता है। कंपनी सिर्फ इमारतें नहीं बनाती, बल्कि वह निवासियों के बीच आपसी संबंधों को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक कार्यक्रम भी आयोजित करती है, जिससे एक बेहतर और जुड़ा हुआ माहौल बनता है। ग्रेट वैल्यू रियल्टी की प्रमुख उपलब्धियों में नोएडा सेक्टर 107 में शरणम और आनंदम जैसे आवासीय प्रोजेक्ट, वसंत कुंज में झारखंड भवन और अलीगढ़ में ग्रेट वैल्यू मॉल शामिल हैं। इसके अलावा, कंपनी ने क्षेत्र में सैमसंग के लिए सबसे बड़ा सिंगल शेड भी तैयार किया है, जो इसकी निर्माण क्षमता और काम को अंजाम देने की कुशलता को दशार्ता है। आने वाले वर्षों में कंपनी दिल्ली-एनसीआर में पांच प्रीमियम आवासीय प्रोजेक्ट्स शुरू करने की योजना पर काम कर रही है। इसके साथ ही व्यापारिक और वेयरहाउसिंग प्रोजेक्ट्स, खासकर लग्जरी सेगमेंट में, स्मार्ट सुविधाओं के साथ लॉन्च किए जाएंगे। ग्रेट वैल्यू रियल्टी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज अग्रवाल ने कहा, ह्नहमारा उद्देश्य सिर्फ निर्माण करना नहीं, बल्कि ऐसी परियोजनाएं तैयार करना है जो निवेशकों, खरीदारों और समुदायों के लिए दीर्घकालिक लाभ लेकर आएं। हम गुणवत्ता, नवाचार और समय पर डिलीवरी को प्राथमिकता देते हैं। आर्थिक मजबूती, ग्राहक संतुष्टि और भविष्य की योजनाओं के साथ ग्रेट वैल्यू रियल्टी खुद को एक भरोसेमंद रियल एस्टेट कंपनी के रूप में स्थापित कर रही है। यह कंपनी शहरी विकास में योगदान देने के साथ-साथ निवेश के नए अवसर भी प्रदान कर रही है।

# पानी के अभाव में किसी पक्षी की जान ना जाए : श्याम सुन्दर अग्रवाल

## सभी अपनी छतों पर बर्तन में पानी भरकर रखें



नई दिल्ली,। बढ़ती गर्मी को देखते हुए फेमीकोर सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने पक्षियों के पीने के पानी की चिंता करते हुए गीता कॉलोनी पुश्ते के पास 500 मिट्टी के बर्तन वितरित किए। कार्यक्रम से पूर्व फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल का पटका पहनाकर स्वागत किया। श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा, पीने के पानी के अभाव में प्रतिदिन बड़ी संख्या में पक्षी दम तोड़ देते है उनकी जान बचाने के लिए हमे अपनी अपनी छत पर प्रतिदिन बर्तन में पानी रखना चाहिए। फैमिकोर सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने पक्षियों की जान बचाने के लिए फाउंडेशन ने अच्छी सोच के साथ पहल की है कि पानी के अभाव में किसी भी पक्षी की जान नहीं जानी चाहिए इसके लिए मै फाउंडेशन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं इस कार्यक्रम को देखकर इस मुहिम से समस्त दिल्ली में बड़ी संख्या में लोग जुड़ेंगे जिससे सभी पक्षियों को पानी उपलब्ध हो जाएगा। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला मंत्री कंचन शर्मा, राजकुमार राही, कामना कमल, नेहा अग्रवाल, अल्का जैन, सुनील अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, मोंटू अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, संजय बंसल, मुकेश अग्रवाल राजीव अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, विनोद राजपूत, अनीता अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, संजय शर्मा ने बर्तन वितरण में सहयोग किया।

# सफाई कर्मियों का शोषण करना शुरू किया दिल्ली की भाजपा सरकार ने : वीर सिंह धिंगान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी का समय प्रातः 7 बजे से बदल कर सुबह 5 बजे करने सम्बन्धी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आदेशों की आप विधायक वीर सिंह धिंगान ने कड़े शब्दों मे निंदा की है। धिंगान ने मुख्यमंत्री को दलित विरोधी करार देते हुए कहा है कि जब जब निगम में भाजपा का शासन हुआ है, उस दौर में सफाई कर्मचारियों सहित अन्य गरीब कर्मचारियों का जमकर शोषण किया गया है। धिंगान ने कहा है कि पूर्व में निगम में भाजपा शासन के दौरान कर्मचारियों को कई 2 माह तक वेतन नहीं दिया जाता था। और अब निगम में भाजपा के आने पर 25-25/30-30 वर्ष से लगे कर्मचारी जो नियमित किये जा रहे थे उनके नियमितीकरण के मामले में रुकावट डाली जा रही है। धिंगान ने कहा कि सैकड़ों वर्ष पहले जो दलितों का शोषण व अत्याचार किये जाते थे, मुख्यमंत्री के सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी के सुबह 5 बजे के आदेश उसी गुलामी की ओर ले जाने की साजिश का हिस्सा है। धिंगान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, तथा महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुप्ता को पत्र लिखकर कर निगम में सफाई कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगाकर उनकी ड्यूटी पूर्व भांति प्रातः 7 बजे से कराने की मांग की है। धिंगान ने कहा कि यदि सफाई कर्मचारियों का ड्यूटी समय नहीं बदला गया, और बकाया सफाई कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया तो निगम के सफाई व अन्य कर्मचारी भाजपा शासन व सरकार के विरुद्ध आन्दोलन शुरू कर देगें।

# दिल्ली में हिट-एंड-रन मामले में हत्या के प्रयास के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

नई दिल्ली,। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में महिपालपुर फ्लाईओवर के पास अपनी एसयूवी से कुचलकर एक सुरक्षा गार्ड की हत्या करने के प्रयास के आरोप में 24-वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान रंगपुरी निवासी विजय उर्फ लाले के रूप में हुई है और अपराध में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई एसयूवी को जब्त कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार शाम को उस वक्त हुई, जब सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करने वाले पीड़ित राजीव कुमार को वाहन चालक ने जानबूझकर टक्कर मार दी। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) सुरेन्द्र चौधरी ने एक बयान में कहा, उसे (गार्ड को) कई चोटं.आईं तथा उसके पैरों और टखनों में फ्रैक्चर हो गया। घटना के बाद वसंत कुंज दक्षिण पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करके जांच शुरू की गई। पुलिस की टीम ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिससे उन्हें अपराधी के वाहन के पंजीकरण संख्या का पता लगाने में मदद मिली।

# महिला महा जनसुनवाई की शुरूआत, अगले पांच दिनों में 1100 से अधिक मामलों का होगा समाधान

नई दिल्ली,। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने सोमवार से महिला महा जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरूआत की। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में करीब 1100 मामलों को सुलझाया जाएगा। महिला महा जनसुनवाई के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने महिलाओं की शिकायतें सुनीं तथा समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। उद्घाटन के अवसर पर विजया रहाटकर ने महिला न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि आयोग का लक्ष्य वर्ष के अंत तक शिकायतों के समाधान में लंबित मामलों को समाप्त करना है। अगले 5 दिनों में एनसीडब्ल्यू प्रतिदिन 250-300 मामलों की सुनवाई करेगा यानी दिल्ली के करीब 1100 समस्या का समाधान किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य माध्यम से हम विभिन्न स्थानों पर जाकर उनकी समस्याओं की ह्वजन सुनवाईह्न करते रहे हैं। रहाटकर ने जागृति नामक पाक्षिक पत्रिका का शुभारंभ किया, जिसमें महिला-केंद्रित कहानियां, कानूनी अपडेट और प्रमुख घटनाक्रम शामिल हैं। हर 15 दिन में प्रकाशित होने वाली जागृति ऑनलाइन 10,000 पाठकों तक पहुंचेगी और एनसीडब्ल्यू की वेबसाइट पर डिजिटल रूप में उपलब्ध होगी। इस पत्रिका में महिलाओं की विभिन्न उपलब्धियों, महिलाओं से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के आदेश, उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्य, सरकार द्वारा शुरू की गई नई पहल आदि को प्रमुख स्थान दिया जाएगा।


उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

टेंडर नोटिस सं. 82251487/Med/Part-1 दिनांक 03.05.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82251487 | (AMI No. 21.01) एफिल्बरसेप्ट 2 मिलीग्राम प्रति 0.5 एमएल शीशी | 170 | 26.05.2025 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

1318/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार, 06 मई, 2025

## दिल्ली महिला आयोग का होग जल्द गठन : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली में महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए आज महा जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। इसकी पहल राष्ट्रीय महिला आयोग ने की है। इसका उद्घाटन राज्य की सीएम रेखा गुप्ता ने किया है, जो कि एक वक्त खुद राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। यह महाजनसुनवाई 5 दिन तक चलने वाली है। इसके तहत सभी पेंडिंग मामलों पर क्विक एक्शन लिया जाएगा। इस महा जनसुनवाई को लेकर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि ये एक बहुत अच्छी शुरूआत है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली के सभी लंबित मामलों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यहां 5 दिवसीय शिविर का आयोजन किया है। महिला आयोग की पूरी टीम और महिला आयोग की हमारी राष्ट्रीय अध्यक्ष यहां मौजूद हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मेरा मानना है कि सभी दुखी और परेशान महिलाओं को न्याय मिलना चाहिए। सभी कार्रवाई तेजी से की जा रही है। हम इस बात का संज्ञान ले रहे हैं कि जल्द ही महिला आयोग का गठन किया जाए ताकि उनकी बेहतर सुनवाई हो सके। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली के 1500 लंबित मामलों की सुनवाई के लिए 5 दिन का शिविर लगाया है। दिल्ली सरकार इसमें अपनी पूरी भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम दिल्ली में महिला आयोग बनाने पर ध्यान दे रहे हैं जिससे महिलाओं की सुरक्षा और बेहतर हो सके। वहीं महाजनसुनवाई को लेकर सीएम कहा कि सरकार की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा मामलों की सुनवाई जल्द से जल्द की जाए और सभी महिलाओं को न्याय दिया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस महा जनसुनवाई में राष्ट्रीय महिला आयोग का पूरा सहयोग करेगी।

## आईबी अधिकारी की हत्या का मामलाः ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय ने पुलिस से जवाब मांग

नई दिल्ली, । दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की उस याचिका पर पुलिस से जवाब मांगा, जिसमें फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या से संबंधित एक मामले में नियमित जमानत की मांग की गई है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने हुसैन की याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया। न्यायाधीश ने कहा, नोटिस जारी करें। तीन सप्ताह में वस्तु स्थिति रिपोर्ट सौंपें। उन्होंने मामले की सुनवाई जुलाई में तय कर दी। अधिवक्ता तारा नरूला के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि हुसैन पहले ही पांच साल से अधिक का समय जेल में बिता चुके हैं और मुकदमे में तेजी लाने के लिए निचली अदालत के ह्वसर्वोत्तम प्रयासोंह्व के बावजूद, इसके पूरा होने में समय लग सकता है। याचिका में कहा गया है कि निचली अदालत ने 12 मार्च को उनकी जमानत याचिका को गलती से खारिज कर दिया था और कथित घटना में किसी भी तरह की संलिप्तता दिखाने के लिए कोई विश्वसनीय सबूत नहीं था। याचिका में दावा किया गया है, ह्ववर्तमान मामले में आवेदक के खिलाफ आरोप उकसाने वाले का है। पांच कथित चश्मदीद गवाहों में से तीन गवाहों ने आवेदक को दोषमुक्त कर दिया है और स्पष्ट रूप से कहा है कि उन्होंने उन्हें घटना के समय घटनास्थल पर नहीं देखा था। दो गवाह अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन करते हैं, उनके बयान आपस में विरोधाभासी हैं और उनकी गवाही में कोई विश्वास नहीं जगाते हैं और किसी भी तरह से उन्हें विश्वसनीय नहीं माना जा सकता है ह्व इसमें कहा गया है, पुलिस गवाहों की गवाही में भी काफी विरोधाभास हैं और आवेदक के खिलाफ विश्वसनीय सबूत के रूप में उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 26 फरवरी, 2020 को शिकायतकर्ता रविंदर कुमार ने दयालपुर पुलिस थाने के अधिकारियों को सूचित किया कि उनका बेटा अंकित शर्मा (जो खुफिया ब्यूरो में तैनात था) 25 फरवरी, 2020 से लापता है। बाद में उन्हें कुछ स्थानीय लोगों से पता चला कि एक व्यक्ति की हत्या करने के बाद उसे चांद बाग पुलिया स्थित मस्जिद से खजूरी खास नाले में फेंक दिया गया था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि शर्मा का शव खजूरी खास नाले से बरामद किया गया था और उसके शरीर पर चोटों के 51 निशान थे। हुसैन इस मामले में आरोपियों में से एक हैं। अभियोजन पक्ष के अनुसार, चार आरोपी व्यक्ति भी हिंसक भीड़ का हिस्सा थे, जो दंगा और आगजनी की घटनाओं में शामिल थी, जिसमें शर्मा की मौत हो गई। नागरिकता कानून समर्थकों और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसा के नियंत्रण से बाहर होने के बाद 24 फरवरी, 2020 को पूर्वोत्तर दिल्ली में सांप्रदायिक झड़पें हुईं, जिसमें कम से कम 53 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, दो घायल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । कश्मीरी गेट और सुभाष प्लेस इलाके में शनिवार देर रात हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने एक हादसे में आरोपी बाइक चालक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे में तलाश जारी है। पहला हादसा कश्मीरी गेट इलाके में हनुमान मंदिर के पास हुआ। शास्त्री पार्क निवासी ब्रिजलाल चचेरे भाई शमशेर के साथ कश्मीरी गेट स्थित दुकान में काम करता है। दोनों भाई शनिवार रात साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान निगम बोध घाट के पास तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से साइकिल में टक्कर मार दिया। हादसे में शमशेर की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक मोहिद को गिरफ्तार कर लिया। दूसरा हादसा सुभाष प्लेस के शकूरपुर इलाके में हुआ। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात पीतमपुरा से सुभाष प्लेस जाने वाली सड़क पर रेड लाइट के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक पवन पांडेय और रोहित घायल हो गए। घायलों को भगवान महावीर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पवन की मौत हो गई।

## रेलवे स्टेशनों पर कुली भी प्राथमिक उपचार दे सकेंगे

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर काम कर रहे कुली और आरपीएफ जवान भी अब लोगों को प्राथमिक उपचार दे सकेंगे। इसके लिए नई दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल, हजरत निजामुद्दीन, पुरानी दिल्ली और गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर उन्हें प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर देने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पांच दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्राथमिक उपचार के लिए सैकड़ों कुली और आरपीएफ जवान तैनात होंगे। दिल्ली डिवीजन के प्रवक्ता अजय माईकल ने बताया कि स्टेशन पर कई बार यात्रियों को चोट लगने या बेहोश होने की जानकारी मिलती है। ऐसे में उन्हें मदद पहुंचाने में कई बार समय लगता है। इसे ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर तैनात कुली, आरपीएफ जवान, सफाई कर्मचारी आदि को प्राथमिक उपचार के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसमें उन्हें बताया जा रहा है कि अगर कोई घायल होता है तो उसे किस तरह प्राथमिक उपचार देना है। अगर किसी का खून बह रहा हो तो उसे कैसे रोकना है। इसके साथ ही अगर कोई बेहोश हो गया हो तो उसे किसी प्रकार से सीपीआर देकर बचाया जा सकता है। दिल्ली के सभी बड़े स्टेशनों पर सोमवार को यह प्रशिक्षण दिया गया है। दिल्ली डीआरएम पुष्पेश रमण त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 360 सहायकों और 45 हाउसकीपिंग कर्मचारियों सहित कुल 602 कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

## एनडीएमसी ने मेगा स्वच्छता अभियान श्रमदान शुरू किया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आह्वान पर नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने सोमवार से एक मेगा स्वच्छता अभियान ह्वश्रमदानह्व शुरू किया। इस पहल के तहत एनडीएमसी के सभी कर्मचारी अपनी नियमित ड्यूटी शुरू करने से पहले स्वच्छता कार्य के लिए प्रतिदिन एक घंटा श्रमदान करेंगे। एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्र ने सफदर हाशमी मार्ग से इस श्रमदान स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। इसमें एनडीएमसी के सभी कर्मचारियों और आम लोगों ने भी हिस्सा लिया। इस अभियान के तहत एनडीएमसी के 14 स्वच्छता सर्किलों में हर दिन सुबह 8 से 9 बजे तक सफाई का काम होगा। इस मौके पर केशव चंद्र ने कहा कि यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि पूरे शहर को साफ-सुथरा बनाने का एक बड़ा प्रयास है। यह अभियान एक महीने तक चलेगा। इसमें एनडीएमसी अधिकारी और कर्मचारी प्रतिदिन एक घंटे श्रमदान करेंगे। एनडीएमसी अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। एनडीएमसी का लक्ष्य प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन के हिस्से के रूप में क्षेत्र को पूरी तरह से साफ करना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दिल्ली को एक बार फिर से सुंदर बनाने और शहर के हर कोने को सजाने का आह्वान किया था। चंद्र ने कहा कि इस अभियान में पार्कों, स्कूलों, सरकारी भवनों, अंडरपासों और पूजा स्थलों की सफाई शामिल है। इसमें पेड़ों की छंटाई, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को फिर से रंगना और फुटपाथों की मरम्मत भी शामिल है। एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने भी आज हनुमान मंदिर में स्वच्छ एनडीएमसी अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों और एक रोबोटिक मशीन के साथ परिसर की सफाई की गई। इसमें नौ हजार एनडीएमसी कर्मचारी भाग ले रहे हैं। कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि एनडीएमसी की पूरी टीम प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के दृष्टिकोण और मिशन के साथ काम कर रही है। हम कनॉट प्लेस के प्राचीन हनुमान मंदिर से एक नया स्वच्छता अभियान शुरू कर रहे हैं। हमें गर्व है कि एनडीएमसी क्षेत्र सबसे स्वच्छ और हरित बना हुआ है।

## कुटुंब से जुड़ी करुणाः वरिष्ठ नागरिकों की सेवा में शाहदरा पुलिस का अनुकरणीय अभियान

### डीसीपी प्रशांत गौतम के नेतृत्व में संवेदनशीलता, सुरक्षा और स्नेह का संगम

प्रात : किरण : मनोज जैन



शाहदरा जिले की पुलिस इन दिनों एक ऐसी सेवा के लिए चर्चा में है, जो वर्दी के भीतर छिपे मानवीय हृदय को सामने लाती है। डीसीपी प्रशांत गौतम के कुशल नेतृत्व और स्पष्ट दिशा-निर्देशों के तहत वरिष्ठ नागरिकों की सेवा में जो अभियान चलाया जा रहा है, वह केवल कानून-व्यवस्था नहीं बल्कि करुणा, आत्मीयता और दायित्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है। थाना कृष्णा नगर की दो महिला कांस्टेबल–सुदेश और रूबी–इस कार्य की जीवंत मिसाल बन चुकी हैं। ये दोनों नारीशक्ति की वह छवि हैं, जो संवेदनशीलता और सेवा के भाव को साथ लेकर चलती हैं। ये न सिर्फ वरिष्ठ नागरिकों के घर नियमित रूप से जाती हैं, बल्कि हर मुलाकात को एक रिश्ते में बदल देती हैं। वे स्नेह से हालचाल लेती हैं, उनके साथ हँसती-बोलती हैं और पूछती हैं कि कोई परेशानी तो नहीं, कोई तंग तो नहीं कर रहा। कई बुजुर्गों ने इन्हें अपनी बेटियों जैसा मान लिया है, जो वर्दी में भले हों, लेकिन दिल से उनके परिवार की सदस्य बन चुकी हैं। इस अभियान की रीढ़ बना है दिल्ली पुलिस का कुटुंब ऐप, जिसमें प्रत्येक मुलाकात, स्थान और संवाद दर्ज किया जाता है। यह ऐप पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली को पारदर्शिता देता है, अधिकारियों को अपडेट करता है और बुजुर्गों को यह विश्वास देता है कि कोई उनके लिए हर पल तत्पर है। हर पुलिसकर्मी जिस वरिष्ठ नागरिक से जुड़ा है, उसे एक 24 घंटे सक्रिय मोबाइल नंबर भी देता है, जिस पर कभी भी जरूरत पड़ने पर संपर्क किया जा सकता है। शाहदरा जिले के 11 थानों में रोजाना लगभग 150 वरिष्ठ नागरिकों से प्रत्यक्ष संपर्क होता है। पुलिसकर्मी घर जाकर उनका कुशलक्षेम पूछते हैं, दवा, राशन या अन्य जरूरतों में सहायता करते हैं, और जन्मदिन जैसे निजी अवसरों को भी स्नेहपूर्वक मनाते हैं। यह कार्य एक दायित्व के साथ-साथ अपनापन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना से संचालित होता है। वरिष्ठ नागरिक सेल से जुड़ी महिला अधिकारी–प्रीति, बेबी, पूजा, सोनम–और पुरुष अधिकारी एएसआई नरेंद्र, एसआई मनोज और एसआई नरेश इस अभियान की निगरानी और संचालन में पूरी प्रतिबद्धता से लगे हुए हैं। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी बुजुर्ग उपेक्षित न रह जाए, हर पुलिसकर्मी समय से पहुंचे, और कोई भी समस्या तुरंत हल हो। डीसीपी प्रशांत गौतम स्वयं समय-समय पर कार्यक्रमों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करवाते हैं, उनसे संवाद करते हैं और यह जानने का प्रयास करते हैं कि वे पुलिस की भूमिका को किस रूप में अनुभव कर रहे हैं। थाना कृष्णा नगर के एसएचओ मुकेश राणा, और एडिशनल एसएचओ अर्जुन सिंह व सचिन वर्मा इस अभियान को पूरी संवेदनशीलता और समर्पण के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। कुल मिलाकर यह पूरी व्यवस्था केवल पुलिसिंग नहीं, बल्कि दिल्ली पुलिस के दिल से सेवा के संकल्प को दर्शाती है।

## आईपीयू के पीजी डिप्लोमा इन बायोइन्फार्मेटिक्स में 20 तक आवेदन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । आईपीयू की ओर से पीजी डिप्लोमा इन बायोइन्फॉर्मेटिक्स की आवेदन तिथि फिर बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 20 मई तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि इस प्रोग्राम में आवेदन के इच्छुक छात्रों की मांग पर आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। आवेदन ऑफलाइन मोड में होगा और अभ्यर्थी को यूनिवर्सिटी कुलसचिव के नाम निर्गत 2,500 रुपये के बैंक ड्राफ्ट के साथ यूनिवर्सिटी सुविधा केंद्र में जमा करने होंगे। इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए यूनिवर्सिटी अपनी प्रवेश परीक्षा (सीईटी) आयोजित करेगी। यह प्रोग्राम यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन फार्मास्यूटिकल साइंसेज में उपलब्ध है और कुल सीटें 20 हैं। इस सेंटर के निदेशक प्रो. एके नरूला के अनुसार इस प्रोग्राम में करियर की असीम संभावनाएं हैं। इस संदर्भ में विस्तृत विवरण यूनिवर्सिटी की दोनों वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## कॉइनडीसीएक्स पर निवेशकों की नई लहल : नये यूजर्स में 80% से अधिक इक्विटी इंवेस्टर्स और ट्रेडर्स

- कॉइनडीसीएक्स कर रहा है लर्न करो। क्रिप्टो करो। के माध्यम से इक्विटी ट्रेडर्स की बढ़ती जरूरतों को पूरा
- अपनी लर्न करो। क्रिप्टो करो। पहल को मजबूत करते हुए, कॉइनडीसीएक्स ने 50 लाख से अधिक निवेशकों को जोड़ा, उन्हें क्रिप्टो के बारे में जानने में सक्षम बनाया



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, भारत के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइनडीसीएक्स के यूजर बेस में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। अब पारंपरिक शेयर बाजार के निवेशक और ट्रेडर भी तेजी से क्रिप्टो की ओर आकर्षित हो रहे हैं। हाल ही के आंकड़ों के अनुसार, पिछले छह महीनों में जुड़ने वाले 80% से ज्यादा नए यूजर ऐसे हैं जो पहले से इक्विटी मार्केट में निवेश करते रहे हैं। यह ट्रेंड बताता है कि भारत में क्रिप्टो को लेकर भरोसा बढ़ा है और अनुभवी निवेशक अब डिजिटल एसेट्स को अपने पोर्टफोलियो में शामिल करने लगे हैं। भारतीय निवेशकों को क्रिप्टो संपत्तियों के बारे में जागरूक और सशक्त बनाने के अपने मिशन के तहत, कॉइनडीसीएक्स ने 2024 में लर्न करो। क्रिप्टो करो। अभियान की शुरूआत की। इस पहल का उद्देश्य निवेशकों को सही जानकारी और जरूरी समझ प्रदान करना है, जिससे वे क्रिप्टो में निवेश की शुरूआत आत्मविश्वास और समझदारी के साथ कर सकें। इसके तहत, कॉइनडीसीएक्स ने 50 लाख से अधिक निवेशकों को जोड़ा है, जिससे उन्हें क्रिप्टो क्षेत्र को आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ समझने में मदद मिली है। अपनी इसी पहल के तहत, कॉइनडीसीएक्स ने द बॉट्स दिल्ली 2025 में भाग लिया। यह एक प्रमुख आयोजन है, जिसमें 1,500 से अधिक इंवेस्टर्स और ट्रेडर्स के एक साथ आने की उम्मीद है। यह कार्यक्रम इक्विटी बाजार से जुड़े प्रमुख वक्ताओं और मेंटर्स को एक मंच पर लाता है, और इसमें ट्रेडर्स प्रीमियर लीग जैसे रोमांचक सेगमेंट भी शामिल हैं – जो सीखने, नेटवर्किंग और ट्रेडिंग की समझ को साझा करने के लिए एक अनोखा अवसर प्रदान करते हैं। इक्विटी निवेशकों के लिए, क्रिप्टो मार्केट कई प्रमुख लाभ देता है:24x7 ट्रेडिंगः पारंपरिक बाजारों के विपरीत, क्रिप्टो बाजार हमेशा खुले रहते हैं। इससे निवेशक इक्विटी बाजार बंद होने के बाद भी ट्रेड कर सकते हैं। विविधताः महंगाई, ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अस्थिरता जैसे दौर में क्रिप्टो एक प्रभावी डाइवर्सिफिकेशन रणनीति पेश करता है, क्योंकि इसका व्यवहार पारंपरिक संपत्तियों से स्वतंत्र होता है। उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चरः कॉइनडीसीएक्स जैसे भारतीय क्रिप्टो एक्सचेंज संस्थागत स्तर की सुविधाएं, गहरी तरलता और न्यूनतम स्लिपेज प्रदान करते हैं – जो अनुभवी इक्विटी व्यापारियों के लिए बेहद जरूरी हैं। परिचित ट्रेडिंग अवधारणाएंः मार्जिन ट्रेडिंग और हेजिंग जैसी रणनीतियों से परिचित इक्विटी निवेशकों को क्रिप्टो में भी ऐसे कई टूल्स मिलते हैं, जो उनके अनुभव को और सहज बनाते हैं।

## एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कनॉट प्लेस हनुमान मंदिर परिसर में मेगा स्वच्छता अभियान श्रमदान का किया नेतृत्व

नई दिल्ली, । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मेगा स्वच्छता अभियान श्रमदान का नेतृत्व किया। कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि यह मिशन केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय जनांदोलन है। जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि इस अभियान में सभी कर्मचारी अपने कार्यालय कार्यों की शुरूआत से पूर्व एक घंटे का श्रमदान करेंगे। जिसमे आज एनडीएमसी के शिक्षा, वास्तुविद, नागर, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन विभागों के कर्मचारी और अधिकारी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने सफदर हाश्मी मार्ग में परिषद सदस्य डी. पी. सिंह ने लोदी कॉलोनी में तथा परिषद सदस्य सरिता तोमर ने मोती बाग क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया। इस दौरान चहल ने जानकारी दी कि मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित मेगा स्वच्छता अभियान श्रमदान में भाग लेंगी। चहल ने बताया कि परिषद क्षेत्र में अलग-अलग जगह चलाए गए इस मेगा स्वच्छता अभियान में लगभग 9500 एनडीएमसी कर्मचारियो ने आज भाग लिया। यह अभियान एनडीएमसी के सभी 14 सफाई सर्किलों में संचालित किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में समाज के विभिन्न वर्गों के नागरिक और स्वयंसेवक भी शामिल हुए। इसके साथ ही सभी विद्यालयों, सब-स्टेशन, अस्पतालों और औषधालयों ने भी अपने परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के सुचारू संचालन और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने हेतु एनडीएमसी ने 14 विभागाध्यक्षों को नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया है। सभी नोडल अधिकारियों को एक सफाई सर्किल की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चहल ने जानकारी दी कि इस मेगा अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए एनडीएमसी ने संसाधनों की व्यापक व्यवस्था भी की है। जिसमे पर्याप्त मात्रा में झाड़ू, हाथ के दस्ताने, बैनर, टोपियाँ आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता गतिविधियों के अंतर्गत आज कचरा और मलबा हटाना, फुटपाथों की मरम्मत, पार्कों, अंडरपासों, स्कूलों, सरकारी भवनों एवं धार्मिक स्थलों की सफाई की गई।


## दिल्ली से ज्वैलरी कैश चोरी कर भागा वेस्ट बंगाल, पुरुलिया में ट्रेन से दबोचा



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पश्चिमी जिला के कीर्ति नगर थाना इलाके से लाखों के गोल्ड और कैश चोरी करके परिवार सहित वेस्ट बंगाल फरार हो गए एक शातिर चोर शेख साबिर को पुलिस पुरुलिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से आरपीएफ की मदद से दबोचने में कामयाब हो गई। गिरफ्तार आरोपी मूलतः वेस्ट बंगाल के एक गांव का रहने वाला है और पहले से 4 आपराधिक मामलों में शामिल भी रहा है। इसकी निशानदेही पर कीर्ति नगर पुलिस ने दिल्ली से इसके एक और साथी रुकूब खान को भी गिरफ्तार किया, जो 14 आपराधिक मामलों में संलिप्त है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि चोरी की वारदात कीर्ति नगर थाना के रमेश नगर इलाके में 23 मार्च को हुई थी। जिसमें घर से कैश और जूलरी चोरी कर ली गई। उस मामले में एफआईआर दर्ज करके छानबीन शुरू की गई। एसीपी विजय सिंह की देख रेख में एसएचओ संजीव ढोडी, सहायक सब इंस्पेक्टर महिपाल, हरि सिंह, हेड कांस्टेबल विकास, धर्मराज, प्रदीप और कांस्टेबल विक्रम की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से मामले की जांच शुरू की। फिर पुलिस टीम ने आगे इसमें टेक्निकल सर्विलांस से शेख साबिर के बारे में पता लगाया। पुलिस टीम उसके जहांगीरपुरी स्थित ठिकाने पर पहुंची, तो उसका घर लॉक मिला। पता चला कि वह फैमिली के साथ अपने पैतृक गांव वेस्ट बंगाल के लिए निकल गया है। पुलिस टीम को यह भी पता चला कि वह ट्रेन से वेस्ट बंगाल जा रहा है। यहां से फिर पुलिस टीम ने रेलवे पुलिस की मदद ली आरोपी शेख साबिर और फैमिली के बारे में जानकारी दी फोटो शेयर किया। यहां से भी कीर्ति नगर की टीम वेस्ट बंगाल के लिए रवाना हो गई। जिस ट्रेन से शेख साबिर फैमिली के साथ भागा था वह पुरुलिया रेलवे स्टेशन जैसे ही पहुंची। वहां पर सर्च किया गया, पुलिस को देखकर शेख साबिर बाथरूम में छुप गया। लेकिन कीर्ति नगर पुलिस के द्वारा भेजे गए शेख साबिर की पत्नी की फोटो से पुलिस ने पहचान कर ली। फिर उसने बताया कि हस्बैंड बाथरूम में छुपा हुआ है। पुरुलिया पहुंची कीर्ति नगर की टीम ने आरोपी को वहां से गिरफ्तार कर लिया। उससे चुराई गई जूलरी और कैश बरामद किया गया। फिर उससे पूछताछ के आधार पर दिल्ली से उसके साथी रुकूब खान को गिरफ्तार किया गया, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## फर्जी पासपोर्ट के जरिए सऊदी अरब में दोबारा प्रवेश की कोशिश के मामले में एजेंट समेत दो गिरफ्तार



नई दिल्ली, । आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने फर्जी पासपोर्ट के जरिए सऊदी अरब में दोबारा प्रवेश की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस पूरे फजीवाड़े में शामिल एक एजेंट को भी दबोचा है। आईजीआई एयरपोर्ट डीसीपी ऊषा रंगनानी के अनुसार यह मामला तब सामने आया जब एक भारतीय नागरिक मोहम्मद अली (54) 28 अप्रैल को सऊदी अरब से डिपोर्ट होकर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा। जांच में पता चला कि वह पहले 2017 में पासपोर्ट संख्या पी0752 पर सऊदी गया था और वहां वीजा ओवरस्टे के चलते ब्लैकलिस्ट कर दिया गया था। इसके बावजूद वह हाल ही में एक नए पासपोर्ट (संख्या डब्लू*754) पर, अलग पहचान के साथ, लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी के लिए रवाना हुआ था। डीसीपी के अनुसार एयरपोर्ट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया। जांच में आरोपित यात्री ने कबूल किया कि उसने नया पासपोर्ट फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एजेंट की मदद से बनवाया था, ताकि ब्लैकलिस्टिंग से बचकर वह फिर से सऊदी जा सके। पुलिस ने आरोपित यात्री से पूछताछ करने के बाद उसकी निशानदेही पर एजेंट मसीउल्ला उर्फ अजीमुल्ला (28) को गिरफ्तार किया। वह रेहरवा, बहराइच, उप्र का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि उसने दो लाख के एवज में फर्जी पहचान पर नया पासपोर्ट बनवाया और वीजा व टिकट की भी व्यवस्था की। वह पहले टिकटिंग एजेंट था और बाद में आधार कार्ड अपडेट सेंटर चलाने लगा। जहां उसकी मुलाकात फजीवाड़े में लिप्त अन्य एजेंटों से हुई।

## दिल्ली दंगे : अदालत ने हत्या और साजिश के आरोपों से 12 लोगों को बरी किया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली की एक स्थानीय अदालत ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से संबंधित एक मामले में हत्या और आपराधिक साजिश के आरोपी 12 लोगों को बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी 26 फरवरी, 2020 को गोकलपुरी इलाके में हाशिम अली नामक व्यक्ति की हत्या करने वाली दंगाई भीड़ का हिस्सा थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने कहा कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य भीड़ का हिस्सा होने के रूप में आरोपी की पहचान स्थापित करने के लिए अपर्याप्त थे। 30 अप्रैल को दिए गए अपने 52 पृष्ठ के आदेश में न्यायाधीश ने कहा, मुझे लगता है कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य के नाम पर कुछ ऐसे साक्ष्य मौजूद हैं, जो किसी भी आरोपी व्यक्ति को अपराधी भीड़ का सदस्य बताने के लिए अपर्याप्त हैं। इसके बाद अदालत ने लोकेश कुमार सोलंकी, पंकज शर्मा, अंकित चौधरी, प्रिंस, जतिन शर्मा, हिमांशु ठाकुर, विवेक पांचाल, ऋषभ चौधरी, सुमित चौधरी, टिंकू अरोड़ा, संदीप और साहिल को बरी कर दिया। इसमें कहा गया कि अभियोजन पक्ष ने परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर भरोसा किया था क्योंकि प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोपी की पहचान करने के लिए उसके मामले का समर्थन नहीं किया था। अदालत ने अभियोजन पक्ष की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि कुछ आरोपी व्यक्ति (जो कट्टर हिंदू एकता नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप का हिस्सा थे) ने अपनी चैट में हत्या की बात कबूल की थी। इसमें कहा गया है कि ऐसी पोस्ट या संदेश केवल ग्रुप के अन्य सदस्यों की नजर में हीरो बनने के इरादे से ग्रुप में डाले जा सकते हैं। इसमें कहा गया है कि इन पोस्ट को हत्या को साबित करने के लिए ठोस सबूत के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें दंगा, हत्या और आपराधिक साजिश शामिल है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

नोएडा, । राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर 15 दिन पहले हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। युवक की पत्नी ने सेक्टर-63 थाने में केस दर्ज कराया है। गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक निवासी नीलम ने पुलिस को बताया कि पति रोहित कुमार ट्रक चालक थे। वह 20 अप्रैल की सुबह करीब तीन बजे बाइक लेकर घर से साहिबाबाद ट्रक लेने जा रहे थे। कुछ घंटे बाद पुलिस से सूचना मिली कि रोहित सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। उन्हें फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह अस्पताल पहुंचीं तो चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से रोहित की मौत हुई। नीलम का कहना है कि परिवार में रोहित ही कमाने वाले थे। परिवार में दो अविवाहित देवर, सास और 14 वर्ष का बेटा है। उन्होंने पुलिस से अज्ञात वाहन चालक का पता लगाकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बिमटेक में 713 छात्र-छात्राओं को उपाधि मिली

ग्रेटर नोएडा, बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने सोमवार को इंडिया एक्सपो सेंटर में 37वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इसमें 713 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई। 18 छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए पदक सम्मानित किया गया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वर्चुअल माध्यम से शिरकत की। यह दीक्षांत समारोह पीजीडीएम पाठ्यक्रमों और फैलोशिप कार्यक्रम के छात्रों के लिए आयोजित किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश को पहलगाम में आतंकवादियों ने चुनौती दी है। इस समय भारतवासियों को एकजुट होकर खड़ा होना होगा। देश के भीतर और बाहर जो विरोधी शक्तियां हैं, उन्हें निष्क्रिय करना आवश्यक है। ऐसे समय में हमें अपने मूल अधिकारों को अपने मूल कर्तव्यों से नीचे रखना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज दुनिया जिस गति से बदल रही है, वह औद्योगिक क्रांतियों से कहीं अधिक तेज है। इस समय भारत वैश्विक अवसर और विकास का केंद्र बन चुका है। हम विश्व की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गए हैं। संचालक मंडल की अध्यक्षा जयश्री मोहता ने कहा कि दीक्षांत समारोह मजबूत संकल्प, सीखने और आत्म-परिवर्तन का उत्सव है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि आप जहां भी जाएं, ईमानदारी, समावेशिता और प्रभाव के मूल्यों को साथ लेकर चलें।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 06 मई, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### दो सगी बहनें संदिग्ध हालात में लापता

दादरी, । तुलसी विहार कॉलोनी निवासी दो सगी बहनें रविवार तड़के करीब 3:00 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। परिजनों को पता चला है कि पड़ोस में रहने वाले दो सगे भाई अमन और सुमन उनकी बेटियों को बहला फुसलाकर ले गए हैं। परिजनों ने पुलिस से इसकी शिकायत की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीम दोनों बहनों की तलाश में जुटी हैं।

### टक्कर मारने का विरोध करने पर कार चालक को पीटा

ग्रेटर नोएडा, । सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में 130 मीटर रोड पर टेंपो चालक ने कार में टक्कर मार दी। कार चालक ने विरोध किया तो टेंपो चालक ने फोन कर अपने साथियों को बुलवाकर पीड़ित के साथ मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के तिलपता स्थित रूद्रा एन्क्लेव कॉलोनी में मुकेश कुमार अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह बीते बुधवार को अपनी कार में सवार होकर 130 मीटर रोड से जा रहे थे। वह स्पर्श ग्लोबल स्कूल के सामने पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रहे टेंपो के चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। मुकेश ने विरोध जताया तो आरोपी टेंपो चालक ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। इसी बीच एक कार में सवार होकर चार-पांच युवक वहां पहुंचे और उनको बुरी तरह पीटा। मारपीट में पीड़ित को काफी चोटें आईं। अब इस मामले में पुलिस ने टेंपो चालक और कार सवार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### गाजियाबाद के मोहित नागर दिल्ली में सम्मानित

गाजियाबाद, । बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र की मलिन बस्तियों के गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने वाले मोहित नागर को सोमवार को सम्मानित किया गया। वे पिछले 14 साल से बच्चों को निशुल्क शिक्षा दे रहे हैं। दिल्ली स्थित भारती विद्यापीठ में उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह में 100 प्रेरणादायक भारतीयों की कहानी पर आधारित किताब इंस्पायरिंग इंडियंस बुक का भी विमोचन किया गया। इस किताब में गाजियाबाद के मोहित नागर को भी स्थान मिला है।

### संगीत समारोह में महिलाओं ने प्रतिभा दिखाई

ट्रांस हिंडन, । मोहन नगर स्थित सेवियर पार्क सोसायटी के क्लब हाउस में सोमवार को महिला संगीत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की संयोजक भावना मिश्रा रहीं। इस मौके पर रीना अग्रवाल , खुशी सिंह, रेनू भाटी समेत कई अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

### शिविर में 200 छात्रों ने स्वास्थ्य जांच कराई

गाजियाबाद, । वेव सिटी स्थित हाई टेक वर्ल्ड स्कूल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्कूल निदेशक डॉ. विहंग गर्ग व मुख्य अतिथि डॉ. आरके पोद्दार, आरके गोयल, इंद्रमणि अग्रवाल ने किया। प्रधानाचार्या इंदु शर्मा ने बताया कि 200 से अधिक छात्रों ने जांच कराई। शिविर संयोजक अखिलेश वर्मा ने बताया कि शिविर में ब्रेस्ट स्कैनिंग, ईसीजी, बीपी, शुगर, बीएमडी, पीएसए, आई टेस्टिंग तथा जनरल फिजिशियन कंसल्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

### मां बगलामुखी जयंती पर डासना मंदिर में महायज्ञ

गाजियाबाद, । डासना स्थित शिवशक्ति धाम में पिछले 15 दिन से चल रहे शिवशक्ति महोत्सव का सोमवार को मां बगलामुखी जयंती पर समापन हुआ। मंदिर में मां बगलामुखी महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यज्ञ में डॉ. उदिता त्यागी, स्वामी दीपांकर महाराज, आचार्य दीपक तेजस्वी, यति अभयानंद, अनिल यादव, मोहित बजरंगी आदि भक्तों ने पूर्णाहुति दी। इस अवसर पर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने बताया कि विजय और सद्बुद्धि की देवी मां बगलामुखी की शरण में आने से प्राणी निर्भय हो जाते हैं।

### छात्रों ने स्केटिंग प्रतियोगिता में दिखाया दम

ट्रांस हिंडन, । वसुंधरा एनक्लेव स्थित डीडीए चिल्ला स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स अंतरविद्यालय पर आधारित स्केटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में नोएडा, दिल्ली और गाजियाबाद के कई विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। इसमें वसुंधरा सेक्टर 11 स्थित विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में त्रिशा वेदी, इशिका गुप्ता, लक्ष्य तिवारी, रचित कांडवाल, अद्विक संयुज, अभिष खन्ना, यश्वी, जैनिश, अंशज ने गोल्ड मेडल हासिल किया। आरव गुप्ता, निर्मित चौहान, वर्तिका शर्मा, हिमांक जोशी ने सिल्वर मेडल हासिल किया।

# पंजाब के रवैये से हरियाणा पर बढ़ा विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का दबाव, कांग्रेस का पूरा समर्थन, केंद्र से बड़ी मांग

प्रात : किरण संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा में नंगल डैम के पानी की एक भी बूंद नहीं देने का प्रस्ताव पास होने के बाद हरियाणा पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का दबाव बढ़ गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सर्वदलीय बैठक में राजनीतिक दलों के भरोसा दिलाया था कि पंजाब विधानसभा के रुख के बाद हरियाणा आगे की रणनीति तैयार करेगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार को नई दिल्ली में कहा कि पंजाब सरकार द्वारा जानबूझकर जल संकट और जल विवाद पैदा किया जा रहा है। पंजाब अपने हिस्से से अधिक पानी ले चुका है, जबकि हरियाणा को उसके हिस्से का पूरा पानी नहीं मिला है। इसलिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को तुरंत विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना चाहिए और हरियाणा को नंगल डैम से पानी दिलाने के लिए केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए। हरियाणा के साथ तनाव पैदा कर रहा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि नंगल डैम पर पुलिस तैनात नहीं की जा सकती। यहां से पुलिस हटवाकर तुरंत हरियाणा को पानी की सप्लाई चालू करानी होगी। प्रदेश में प्राकृतिक नहीं, बल्कि पंजाब सरकार द्वारा जल संकट पैदा किया जा रहा है। पंजाब सरकार का यह कदम पूरी तरह संघीय ढांचे के विपरीत, असंवैधानिक, अनैतिक और अमानवीय है। किसी भी प्रदेश सरकार के पास दूसरे प्रदेश के पानी को रोकने का अधिकार नहीं है। हरियाणा पानी की अतिरिक्त मात्रा नहीं, बल्कि अपने हक का पानी मांग रहा है, जो लगातार कई साल से उसे मिलता आ रहा है। लेकिन पंजाब सरकार अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए बेवजह हरियाणा के साथ तनाव पैदा कर रही है। पीएम मोदी से मिलने की तैयारी भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि जल बंटवारे के मुद्दे पर प्रदेश सरकार को सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने पूर्ण समर्थन का ऐलान किया है। प्रदेश सरकार अगर हरियाणा के हक में कोई भी उचित कदम उठाएगी तो कांग्रेस उसका समर्थन करेगी। विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग करते हुए हुड्डा ने कहा कि जनता को जल संकट से बचाने के लिए पंजाब सरकार पर दबाव बढ़ाना चाहिए। इसके लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना होगा। उन्होंने कहा कि भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बार्ड में सभी बड़े पदों पर पंजाब के अधिकारी बैठे हैं। वहां हरियाणा की पैरवी करने वाला कोई बड़ा अधिकारी नहीं है। इसी का नतीजा अब प्रदेश को भुगतना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार को जवाब देना होगा कि उसने आज तक अपने हिस्से के अधिकारी बीबीएमबी में क्यों तैनात नहीं किए। विवाद का समाधान एसवाईएल से ही संभव पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड में कांग्रेस सरकार ने हरियाणा की पूरी भागीदारी सुनिश्चित की थी। हरियाणा से तीन-तीन सदस्य होते थे।

## राहगीरों से मोबाइल लूटने वाला गिरोह दबोचा



नोएडा, । वाजिदपुर के पास से सोमवार को एक्सप्रेसवे थाने की पुलिस ने राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले गिरोह के सरगना और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ पहले से केस दर्ज हैं। एडिशनल डीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि एक्सप्रेसवे थाने की पुलिस टीम वाजिदपुर से पुस्ता की तरफ जाने वाले तिराहे के पास से चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो बाइक पर सवार तीन युवक उधर से गुजरे। संदिग्ध लगने पर पुलिस की टीम ने तीनों को रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। टीम ने पीछा कर तीनों को दबोच लिया। बदमाशों के पास से वारदात में इस्तेमाल होने वाली दो बाइक, लूट के आठ मोबाइल, तमंचा और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। पूछताछ के दौरान पता चला कि तीनों लुटेरे हैं। वे राहगीरों से मोबाइल लूटकर फरार हो जाते हैं। बदमाशों की पहचान इलाहाबास गांव निवासी मोनू, तनिष्क और सुल्तानपुर के मोतीगरपुर निवासी मनीष के रूप में हुई। मनीष भी वर्तमान में इलाहाबास गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहा था। मोनू की उम्र 19, मनीष की 20 और तनिष्क की 22 साल है। मोनू ही गिरोह का सरगना है। उसके खिलाफ नोएडा के अलग-अलग थानों में चार केस दर्ज हैं। तनिष्क और मनीष के खिलाफ भी अलग-अलग थानों में तीन-तीन केस दर्ज हैं। वे अपने शौक पूरे करने के लिए वारदात को अंजाम देते थे। बदमाश अपने दोस्त की बाइक का इस्तेमाल वारदात करने में करते थे। बदमाशों ने बरामद मोबाइलों को अलग-अलग दिन नोएडा के अलग-अलग थाना क्षेत्र और दिल्ली से लूटा था। लूट के मोबाइल को बेचने के लिए बदमाश जब ग्राहक की तलाश कर रहे थे, तभी वे पुलिस के हत्थे चढ़ गए। बदमाशों से लूट का मोबाइल खरीदने वाले व्यक्तियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## पलवल: खेल मंत्री गौरव गौतम ने शहर के विभिन्न नालों का किया औचक निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



पलवल, । हरियाणा के युवा उद्यमिता एवं अधिकारिता, खेल और कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने सोमवार को शहर के विभिन्न नालों की जल निकासी व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने नालों में सही प्रकार से जल निकासी न होने पर चिंता जताते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि उन्हें नालों की सफाई न होने की शिकायतें मिल रही हैं। इस पर स्वयं मौके पर जाकर नालों में पानी की निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कई जगहों पर जल निकासी व्यवस्था सही तरीके से नहीं हो रही है और इससे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के तत्काल समाधान के लिए उन्होंने नगर परिषद व अन्य संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलवाकर जल निकासी से प्रभावित सभी जगहों को दुरुस्त करने के कड़े दिशा-निर्देश दिए हैं। मंत्री गौरव गौतम ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अगली बार पलवल में किसी भी स्थान पर इस तरह की गंदगी व अव्यवस्था पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पलवल को स्वच्छ बनाने में अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पलवल को स्वच्छ और सुंदर बनाना मेरा सपना है। हम शहर के सौंदर्यकरण और स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध है। शहर के सौंदर्यकरण को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसमें शहर में तिरंगा लाइट लगने से रात में पलवल की सडके जगमग हो रही हैं। वहीं चौक-चौराहों पर वॉल पेंटिंग का कार्य भी चला हुआ है। इसके अलावा हमारा पलवल सैल्फी प्वाइंट बनाने के साथ-साथ क्लॉक टॉवर शहर की सुंदरता को चार चांद लगा रहा है। उन्होंने कहा कि पलवल के सौंदर्यकरण के साथ-साथ साफ व स्वच्छ बनाना भी प्राथमिकता है। यह कार्य आमजन के सहयोग के बिना संभव नहीं है, इसलिए शहर को साफ व स्वच्छ बनाने में आमजन की भी पूरी जिम्मेदारी है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनायें रखें। उन्होंने कहा कि न तो लोग खुद कूड़ा इधर-उधर फेंके और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकें। कूड़ा हमेशा कूड़ेदान में ही डालें। उन्होंने स्वच्छता को सर्वोपरि रखकर पलवल को स्वच्छ बनाने में लोगों से सहयोग का आग्रह किया।

## फरीदाबाद : बेकाबू होकर पलटा ट्रक, सड़क पर भारी जाम

प्रात : किरण संवाददाता



फरीदाबाद, । फरीदाबाद में रविवार देर रात चने की बोरियों से लदा एक ट्रक अचानक बेकाबू होकर सीकरी फ्लाईओवर पर पलट गया। ट्रक राजस्थान के मंडावा से दिल्ली की ओर जा रहा था। हादसे में ड्राइवर और क्लीनर को मामूली चोट ही आई हैं। हादसा नेशनल हाईवे पर रात करीब दो बजे हुआ। बताया जाता है कि ड्राइविंग के दौरान ड्राइवर को नींद की झपकी आई थी। जिससे ट्रक हाईवे के बीच बने डिवाइडर की ग्रिल से जा टकराया और ग्रिल को तोडता हुआ पलट गया। ट्रक में लदी चने की सैकड़ों बोरियां पलटने के बाद हाईवे पर बिखर गईं, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सुबह ऑफिस और स्कूल के समय में यह जाम और भी लंबा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी, स्थानीय पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस द्वारा क्रेन बुलाई गई और ट्रक को सीधा कर साइड में खड़ा किया गया। वहीं बोरियों को मजदूरों की मदद से एक अन्य ट्रक में लोड कर जाम की स्थिति को नियंत्रित किया गया। ट्रक के पलटने के दौरान उसमें सवार ड्राइवर और कंडक्टर को हल्की चोटें आई हैं। दोनों को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया और उनकी हालत अब सामान्य बताई जा रही है। गनीमत रही कि हादसे के समय हाईवे पर ट्रैफिक अपेक्षाकृत कम था, जिससे किसी अन्य वाहन या व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। घटनास्थल पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस से एएसआई अनिल कुमार ने बताया कि ट्रक राजस्थान नंबर का था और इसमें चने की भारी बोरियां लोड थीं, जिन्हें दिल्ली ले जाया जा रहा था। ड्राइवर को नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। दुर्घटना में 5 से 6 क्विंटल चना सडक पर फैल गया। फिलहाल हाईवे पर ट्रैफिक पूरी तरह सामान्य कर दिया गया है और दुर्घटना के सही कारणों की की जा रही है। ट्रक ड्राइवर से पूछताछ में देखा जा रहा है कि कहीं ट्रक में कोई तकनीकी खराबी तो नहीं थी।

## नीट यूजी परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर पैसे ऐंठने की कोशिश करने वाले तीन लोग गिरफ्तार



नोएडा, । उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की नोएडा इकाई ने नीट यूजी प्रतियोगी परिक्षा में पास कराने के नाम पर कथित रूप से ठगी करने वाले एक गिरोह के तीन बदमाशों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। एसटीएफ (नोएडा) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया कि रविवार को आयोजित हुई ह्राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकह्व (नीट यूजी) में शामिल होने वाले अभ्यार्थियों के परिजनों से ठगों के संपर्क करने की जानकारी मिली थी। उन्होंने बताया कि जानकारी मिली थी कि गिरोह के सदस्य छात्रों के परिजनों से संपर्क कर उन्हें उत्तीर्ण कराने का झांसा दे रहे हैं और इसके एवज में मोटी रकम मांग रहे हैं।मिश्रा ने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर सेक्टर-3 में एक स्थान पर छापेमारी कर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया और इनके पास से दस मोबाइल फोन, दो आधार कार्ड, एक क्रेडिट कार्ड, एक मतदाता पहचान पत्र, कुछ पासपोर्ट, चेकबुक, मैकबुक, फाच्यूर्नर एसयूवी कार व अभ्यर्थियों का डेटा बरामद हुआ है। मिश्रा के अनुसार आरोपियों की पहचान दिल्ली के लक्ष्मी नगर निवासी विक्रम कुमार साह व अनिकेत कुमार और दिल्ली के शिवपुर पश्चिम सागरपुर निवासी धर्मपाल सिंह के रूप में हुई। एसटीएफ आरोपियों के अन्य साथियों की पहचान और तलाश में जुटी है।

## फरीदाबाद : टेलीग्राम टास्क के नाम पर ठगी का आरोपी जयपुर से गिरफ्तार




प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद, । साइबर थाना बल्लभगढ़ ने टेलीग्राम टास्क के नाम पर हुई धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपियों को जयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी मनीष बेरवा और संजय को पालड़ी मीना से पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस की टीम ने कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-3 के एक व्यक्ति की शिकायत दी कि उसे वॉट्सऐप पर टास्क करके पैसे कमाने का मैसेज मिला था। शुरूआत में ठगों ने होटल रिव्यू के लिए कुछ लिंक भेजे और रेटिंग करने पर 120 रुपए दिए। इसके बाद उन्होंने पीड़ित को टेलीग्राम से जोड़ा। ठगों ने पीड़ित को 1.28 लाख रुपए का टास्क दिया। इसके बदले 2.56 लाख रुपए देने का वादा किया। टास्क पूरा होने के बाद ठगों ने गलती का बहाना बनाया और 2.18 लाख रुपए और मांगे। पीड़ित ने यह राशि भी भेज दी। जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे तो ठगों ने अकाउंट फ्रीज होने का बहाना बनाया। उन्होंने 2.60 लाख रुपए और मांगे। पीड़ित के मना करने पर 1.30 लाख रुपए की मांग की, जो पीड़ित ने भेज दिए। इस तरह कुल 5.64 लाख रुपए की ठगी हुई। पूछताछ में पता चला कि मनीष जयपुर में एक मेडिकल स्टोर पर काम करता है। उसने अपना बैंक खाता कारपेंटर संजय को दिया था, जिसने आगे ठगों को दे दिया। इस खाते में ठगी के 25 हजार 800 रुपए जमा हुए थे। दोनों आरोपियों को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

## फरीदाबाद : साइबर फ्राड जांच में लापरवाही बरतने पर दो एसआई समेत तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

प्रात : किरण संवाददाता



फरीदाबाद, । जिले में ठगी के मामले में जांच के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में साइबर थाना एनआईटी के दो सब इंसपेक्टर और एक कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया है। 1.38 करोड़ रुपए की साइबर ठगी के मामले की जांच से जुड़े इन तीनों के खिखाफ अब विभागीय जांच भी होगी। पुलिस के अनुसार सितंबर 2024 में सेक्टर-21सी निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी थी कि साइबर ठगों ने 29 सितंबर 2024 को शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर उससे अलग-अलग समय पर 1 करोड़ 38 लाख रुपये की ठगी कर ली। इस पर एनआईटी साइबर अपराध थाना पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया था। साइबर थाना एनआईटी में तैनात सब इंस्पेक्टर अनूप, पीएसआई विकास कुमार व कॉन्स्टेबल आजाद इस मामले की जांच कर रहे थे। फरीदाबाद पुलिस डीसीपी ऊषा ने इस केस की फाइल रिव्यू के दौरान कई खामी पाई। आरोप है कि पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आने पर डीसीपी सेंट्रल उषा कुंडू ने रिपोर्ट बनाकर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय को इन पर कार्रवाई के लिए भेजी थी। जिसके बाद इन तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। फरीदाबाद पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने सोमवार को बताया कि तीनों पुलिस कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में लापरवाही बरते जाने की जानकारी मिली थी। इस पर डीसीपी सेंट्रल ऊषा ने अपने स्तर पर जांच की थी। इसमें एनआईटी साइबर अपराध थाने में तैनात रहे सब-इंस्पेक्टर अनूप, विकास और सिपाही आजाद की भूमिका संदिग्ध नजर आई थी। इस पर डीसीपी ने उनके निलंबन की सिफारिश की थी। इसके बाद डीसीपी हेडक्वार्टर अभिषेक जोरवाल ने उन्हें निलंबित कर दिया था। इन तीनों के खिलाफ विभागीय जांच कराई जाएगी।

### पड़ोसी के घर पर जाकर 14 वर्षीय किशोर ने की आत्महत्या, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

नोएडा, । नोएडा के सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय किशोर ने रविवार को अपने पड़ोसी के घर जाकर पंखे से फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। किशोर के परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है और पुलिस को बताया कि दो दिन पहले किशोर का कुछ युवकों से झगड़ा हुआ था। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-113 के थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि सोरखा पुस्ता कॉलोनी क्षेत्र में स्थित विष्णु नगर कॉलोनी में रहने वाले तोताराम के पुत्र राघव ने रविवार को अपने पड़ोसी के मकान में पंखे से फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि नहीं हुई है।

## महिल से चुराया कान की बलियान पुलिस ने दबोचकर पहुंचाया जेल

### चोरी की स्कूटी के साथ सोने की बलियान बरामद




प्रात : किरण संवाददाता

बाहरी जिला की रनहोला थाना की पुलिस टीम ने दौड़ाधड़ी के मामले में 1 शातिर चीटर को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान दीपक के रूप में हुई है, यह सुल्तानपुरी का रहने वाला है। इसके पास से 2 सोने की एरिंग और 1 चोरी की स्कूटी बरामद को गई है। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 26 अप्रैल को रनहोला थाना में चोरी का दर्ज कराया गया था।

इसमें पीड़ित ने बताया कि जब वह घर के बाहर बैठी थी तब एक अंजाम व्यक्ति उसका इयररिंग लेकर भाग गया। उस मामले को दर्ज करने के बाद जयपाल सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, एसआई रजत, हेड कांस्टेबल रमेश, सतीश, मुकेश और कांस्टेबल नरेंद्र की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इस बदमाश के बारे में पता लगाना शुरू किया। काफी दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद इस बदमाश को नला रोड के पास ट्रेस किया गया, जिसके बाद पुलिस टीम ने वहां ट्रैप लगाकर इसको वहां धड़ दबोचा। जिस स्कूटी से वह जा रहा था वह चोरी की निकली और तलाशी में उसकी निशानदेही से चोरी की गई एरिंग बरामद की गई। इसके खिलाफ मामला दर्ज करके इसे गिरफ्तार कर लिया गया है। और आगे की कार्यवाही को जा रही है।

## छात्रों को परीक्षा में सफलता के गुर सिखाए

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा, । सेक्टर-62 स्थित आईएमएस नोएडा में सोमवार को आगामी विश्वविद्यालय परीक्षाओं को देखते हुए चर्चा कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें परीक्षा की प्रभावी तैयारी, समय प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, और रणनीतिक अध्ययन पद्धतियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने की। कार्यक्रमके दौरान विषय विशेषज्ञों ने छात्रों को परीक्षा में सफलता के गुर सिखाए। पाठ्यक्रम का विभाजन कर चरणबद्ध अध्ययन, नियमित रिवीजन और मॉक टेस्ट का अभ्यास, सोशल मीडिया से दूरी बनाकर फोकस बढ़ाना, पर्याप्त नींद और संतुलित आहार लेने की सलाह दी।

## फरीदाबाद : खाली प्लाट में मिला शव

प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद, । पर्वतीय कॉलोनी चौकी इलाके में सोमवार को खाली पड़े प्लॉट से व्यक्ति का शव मिला है। हांलाकि अभी यह शव किसका है, इसकी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल की मॉच्युर्री में रखवा दिया है। पुलिस के अनुसार दिलीप नामक युवक देर शाम खाली प्लॉट में पेड़ की टहनी तोड के लिए घुसा था। उसी दौरान उसकी नजर वहां पर पड़े शव पर पड़ी, जिसके बाद युवक ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया। पर्वतीय कॉलोनी पुलिस चौकी के इंचार्ज महेश शर्मा ने बताया कि मृतक की उम्र 45 से 50 वर्ष के बीच है।

शव करीब 15 दिन पुराना है। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। शव के पास से एक लाठी मिली है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि व्यक्ति दिव्यांग हो सकता है। पुलिस ने आसपास के थानों और चौकियों को सूचित कर दिया है। वे पता लगा रहे हैं कि कहीं कोई व्यक्ति लापता तो नहीं है। शव को पहचान और पोस्टमॉर्टम के लिए फरीदाबाद के बादशाह खान अस्पताल की मॉच्युर्री में रखा गया है। कानूनी प्रक्रिया के तहत 72 घंटे बाद पोस्टमॉर्टम करके अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## अवैध टोल को हटाने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, । किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के चेयरमैन संतोष यादव से दिल्ली स्थित उनके दफ्तर में मिला। अवैध टोल हटाने सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.विकास प्रधान ने बताया कि कुछ दिन पहले बिजनौर-शादीपुर-पानीपत-खटीमा मार्ग पर अवैध टोल बनाने के विरोध में पंचायत हुई थी। इसी संबंध में सोमवार को एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव से मुलाकात की गई।

अवैध टोल को हटवाने के संबंध में ज्ञापन दिया गया। चेयरमैन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र सरकार के जारी निदेर्शों का हर हाल में पालन किया जाए। 60 किलोमीटर से कम की दूरी पर टोल नहीं लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगठन की यह भी मांग है कि ईस्टर्न पेरिफेरल सहित अन्य एक्सप्रेसवे के 10 किलोमीटर के दायरे मे आने वाले गांवों के किसानों के लिए टोल फ्री किया जाए। इस पर चेयरमैन ने केंद्र सरकार के अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया।

## पलवल: बेटी से उसकी ससुराल में मिलने गई बुजुर्ग महिला की हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

पलवल, । पलवल में बुजुर्ग महिला की हत्या करने का मामला सामने आया है। वह अपनी बेटी से मिलने गई थी। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने महिला पर ईंट, लाठी और डंडों से हमला कर दिया। महिला को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला सम्मों मथुरा की रहने वाली है। वह अपनी बेटी से मिलने पीरगढ़ गांव गई थी। वहां दो पक्षों में झगड़ा चल रहा था। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने सम्मों पर ईंट, लाठी और डंडों से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल सम्मों को पहले सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए होडल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

रविवार रात को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हसनपुर थाना प्रभारी मलखान सिंह ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि मृतका के बेटे नसीम की शिकायत पर फरियाद, जम्मा, मकशूद, आमीर और अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जांच अधिकारी दो बार अस्पताल गए थे। लेकिन डॉक्टरों ने महिला को बयान देने के लिए अनफिट बताया था। इसके बाद पुलिस ने उनके बेटे की शिकायत पर केस दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पत्नी क्यों कहलाती है वामांगी और अर्द्धांगिनी

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



भारतीय सनातन संस्कृति में हर शब्द और परंपरा का गहरा अर्थ छिपा होता है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण शब्द है ह्लवामांगीह्व। शास्त्रों में पत्नी को वामांगी कहा गया है, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है, पति के शरीर का बायां अंग। यह मात्र एक शब्द नहीं है, बल्कि पति-पत्नी के बीच के गहन आध्यात्मिक, सामाजिक और भावनात्मक संबंध का द्योतक है। अब प्रश्न उठता है कि पत्नी को वामांगी क्यों कहा गया? भारतीय धर्मशास्त्रों के अनुसार, स्त्री की उत्पत्ति भगवान शिव के बाएं अंग से हुई है और इसका सर्वोत्तम प्रतीक अर्धनारीश्वर स्वरूप है, जिसमें भगवान शिव का दाहिना भाग पुरुष का और बायां भाग माता पार्वती का है। अर्धनारीश्वर दर्शन यह बताता है कि पुरुष और स्त्री दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। बिना एक के दूसरा अधूरा है। इसलिए, पत्नी को वामांगी कहा गया है, जो पति के बायें अंग की अधिकारी होती है और उसके अस्तित्व को पूर्णता प्रदान करती है। देखा जाए तो हस्तरेखा विज्ञान में भी वामांगी सिद्धांत का महत्व बताया गया है, जिसमें पुरुष के दाहिने हाथ से पुरुष की स्थिति देखी जाती है और बाएं हाथ से पत्नी या जीवनसंगिनी की स्थिति का विश्लेषण किया जाता है। इससे यह दिखता है कि बायां भाग, यानि वाम अंग, स्त्री होती है जो ऊर्जा (शक्ति) का प्रतीक है। स्त्री हमेशा पुरुष जीवन में सौम्यता, प्रेम और पोषण का संचार करती है। भारतीय धार्मिक अनुष्ठानों में भी स्त्री को पति के बाईं ओर बैठने की परंपरा है। जबकि स्त्री सोते समय, सभा में बैठते समय, सिंदूरदान के समय, द्विरागमन के समय, आशीर्वाद ग्रहण करते समय और भोजन करते समय पति के बायीं ओर बैठती है। मान्यता है कि इन सभी अवसरों पर पत्नी का बायीं ओर रहना शुभ और फलदायी होता है और पति-पत्नी के बीच प्रेम, सौहार्द और समृद्धि बढ़ती है। सामान्य जीवन में पत्नी हमेशा बायीं ओर रहती है, लेकिन कुछ विशेष धार्मिक अवसरों पर पत्नी को पति के दायीं ओर बैठने का विधान किया गया है। जैसे कन्यादान के समय, विवाह संस्कार में, यज्ञकर्म के दौरान, जातकर्म संस्कार, नामकरण संस्कार और अन्नप्राशन संस्कार। इन कर्मों को पारलौकिक कर्म माना जाता है, जो पुरुष प्रधान होते हैं। इन पवित्र कार्यों में पत्नी दायीं ओर बैठती है ताकि पति-पत्नी एक समर्पित और संगठित जीवन को साकार कर सके। पत्नी को वामांगी और अर्धांगिनी कहा जाता है। अर्धांगिनी का अर्थ होता है पति का आधा अंग। इसका भावार्थ है कि पति और पत्नी मिलकर एक संपूर्ण इकाई का निर्माण करता है। यदि एक अधूरा है तो दूसरा भी पूर्ण नहीं कहा जा सकता। जिस प्रकार सूर्य के बिना चंद्रमा, दिन के बिना रात और जीवन के बिना मृत्यु अधूरी है। वैसे ही पति के बिना पत्नी और पत्नी के बिना पति अधूरा है। सनातन धर्म में पति-पत्नी के संबंध को केवल सांसारिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक भी माना गया है। यह रिश्ता प्रेम का, त्याग का, सहयोग का और कर्तव्य का प्रतीक है। पति ही पत्नी की रक्षा करता है, उसके सम्मान का ध्यान रखता है। वहीं, पत्नी पति का सहचर बनकर उसके सुख-दुख में साथ देती है और दोनों मिलकर परिवार रूपी वृक्ष को सींचते हैं। महाभारत के शांतिपर्व में भीष्म पितामह ने पत्नी के महत्व पर जोर देते हुए कहा था कि ह्लपति को सदैव पत्नी को प्रसन्न रखना चाहिए, क्योंकि उसी से वंशवृद्धि होती है, वही घर की लक्ष्मी है। यदि लक्ष्मी प्रसन्न होगी, तभी घर में सुख, समृद्धि और शांति का वास होगाह्व यह उपदेश आज भी प्रत्येक घर-परिवार के लिए प्रासंगिक है। जब पत्नी प्रसन्न रहती है तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। धार्मिक ग्रंथों में पत्नी के विभिन्न तरह के गुणों का वर्णन मिलता है। एक आदर्श पत्नी के लक्षण भी बताए गए हैं, जिसमें स्त्री को पतिव्रता होना, सहनशीलता रखना, मधुर वाणी बोलना, गृहकार्य में निपुण होना, बड़ों का सम्मान करना, धैर्यशीलता और निष्ठा का पालन करना। शास्त्रों में यह भी कहा गया है कि ऐसी पत्नी ही पति के लिए सौभाग्य का प्रतीक होती है। आज के परिप्रेक्ष्य में, समाज में जीवनशैली बदल गई है या कहे कि बदल रही है। महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर हो रही है, लेकिन पति-पत्नी के रिश्ते की बुनियादी भावना अब भी वही है प्यार, सम्मान और समझ। आज भी, विवाह जैसे पवित्र बंधन में वामांगी की अवधारणा का गहरा असर दिखता है, चाहे वह मंगलसूत्र बांधने की रस्म हो या फिर फेरे लेते समय पति का दायां और पत्नी का बायां स्थान लेना।

## इस बार टोपी में से जाति गणना निकाली

जनता को एक के बाद एक नए मुद्दे में उलझाना। इसे खुश होकर उनके भक्त कहते हैं कि यह हेडलाइन मैनेजमेंट हैं। खबरों की सुर्खियों में हम ही रहेंगे। टोपी में से कबूतर निकालने का जादू चलता रहेगा। इस बार जब 26 पर्यटकों की पहलगाम में हत्या हुई और लोग इसके जवाब में आतंकवाद का खात्मा मांग रहे थे तो मोदी जी ने टोपी में से जाति गणना निकाल दी। लड़ाई तो अब शुरू होगी। जाति गणना की राहुल गांधी की मांग को मोदी सरकार को मानना पड़ा। आम जनगणना में इस बार जातिवार गणना भी होगी। मगर गिनती हो जाना ही अपने आप में कुछ नहीं है। दलितों की आदिवासियों की गिनती है। दस साल बाद होने वाली हर जनगणना में होती है। हालांकि मोदी सरकार ने अभी तक जनगणना ही नहीं करवाई। 2021 में होना थी। मगर कोविड के बहाने उसे टाल दिया गया। जबकि 2021 में ही 5 राज्यों बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल, पुदुचेरी के विधानसभा चुनाव करवाए। इससे पहले 2020 में बिहार, दिल्ली के। और 2022 में उत्तर प्रदेश के चुनाव भी हुए। चुनाव कभी नहीं टाले। मगर पांच साल लेट हो गई जनगणना। जनगणना में सरकार के सामने सबसे बड़ी समस्या यही थी कि वह जाति गणना से कैसे बचे। मोदी सरकार ने उस समय संसद में कहा था कि वह अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा किसी और समुदाय की गणना नहीं करवाएगी। ऐसा ही जवाब उसने एक हलफनामे के जरिए सुप्रीम कोर्ट को दिया था। 2021 के बजट में जनगणना के लिए जो पैसा रखा था उसे केंसिल किया ( विलंबित ) अगले साल 2022 तक के लिए। अगले साल फिर 2023 तक के लिए। सरकार जाति गणना से बचने के लिए जनगणना को भी अभी तक टालती रही। मगर अब उसने अचानक यह फैसला ले लिया। इस पर बहुत सारी बातें हैं। सवाल हैं। कि अचानक क्यों? देश जब पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहा था। पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा था तब अचानक प्रधानमंत्री मोदी फैसला करते हैं कि हम तो जातिवार गणना कराएंगे। 11 साल से लोगों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। जनता जब जो चाहती है उसे वह न देकर दूसरे मामले में उलझा दिया जाता है। बेरोजगार नौकरी मांगते हैं उनसे कहा जाता है कि वह तुम्हारी भैंस खोल ले जाएंगे। महिलाएं कहती हैं कि आपने तो कहा था- ह्लबहुत हुआ नारी पर वार अबकी बार मोदी सरकार !ह्व तो कहते हैं कि अब तुम्हारा मंगल सूत्र ले जाएंगे! कुछ भी कह देते हैं। और कुछ नहीं मिला तो कह दिया कि मैं बायलॉजिकल ( मां की कोख से जनमा ) नहीं हूं। जनता को एक के बाद एक नए मुद्दे में उलझाना। इसे खुश होकर उनके भक्त कहते हैं कि यह हेडलाइन मैनेजमेंट हैं। खबरों की सुर्खियों में हम ही रहेंगे। टोपी में से कबूतर निकालने का जादू चलता रहेगा। इस बार जब 26 पर्यटकों की पहलगाम में हत्या हुई और लोग इसके जवाब में आतंकवाद का खात्मा मांग रहे थे तो मोदी जी ने टोपी में से जाति गणना निकाल दी। जाति गणना तो बहुत पुरानी मांग है। होना चाहिए थी। मगर इस समय घोषणा कुछ और चाहिए थी। आतंकवाद के खिलाफ। और घोषणा नहीं कार्रवाई। मगर मोदी जी को आदत पड़ गई है बातों से लोगों को बहलाने की। आखिर 11 साल से यही कर रहे हैं। मगर इस बार संभव नहीं लगता। दो बड़ी बातें हैं। पहली, बार-बार सीमा पार से आकर यहां लोगों को मारे जाने की घटनाएं और उन पर कोई कार्रवाई नहीं होना। पुलवामा में चालीस जवान शहीद, गलवान में बीस जवान और अब पहलगाम में 26 पर्यटक। दूसरी बात, इनके जवाब में जो मोदीजी जो जाति गणना लाए हैं वह उन्हें उलटी पड़ रही है। आरएसएस और भाजपा के मूल विचार यथास्थितिवाद के खिलाफ है। यह दक्षिणपंथी संगठन सामाजिक ढांचे में बदलाव के सख्त खिलाफ हैं। लेकिन समय की ऐसी बलिहारी है कि देश में सामाजिक ढांचे के बदलाव के आज तक के सबसे बड़े काम की घोषणा मोदी जी के हाथों होना थी। हो गई। बहुत अच्छा हुआ। सोचिए अगर यह घोषणा राहुल गांधी करते तो क्या होता? 1990 याद कर लीजिए। उसी तरह देश भर में बीजेपी इसके विरोध में हिंसक आंदोलन शुरू कर देती। युवाओं का आत्मदाह याद है! क्या भयावह समय था।

# युद्ध में आर्थिकी भी प्रभावी हथियार

**उल्लेखनीय है कि हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत बनाई जा रही है और सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक का मानना है कि भारत चुनौतियों के बीच नई संभावनाओं वाला देश है और भारत वैश्विक व्यापार को बढ़ाने वाला इंजन बन सकता है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार युद्ध के दौर में नीतिगत चुस्ती और दीर्घकालिन नजरिए से वैश्विक व्यापार चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति मजबूत है। निवेशकों का विश्वास बना हुआ है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित की जा रही है। उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, प्रशासन, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराई जा रही है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास संगठन (अंकटाड) के द्वारा जारी ट्रेड एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2025 में कहा गया है**





डॉ. जयंतीलाल भंडारी


(लेखक)

इन दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के द्वारा पाकिस्तान को सिखाए जाने वाले सबक के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर जो रिपोर्ट्स प्रकाशित हो रही हैं, उनमें कहा जा रहा है कि भारत सैन्य ताकत की दृष्टि से पाकिस्तान से मजबूत है और पाकिस्तान पर सैनिक कार्रवाई में कोई दिक्कत नहीं है। भारत के पास दुनिया का कूटनीतिक समर्थन है और इन सबके साथ-साथ भारत की आर्थिकी दमदार और मजबूत है। इन आधारों पर भारत पाकिस्तान से सभी प्रकार के युद्ध में विजेता बनते हुए दिखाई दे सकेगा। वस्तुतः इस समय जहां पूरा देश पाकिस्तान के साथ युद्ध सहित सभी विकल्पों से मुकाबले के लिए सरकार के साथ एकजुट खड़ा है, वहीं देश की मजबूत घरेलू आर्थिकी भी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के अधिकांश देशों की तुलना में भारत का शेयर बाजार तेजी से बढ की प्रवृत्ति दिखा रहा है। 30 अप्रैल को भारत का सेंसेक्स 80242 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया है। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है। माह अप्रैल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 2.09 लाख करोड रुपए स्तर पर पहुंच गया, जो किसी महीने अभी तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड राजस्व है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत बनाई जा रही है और सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक का मानना है कि भारत चुनौतियों के बीच नई संभावनाओं वाला देश है और भारत वैश्विक व्यापार को बढ़ाने वाला इंजन बन सकता है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार युद्ध के दौर में नीतिगत चुस्ती और दीर्घकालिन नजरिए से वैश्विक व्यापार चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति मजबूत है। निवेशकों का विश्वास बना हुआ है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित की जा रही है। उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, प्रशासन, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराई जा रही है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास संगठन (अंकटाड) के द्वारा जारी ट्रेड एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि वैश्विक मंदी की आशंका और बढ़ते व्यापार तनावों के बीच भी घटती ब्याज दर, घटती महंगाई और घरेलू अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी की दर से बढ़ते हुए दुनिया की सबसे तेजी से बढ वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में यद्यपि दुनिया में आर्थिक अनिश्चितता और व्यापार नीति में बदलाव के कारण विकास दर घटकर सिर्फ 2.3 फीसदी रह सकती है। पूरे दक्षिण एशिया में विकास दर 5.6 फीसदी रहने की संभावना है। कुछ देश जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका भारी कर्ज और महंगे खाद्य पदार्थों के चलते दबाव में रह सकते हैं, लेकिन टैरिफ चुनौतियों के बीच भी भारत में आर्थिक वृद्धि जारी रहेगी, क्योंकि सरकार सार्वजनिक खर्च को बढ़ा रही है और रिजर्व बैंक ने ब्याज दर में कटौती की है। इससे न केवल घरेलू खपत को सहारा मिलेगा, बल्कि निजी निवेश में भी उछाल आने की उम्मीद है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध के माहौल, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है। भारत अपने मजबूत स्थानीय और घरेलू बाजार से किसी भी आर्थिक झटके का सामना करते हुए आगे बढ की संभावना रखता है। इस समय छह महत्वपूर्ण आधार भारत की घरेलू आर्थिकी को मजबूती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें घटती महंगाई, घटती ब्याज दर, अच्छा मानसून, बढ़ता शेयर बाजार, मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति और ट्रंप के टैरिफ से मुकाबला करने की भारत की कूटनीतिक रणनीति शामिल है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) महंगाई और ब्याज दर में संतुलन बनाए रखने की नीति पर लगातार आगे बढ़ रहा है। 9 अप्रैल को आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती करते हुए इसे 6 फीसदी कर दिया है। साथ ही अब रिजर्व बैंक की आगामी बैठक में ब्याज दरों में अधिक कटौती की उम्मीदें मजबूत हो गई है। अब तक ब्याज दरें अधिक होने से उपभोक्ता कर्ज लेने से पीछे हट रहे थे और कर्ज की अधिक लागत से उद्यमी भी विस्तार की योजनाओं के लिए तत्परता नहीं दिखा रहे थे। ऐसे में नए फैसलों से लोगों की क्रयशक्ति और खपत बढ से विकास दर को गति दी जा सकेगी। निःसंदेह देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के जोरदार संकेत विकास दर को बढ़ाने वाले सकारात्मक संदेश हैं। भारत का शेयर बाजार दूसरे देशों की तुलना में बढ की प्रवृत्ति दिखा रहा है। रुपया मजबूत हो रहा है। निर्यात बढ़ रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट है। सरकार के पूंजीगत खर्च बढ से भी अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। देश के कोने-कोने में घरेलू बाजार को मेक इन इंडिया अभियान से शक्ति मिल रही है। लंबे समय तक दूसरे देशों से बड़ी संख्या में आयातित कई औद्योगिक उत्पाद देश में ही बनाए जा रहे हैं। लगातार स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्थानीय श्रम को अच्छे मूल्य पर जोर दिए जाने जैसे अभियान से शहरों से गांवों तक स्वदेशी सामान की खरीदी में जोरदार उछाल आया है। चीन से त्योहारी उत्पादों के आयात में कमी के साथ-साथ खिलौनों जैसी वस्तुओं के आयात में भी सराहनीय कमी आई है। इस समय देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति भी आर्थिकी के लिए अहम है। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने के अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं। इन सबके साथ-साथ एक और महत्वपूर्ण आधार भारत की आर्थिकी को नई शक्ति देने वाला है। भारत ट्रंप के टैरिफ की चुनौती के मुकाबले के लिए आर्थिक कूटनीति के साथ आगे बढ़ा है। निःसंदेह भारत दमदार आर्थिकी तैयार करते हुए आगे बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार के द्वारा घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना लाभप्रद होगा। भारत में आत्मनिर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा। इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे। जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, गतिशक्ति योजना का तेज क्रियान्वयन, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत के घरेलू बाजार की चमक बढ़ाई जा सकेगी।

# विश्लेषकों की राय में अमेरिकी विकास में महत्वपूर्ण मंदी है, परंतु अमेरिका में मंदी की आशंका नहीं है

**अमेरिका के 145 परसेंट के जवाब में चीन ने 125 पेर्सेंट टैक्स लगाई है, आज हम यह मुद्दा फिर से इसलिए याद दिला रहे हैं क्योंकि इस टैरिफ वार के चलते अमेरिका में आर्थिक मंदी के बादल मंडरा रहे हैं, क्योंकि 1 मई 2025 को आई रिपोर्ट की करें तो, 3 वर्षों मैं पहली बार अमेरिका की अर्थव्यवस्था में 0.3 फीसदी की गिरावट से जूझ रहा है जो संकेत है कि, हो सकता है मंदी की शुरूआत हो परंतु एक रेटिंग एजेंसी ने दावा किया है कि यह अर्थव्यवस्था के लिए गिरावट है परंतु अमेरिका में मंदी के आसार नहीं है। वैसे बता दें कि दिनांक 1 मई 2025 को अमेरिका यूक्रेन का खनिज संपदा पर समझौता हो गया है जो यूक्रेन के रिस्ट्रक्चर के लिए फंड बनाने सहित अनेको शर्तों बातों को शामिल किया गया है, इसलिए अमेरिका को भी लाभ मिल सकता है। परंतु कुल मिलाकर अमेरिकी टैरिफ ने अनेक देशों को हिलाकर रख दिया है, परंतु खुद भी अछूता नहीं रहा है,**





किशन सनमुखदास भावनानी

लेखक

वैश्विक स्तरपर हम पिछले कुछ महीनो से देख रहे हैं की टैरिफ वार से पूरी दुनियाँ में खलबली मची हुई है अमेरिका द्वारा अनेक देशों पर रेसिप्रोकल टैक्स लगाने से अर्थव्यवस्थाओं पर फर्क पड़ गया है, इसबीच अमेरिका व चीन के बीच टेरिफ वार के चलते बाकी देशों पर रेसिप्रोकल टैक्स को 90 दिनों के लिए रोक दिया गया है परंतु चीन अमेरिका टेरिफ पर डटे हुए हैं। अमेरिका के 145 परसेंट के जवाब में चीन ने 125 पेर्सेंट टैक्स लगाई है, आज हम यह मुद्दा फिर से इसलिए याद दिला रहे हैं क्योंकि इस टैरिफ वार के चलते अमेरिका में आर्थिक मंदी के बादल मंडरा रहे हैं, क्योंकि 1 मई 2025 को आई रिपोर्ट की करें तो, 3 वर्षों मैं पहली बार अमेरिका की अर्थव्यवस्था में 0.3 फीसदी की गिरावट से जूझ रहा है जो संकेत है कि, हो सकता है मंदी की शुरूआत हो परंतु एक रेटिंग एजेंसी ने दावा किया है कि यह अर्थव्यवस्था के लिए गिरावट है परंतु अमेरिका में मंदी के आसार नहीं है। वैसे बता दें कि दिनांक 1 मई 2025 को अमेरिका यूक्रेन का खनिज संपदा पर समझौता हो गया है जो यूक्रेन के रिस्ट्रक्चर के लिए फंड बनाने सहित अनेको शर्तों बातों को शामिल किया गया है, इसलिए अमेरिका को भी लाभ मिल सकता है। परंतु कुल मिलाकर अमेरिकी टैरिफ ने अनेक देशों को हिलाकर रख दिया है, परंतु खुद भी अछूता नहीं रहा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका में मंदी के आसार, वर्ल्ड ट्रेड वॉर में अमेरिका की अर्थव्यवस्था को 0.3 फीसदी की गिरावट से जोरदार झटका, भारत को अवसर की उम्मीद! साथियों बात अगर हम अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 0.3 फीसदी की गिरावट की करें तो बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मार्च तिमाही में यूएस इकॉनमी 0.3 फीसदी सिकुड़ी है,जिसके बाद आमेरिका में मंदी की आशंका बढ़ गई है ।अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ पॉलिसी ने दुनियाभर में हलचल मचाई और इस बीच खुद अमेरिका पर भी इसका असर दिखा. एक ओर जहां टेरीफ वार के बीच अमेरिकी शेयर बाजार ने तगड़ा गोता लगाया, तो अब यूएस इकॉनमी पर भी इसका असर दिखा है ।जी हां, तीन साल में पहली बार अमेरिकी अर्थव्यवस्था में गिरावट दर्ज की गई है और मार्च तिमाही में ये 0.3 फीसदी गिरी है ।इससे पहले साल 2024 की चौथी तिमाही में यूएस इकॉनमी 2.4 परसेंट की दर से आगे बढ़ी थी. ट्रंप 2.0 की शुरूआत के साथ ही रेसिप्रोकल टैरिफ के चलते छिड़ी ट्रेड वॉर के बीच अमेरिका को ये बड़ा झटका लगा है ।बता दें कि इस टैरिफ की जंग में सबसे ज्यादा दो बड़ी आर्थित ताकतों यूएस-चाइना के बीच ट्रेड वार चरम पर नजर आया है और इससे ग्लोबल अनिश्चितता बढ़ी है ।एक रिपोर्ट की मानें तो अमेरिका की जीडीपी में गिरावट के पीछे सबसे बड़ा कारण आयात में की जाने वाली भारी बढ़ोतरी है, इसमें एक्सपर्ट्स के हवाले से कहा गया है कि टैरिफ वॉर के बीच अमेरिकी कंपनियों ने भारी मात्रा में आयात किया है और इससे जीडीपी का आंकड़ा फिसला है। एक रिपोर्ट में अर्थव्यवस्था में मंदी के संकेत दिए गए हैं, उपभोक्ता खर्च घटा, मंदी की आशंका बढ़ीअमेरिका के बढ़ते आयात की वजह से आर्थिक विकास में भी 5 फीसदी अंक की गिरावट आई है। दूसरी तरफ उपभोक्ता खर्च भी तेजी से घटा है। विशेषज्ञ के मुताबिक अमेरिकी की अर्थव्यवस्था की हालत बिगड़ने के पीछे ट्रम्प की नीतियां बड़ी वजह हैं ?उपभोक्ता खर्च अमेरिका की जीडीपी का 70 पेर्सेंट हिस्सा है, अगर लोग डर के मारे खरीदारी बंद कर दें, तो स्थिति गंभीर हो सकती है ।अर्थशास्त्री के मुताबिक, अगले 12 महीनों में अमेरिका में मंदी की संभावना 55 परसेंट है। साथियों बात अगर हम अमेरिका में मंदी की संभावना की करें तो, मंदी आर्थिक गतिविधि में गिरावट की अवधि है, जिसे आम तौर पर आर्थिक संकुचन की कम से कम दो लगातार तिमाहियों द्वारा परिभाषित किया जाता है। हालांकि इसका अनुभव करना मुश्किल है, लेकिन मंदी आर्थिक चक्र का एक सामान्य हिस्सा है ।उपरोक्तपरिभाषा के अनुसार, अमेरिका वर्तमान में मंदी में नहीं है। हालाँकि 2025 की पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था सिकुड़ गई, लेकिन आर्थिक विश्लेषण ब्यूरो ने अनुमान लगाया कि 2024 की अंतिम तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था 2.4 पेर्सेंट बढ़ेगी। समय ही बताएगा कि 2025 की दूसरी तिमाही में क्या होगा। यदि हम नकारात्मक आर्थिक वृद्धि की एक और अवधिका अनुभव करतेहैं,तो संभवतगर्मियों तक अमेरिका आधिकारिक तौर पर मंदी की स्थिति में होगा। क्या मंदी आ रही है ?कई अर्थशास्त्री, वित्तीय विशेषज्ञ और निवेश बैंक निकट भविष्य में अमेरिका में मंदी की बढ़ती संभावना का अनुमान लगा रहे हैं। गोल्डमैन सैक्स के मंदी की 45 पेर्सेंट संभावना के अनुमान के अलावा,अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी इसी तरह कीसंभावनाएँ जारी कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, दुनिया के सबसे बड़े निवेश बैंक, जेपी मॉर्गन ने हाल ही में मंदी की अपनी अनुमानित संभावना को 40 पेर्सेंट से बढ़ाकर 60 पेर्सेंट कर दिया है, और सीएनबीसी फेड सर्वे के अनुसार , मंदी का जोखिम जनवरी में 23 पेर्सेंट से बढ़कर मार्च में 36 परसेंट हो गया ।किसी भी अनिश्चितता की तरह, आसन्न मंदी की संभावना इस बात पर निर्भर करती है कि आप किससे पूछ रहे हैं। लेकिन भले ही मंदी का पूरी सटीकता से पूर्वानुमान लगाना असंभव हो, लेकिन निम्नलिखित मीट्रिक कुछ संकेत दे सकते हैं::उपभोक्ता भावनाः उपभोक्ता भावना के माप अक्सर अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य से संबंधित होते हैं, और उपभोक्ता भावना में गिरावट अक्सर मंदी से पहले होती है। वर्तमान में, उपभोक्ता भावना कम हैः एक व्यावसायिक सदस्यता समूह, द कॉन्फ्रेंस बोर्ड के एक माप से पता चलता है कि मार्च में उपभोक्ता भावना 12 साल के निचले स्तर पर आ गई ।नीति अनिश्चितताः सामान्य अनिश्चितता अर्थव्यवस्था को कई तरह से प्रभावित कर सकती है। उदाहरण के लिए, यह भर्ती, निवेश और खर्च में कमी ला सकती है, जिससे अर्थव्यवस्था धीमी हो सकती है। प्रशासन में बदलाव से बहुत अनिश्चितता आ सकती है, और हाल ही में उद्घाटन कोई अपवाद नहीं था - खासकर टैरिफ और व्यापार के संबंध में ।मुद्रास्फीतिः मंदी मुद्रास्फीति के दौर के बाद भी आ सकती है, जिसका सामना अमेरिका पिछले कुछ सालों से कर रहा है। मुद्रास्फीति के कारण बैंक ब्याज दरें बढ़ा सकते हैं,

# जातिवार जनगणना के निहितार्थ, समाज की अपेक्षाओं का चलेगा पता

भारतीय राजनीति के लिए यह एक दुर्लभ क्षण है जब सत्ता पक्ष एवं विपक्ष, दोनों एकमत हुए हैं। दोनों पक्ष देश में जाति के आधार पर अगली जनगणना कराने के मुद्दे पर राजी हो गए हैं। अंतिम बार वर्ष 1931 में अंग्रेजों ने देश में जातीय जनगणना कराई थी। इस दूरगामी फैसले को सामाजिक न्याय मुहैया कराने और पिछड़ों के सशक्तीकरण से जोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है और सभी दल इसका श्रेय लेने के लिए अपना-अपना दावा पेश कर रहे हैं। भारतीय समाज की एक प्राचीन संस्था के रूप में जाति के अनेक संस्करण होते रहे हैं। शुद्धता और अपवित्रता की अवधारणा के इर्द-गिर्द फैली-पसरी जाति व्यवस्था से जुड़ी कुरीतियों के चलते आधुनिक दृष्टि प्रायः इसे लेकर चिंता प्रकट करती रही है। देश के सभी नेता इसे विभाजनकारी, शोषक और प्रगति के मार्ग में प्रमुख बाधा मानते आए हैं। जाति जन्म से जुड़ी एक पदानुक्रमिक सामाजिक श्रेणीकरण की परिपाटी है। परंपरा के अनुसार जाति व्यवस्था उस व्यक्ति के लिए सुविधाओं और प्रतिबंधों की परिधि बनाती चलती है। सामाजिक सीमा बनाती जाति खास तौर पर वैवाहिक संबंधों को अंतरजातीय परिधि में सीमित करते हुए सामाजिक गतिशीलता को रोकने वाली रही है। जाति व्यक्ति के निजी गुणों या व्यवहारों की उपेक्षा कर उसके ऊपर अपेक्षाओं का बोझ लादती है, जिसे उसे जीवन भर ढोना पड़ता है। जाति एक जटिल सामाजिक व्यवस्था है, जिसका स्वरूप समय और स्थान के साथ बदलता रहा है। कर्म पर आधारित चार वर्णों वाली मूल व्यवस्था कब जन्म आधारित जाति की रूढ़ि में ढल गई, यह कहना तो मुश्किल है, परंतु जाति की व्यवस्था ने निश्चित रूप से भारतीय समाज और उसके सोच-विचार को बुरी तरह से जकड़ लिया कि उससे उबरने की कोशिश कारगर न हो सकी। आज जाति की चेतना को लेकर देश में विचित्र स्थिति पैदा हो रही है। एक ओर जाति से जुड़े प्रतिबंध टूट रहे हैं तो दूसरी ओर प्रत्येक जाति की अलग संस्था बनाने का उन्माद भी दिख रहा है। लोग जाति से आसानी से जुड़कर अपनी सामाजिक पहचान बना लेते हैं और अतिरिक्त ऊर्जा का अनुभव करने लगते हैं, जो जाति की सदस्यता से मिलती है। यह प्रवृत्ति दिन-प्रतिदिन बलवती हो रही है। आज देश में जातियों और उपजातियों के नाम पर गठित संस्थाओं की भरमार हो रही है। अभिमान और गर्व के साथ लोग इन संस्थाओं का गठन कर रहे हैं, जिनका कथित उद्देश्य उस जाति विशेष के सदस्यों का कल्याण होता है। जाति के साथ नस्ली श्रेष्ठता जैसी भावना भी कुछ समुदायों में दिखती है। स्थानीय स्तर पर बने जाति संघ, जाति परिषद, जाति सेना या जातीय दल भी संबंधित समुदाय के लिए तरह-तरह के काम करते हैं। आज अगर किसी जाति का कोई संघ मौजूद नहीं है तो वह जाति अपने को कमतर मानती है और समुदाय बनाने चल पड़ती है। इस तरह आज भारतीय समाज में जाति का विरोध और जाति का समर्थन करने वाली, दोनों ही तरह की प्रवृत्तियां साथ-साथ पनप रही हैं। जाति की संस्था का विरोध और खंडन राजनीतिक और सामाजिक चिंतन के लिए वैचारिक आधार देता आया है। अब जाति सामाजिक आचार-विचार से अधिक राजनीतिक लक्ष्य के साथ अधिकाधिक जुड़ती जा रही है। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि आम चुनावों में पार्टियां प्रत्याशियों का चुनाव जाति को ध्यान में रखकर ही करती हैं। जाति से जुड़ाव एक आदिम सामाजिक जरूरत को पूरा करता है। राजनीतिज्ञ इसका लाभ उठाते हैं। लोकतंत्र में संख्या बल का महत्व है। इसलिए आज जातिगत समीकरण का खेल हर कहीं दिख रहा है। जिस क्षेत्र में जो जाति या उपजाति अधिक संख्या में होती है वहां से उसी जाति का प्रत्याशी खड़ा किया जाता है चाहे वह योग्य हो या न हो। यह प्रकट तथ्य है कि जाति और उपजाति को इस तरह प्रमुखता देना जाति की भावना को तीव्र करने वाला है। जाति को योग्यता मान कर हो रही राजनीति सिर्फ पूर्वाग्रह, भेदभाव और शोषण को बढ़ावा देने वाली साबित हो रही है। यह भी एक सत्य है कि जाति का बंधन भारतीय समाज के एक बड़े तबके के लिए विकास के मार्ग में रोड़ा बना रहा है। स्वतंत्र भारत में जाति के आधार पर होने वाले अमानवीय भेदभाव को समाप्त करने के लिए तमाम कदम उठाए गए हैं। साथ ही पीढ़ियों से शोषित समुदायों को राहत देने और दूसरों की तरह ही विकसित होने का समान अवसर देने के लिए संविधान में विशेष सुविधाओं का प्रविधान किया गया है। इनके लिए शिक्षा और नौकरी में आरक्षण देने की व्यवस्था हुई है। इन सुविधाओं की पात्रता को लेकर समय-समय पर विचार और संशोधन भी होता रहा है। इस क्रम में जातियों को अनुसूचित और अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी), दलित, महादलित आदि की श्रेणियां बनाई गईं और इनके लिए आवश्यक सुविधाओं का निर्धारण किया गया है। अब लगभग एक सदी बाद भारत में जातियों का आकलन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण होगा। इससे न केवल सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तन का मानचित्र उभरेगा, बल्कि समाज की अपेक्षाओं का भी पता चलेगा। इस प्रयास में समाज विज्ञानियों का भी सहयोग लिया जाना लाभदायक होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़कें या रेलमार्ग अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई: मान

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सभी संस्थाओं, संगठनों और यूनियनों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि धरना प्रदर्शन कर सड़क या रेलमार्ग अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की जाएगी। भगवंत मान ने सोमवार को एक्सपर अपने एक संदेश में कहा कि पंजाब में ऐसी कोई भी घोषणा, विरोध या हड़ताल जिससे सड़कें या रेलें अवरुद्ध हों या आम लोगों को परेशानी हो और उनकी दैनिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न हो, उसे जनता के विरुद्ध माना जाएगा। सभी संस्थाओं, संगठनों और यूनियनों को ध्यान देना चाहिए। विरोध करने के और भी तरीके हैं, सिर्फ लोगों को परेशान करना सही नहीं है। अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

### हैदराबाद में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के लिए रेड कार्पेट

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आयोजन में सहभागिता के लिए यहां पहुंचने वाले 120 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों का भव्य और सांस्कृतिक शान के साथ स्वागत किया जाएगा। शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर विशेष व्यवस्था की गयी है, जहां अंतरराष्ट्रीय सुंदरियों का पारंपरिक तेलंगाना शैली में स्वागत किया जाएगा। प्रतिभागियों के सुगम आगमन की सुविधा के लिए समर्पित लाउंज और हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। राज्य की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने के लिए यहां के पर्यटक आकर्षणों के प्रतीकों से सजे स्वागत मेहराब प्रमुख स्थानों पर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि तेलंगाना पर्यटन विभाग तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सभी स्वागत क्षेत्रों में तेलंगाना जरुर आनाका स्लोगन प्रमुखता से प्रदर्शित किया जा रहा है, जिससे वैश्विक आयोजन के लिए एक आकर्षक और उत्सवी माहौल तैयार हो रहा है।

### यादव आज मंडला और जबलपुर जिले के दौरे पर

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज मंडला और जबलपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। डॉ यादव सुबह राजधानी भोपाल में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मध्य प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध संघ के मध्य संपादित अनुबंध के पश्चात किए जाने वाली कार्यवाही के संबंध में बैठक करेंगे। इसके बाद वे दोपहर को मंडला जिले के बिछिया में रामनगर किला जाएंगे। रामनगर किला में वे आदि उत्सव आदिवासी गौरव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। यहां से वे जबलपुर की पाटन विधानसभा के मझौली में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

### श्रीनगर में महिला पर हमला करने के आरोप में चार गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर पुलिस ने रविवार की शाम शहर के बाहरी इलाके में एक खानाबदोश महिला पर हमला करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वाटर वर्क्स रोड, निशात के पास यौन उत्पीड़न की कथित घटना की सूचना मिली। महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। निशात थाने में कानून की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है और अपराध में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच जारी है।

### राजस्थान में दिखा पश्चिम विक्षोभ का असर, बारिश को लेकर अलर्ट जारी

राजस्थान। देश के कई राज्यों में पश्चिम विक्षोभ का असर दिखाई दे रहा है। राजस्थान में सोमवार सुबह से ही तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। इस दौरान ब्यावर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद में मौसम का खास असर दिखाई दिया। सवेरे से ही तेज आंधी और अंधड़ के साथ बारिश शुरू हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आंधी, वज्रपात और मेघगर्जन को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है।सोमवार की सुबह से ब्यावर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज बारिश हो रही है। अचानक हुई बारिश और तेज ठंडी हवा से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बादलों की गर्जना के साथ रुक-रुक कर बारिश हो रही है। तेज बारिश के कारण आसपास के क्षेत्रों में बिजली कटौती की गई है। मौसम विभाग ने कई इलाकों में बारिश और तेज आंधी का अलर्ट जारी किया है।वहीं, चित्तौड़गढ़ में भी पश्चिमी विक्षोभ का देखने को मिला। सवेरे से ही तेज आंधी और अंधड़ के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ।

# गुजरात बोर्ड की कक्षा 12वीं का रिजल्ट जारी, सामान्य स्ट्रीम में बनासकांठा अव्वल

प्रात : किरण/एजेंसी

गांधीनगर। गुजरात माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (जीएसईबी) ने सोमवार को गुजरात बोर्ड की कक्षा 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। गुजरात के शिक्षा मंत्री प्रफुल्ल पनसेरिया और कुबेर डिडोर ने परिणामों की घोषणा की। गुजरात सरकार में मंत्री कुबेर डिंडोर ने 12वीं के बोर्ड रिजल्ट की घोषणा करते हुए बताया, 2024-2025 में हमने फरवरी-मार्च 2025 के दौरान कक्षा 12 विज्ञान स्ट्रीम और सामान्य स्ट्रीम परीक्षाएं आयोजित कीं और उनके साथ 2025 में गुजरात कॉमन एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा भी आयोजित की। आज, हमने विज्ञान स्ट्रीम, सामान्य स्ट्रीम और गुजरात कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के परिणामों की घोषणा की है। उन्होंने आगे कहा, मुझे इन परिणामों की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। इस वर्ष, कक्षा 12 विज्ञान स्ट्रीम के लिए 152 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। कुल 1,00,725 छात्र नामांकित थे, जिनमें से 1,00,575 छात्र



परीक्षा में शामिल हुए और 83,987 छात्र पास हुए हैं। कुबेर डिंडोर ने बताया कि सामान्य स्ट्रीम का परिणाम 93.7 प्रतिशत रहा है। इसके अलावा, सामान्य स्ट्रीम में बनासकांठा जिला 97.20 प्रतिशत के साथ राज्य में पहले स्थान पर है।

साइंस स्ट्रीम में मोरबी जिला का रिजल्ट 92.51 प्रतिशत रहा, जबकि दाहोद 59 प्रतिशत के साथ सबसे अंतिम स्थान पर है।गुजरात सरकार में मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि मैं सभी छात्र-छात्राओं को पास होने के लिए बधाई देता हूं। साथ ही यह भी बताना चाहता हूं कि अगर किसी भी छात्र या छात्रा को रिजल्ट से परेशानी है या फिर उनकी परीक्षा छूट गई है तो वह गुजरात माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (जीएसईबी) के पास इसके लिए अपील कर सकता है। बोर्ड की वेबसाइट पर परिणाम घोषित होने में 10 मिनट की देरी हुई। बता दें कि 12वीं सामान्य स्ट्रीम के परिणाम में 3 लाख 37 हजार से अधिक विद्यार्थी पास हुए हैं। विज्ञान स्ट्रीम में मोरबी जिला प्रथम स्थान पर है।

# पुंछ में सेना को मिली बड़ी सफलता, तलाशी अभियान के दौरान आतंकी ठिकानों से 5 आईईडी बरामद

प्रात : किरण/एजेंसी

पुंछ। पहलगाम हमले के बाद से सेना, पुलिस और विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने दक्षिण कश्मीर के घने जंगलों और आसपास के इलाकों में चप्पे-चप्पे पर तलाशी शुरू कर दी है। वीडियो सर्विलांस और ड्रोन के जरिए आतंकियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में एसओजी को सर्च अभियान के दौरान बड़ी सफलता मिली है।पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के मरहोट क्षेत्र में रविवार देर रात सुरक्षा बलों, सेना, पुलिस और एसओजी के साझा तलाशी अभियान के दौरान ध्वस्त किए गए आतंकी ठिकानों से पांच आईईडी, वायरलेस सेट और कुछ कपड़े बरामद हुए हैं। सुरक्षाबलों ने इस सामग्री को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह ठिकाना कब और किस आतंकी संगठन ने तैयार किया था। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षाबलों ने अनंतनाग, कुलगाम, पुलवामा, त्राल, सोपोर, बारामुल्ला,




कुपवाड़ा और बांदीपुरा जैसे आठ प्रमुख क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। वहीं, पाकिस्तानी सेना ने सोमवार को लगातार 11वें दिन जम्मू एवं कश्मीर नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय चौकियों पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की, जिसका भारतीय सैनिकों ने तुरंत और उचित जवाब दिया। रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है, ह्र04-05 मई 2025 की रात के दौरान, पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के आसपास के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। मंत्रालय ने बयान में कहा, भारतीय सेना ने त्वरित एवं उचित जवाब दिया। 3 और 4 मई की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के आसपास के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने तुरंत और उचित जवाब दिया। भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध अनेक कदम उठाए हैं, जिनमें भारतीय भूमि से उसके नागरिकों को वापस भेजना, अटारी-वाघा सीमा को बंद करना, सिंधु जल संधि को स्थगित करना, पाकिस्तानी वाणिज्यिक उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करना तथा दोनों देशों के बीच सभी व्यापारिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को रद्द करना शामिल है।

# हिंसा के बाद पहली बार मुर्शिदाबाद जाएंगी सीएम ममता बनर्जी, कई कार्यक्रमों में लेंगी हिस्सा

प्रात : किरण/एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को मुर्शिदाबाद जिले का दौरा करेंगी, जहां वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हिंसा हुई थी और कई लोगों की जान गई थी। मुर्शिदाबाद में बीते दिनों भड़की हिंसा के बाद ममता बनर्जी का यह जिले का पहला दौरा है।मुर्शिदाबाद के धुलियान इलाके में 11 अप्रैल को हिंसा भड़की थी, जिसके परिणामस्वरूप तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। यह हिंसा वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के पारित होने के बाद शुरू हुई थी, जिसके खिलाफ व्यापक प्रदर्शन हुए।

हिंसा के जवाब में ममता बनर्जी ने अपने दौरे की घोषणा की, जिसमें प्रभावित क्षेत्रों का दौरा शामिल होने की उम्मीद है। सुति विधानसभा क्षेत्र के चपघाटी मैदान में एक प्रशासनिक बैठक



भी उनकी मौजूदगी में प्रस्तावित है।मुख्यमंत्री मंगलवार को शमशेरगंज में एक सेवा-उन्मुख कार्यक्रम में भाग लेने वाली हैं, जहां तनाव अधिक था। ममता बनर्जी की यात्रा में एक फॉलो-अप प्रशासनिक समीक्षा सत्र भी शामिल है। इसके अगले दिन बरहमपुर से बालुरघाट के लिए रवाना होंगी। इससे पहले, ममता बनर्जी ने हिंसा पर दुख जताया और इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। साथ ही इस हिंसा में शामिल जिम्मेदार लोगों की निंदा की।

मिदनापुर में आयोजित एक प्रशासनिक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था, ह्रहम दंगे नहीं चाहते। कुछ बाहरी लोगों ने इसे आयोजित किया, लेकिन हम उनकी साजिश को उजागर करेंगे। ममता बनर्जी का यह दौरा राज्यपाल सीवी आनंद बोस और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के दौरों के बाद हो रहा है, जिन्होंने हिंसा प्रभावित शमशेरगंज का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया था। मुर्शिदाबाद जिला विवादास्पद कानून के खिलाफ प्रदर्शनों के कारण राजनीतिक और सामाजिक तनाव का केंद्र रहा है।

# केरल: टीकाकरण के बावजूद रेबीज से सात वर्षीय बच्ची की मौत

प्रात : किरण/एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केरल के कोल्लम जिले में सात वर्षीय बच्ची की सोमवार तड़के एक सरकारी अस्पताल में रेबीज के संक्रमण से मौत हो गई, जबकि समय पर उसे टीका लगाया गया था। परिवार के सदस्यों ने यह जानकारी दी।निया कोल्लम जिले के कुननिकोड की रहने वाली थी और उसे कुछ दिन पहले श्री अवित्तम तिरुनाल (एसएटी) अस्पताल में जीवनरक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर रखा गया था। उसके रेबीज संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी।

इस घटना से कुछ दिन पहले ही केरल के मलप्पुरम जिले में छह वर्षीय एक बच्ची की भी रेबीज से मौत हो गई थी, जबकि उसे भी समय पर टीका लगाया गया था।निया की मां पत्रकारों से कहा, "हमारे घर के पास कूड़े का ढेर लगा रहता है। हमने कई बार लोगों से वहां कूड़ा न फेंकने की अपील की, लेकिन किसी ने नहीं



सुनी। उसी कूड़े की वजह से आवारा कुत्ते वहां इकट्ठा होते थे और एक दिन उन्होंने मेरे सामने ही मेरी बेटी पर हमला कर दिया।" परिवार और चिकित्सकों ने शुक्रवार को पुष्टि की कि बच्ची को रेबीज रोधी टीके निर्धारित अंतराल में दिए गए थे, इसके बावजूद वह वायरस के संक्रमण से नहीं बच सकी।निया की मां के अनुसार, आठ अप्रैल को निया घर के पास खड़ी थी। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने बच्ची को कोहनी पर काट लिया था। इसके बाद परिजनों ने तत्काल उसके जख्म को धोया और उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उसे रेबीज रोधी टीका लगाया गया।

बाद में, उसे पुनालूर तालुक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे अतिरिक्त दवाएं और टीके दिए गए। लेकिन कुछ दिन पहले बच्ची को काटे गए स्थान पर तेज दर्द और बुखार होने लगा, जिसके बाद उसे फिर अस्पताल में भर्ती कराया गया।एसएटी अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि अगर कुत्ता सीधे किसी नस पर काट ले, तो वायरस सीधे मस्तिष्क तक पहुंच सकता है। ऐसे मामलों में यह कहना मुश्किल होता है कि टीका कितना प्रभावी रहेगा। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने कहा कि केरल के सरकारी अस्पतालों में टीके गुणवत्ता जांच के बाद ही लगाए जाते हैं।

# तेलंगाना के युवा पर्वतारोही ने मणिपुर की सबसे ऊंची चोटी फतह की

प्रात : किरण/एजेंसी

इम्फाल। तेलंगाना के 20 वर्षीय एक पर्वतारोही ने मादक पदार्थों के सेवन और विभिन्न सट्टेबाजी ऐप के खिलाफ संदेश फैलाने के उद्देश्य से मणिपुर की सबसे ऊंची चोटी माउंट टेम्पू पर चढ़ाई की है। यह पर्वत चोटी सेनापति जिले में स्थित है।



तेलंगाना में बीकॉम की पढ़ाई कर रहे भुक्या यशवंत ने बताया कि पिछले 10 दिन में उन्होंने त्रिपुरा की सबसे ऊंची चोटी बेत्लिंगछिप (थैदावर), अरुणाचल प्रदेश की माउंट गोरीचेन और मणिपुर की माउंट इसो (माउंट टेम्पू) पर चढ़ाई की है।

यशवंत ने कहा, "देशभर में हजारों लोग सट्टेबाजी ऐप के आदी होकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं और नशे की लत की ओर तेजी से बढ़ रही है। इनके खिलाफ सामाजिक संदेश फैलाने के लिए मैंने अपने पर्वतारोहण के जुनून को इस अभियान से जोड़ा है।" उन्होंने बताया कि माउंट इसो की चढ़ाई उन्होंने असम राइफल्स के दो अधिकारियों के साथ की।

यशवंत ने कहा, "असम राइफल्स के अधिकारियों की उपस्थिति, समर्थन और उनके साथ होने की भावना ने इस अभियान को और भी यादगार और प्रेरणादायक बना दिया।" यशवंत ने बताया कि उनका उद्देश्य देश के हर राज्य की सबसे ऊंची चोटी पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना है, जिसे वह 'हर शिखर पर तिरंगा' अभियान के तहत पूरा करना चाहते हैं।करीब 3,000 मीटर ऊंची माउंट इसो पर चढ़ाई के अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा, "इलाका बहुत ही खड़ी चढ़ाई वाला था और मौसम काफी ठंडा था, लेकिन चढ़ाई के दौरान शरीर गर्म हो गया और सब ठीक रहा।" उन्होंने बताया कि वह मंगलवार को मिजोरम के लिए रवाना होंगे और वहां की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई करेंगे। उनका लक्ष्य अगले कुछ दिन में पूर्वोत्तर के सभी राज्यों की सबसे ऊंची पर्वत चोटियों पर चढ़ना है।यशवंत ने बताया कि उन्होंने 16 वर्ष की उम्र से पर्वतारोहण शुरू किया था और 2021 में अफ्रीका की माउंट किलिमंजारो पर भी चढ़ाई की। उन्होंने कहा, "हर पर्वत शिखर, हमारे तिरंगे और भारत को समर्पित है।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'पाकिस्तान का समर्थन' करने पर अब तक 42 लोग गिरफ्तार

प्रात : किरण/एजेंसी

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद 'भारतीय धरती पर पाकिस्तान का समर्थन करने' के आरोप में राज्य के विभिन्न हिस्सों से तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिससे अब तक असम में गिरफ्तार किए गए ऐसे लोगों की कुल संख्या 42 हो गई है।

शर्मा ने रविवार देर रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बारपेटा, होजई और चिरांग जिलों से एक-एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने कहा, "भारतीय धरती पर पाकिस्तान का बचाव करने वाले देशद्रोहियों के खिलाफ कार्रवाई पर ताजा जानकारी अब तक कुल 42 देशद्रोहियों को सलाखों के पीछे भेजा गया।"इससे पहले, विपक्षी दल 'ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट' (एआईयूडीएफ) विधायक अमीनुल इस्लाम को पहलगाम आतंकवादी हमले में पाकिस्तान और उसकी मिलीभगत का कथित रूप से बचाव करने के लिए देशद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया गया था।मुख्यमंत्री ने जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के बाद शुक्रवार को 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने वालों की टांगें तोड़ने की धमकी दी थी।पंचायत चुनावों के लिए एक प्रचार रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना को शक्ति देने के लिए प्रार्थना करने की अपील की, ताकि दुनिया के किसी भी कोने में छिपे पाकिस्तानी आतंकवादियों को पकड़कर 'उनकी टांग तोड़ दी जाएं।"दक्षिण कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल बैसरन (पहलगाम) में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

# दक्षिण मुंबई में कपड़ों के शोरूम में आग लगी, आठ लोगों को बचाया गया

प्रात : किरण/एजेंसी

मुंबई। दक्षिण मुंबई के पेडर रोड इलाके में एक रिहायशी इमारत के भूतल पर स्थित कपड़ों के शोरूम में सोमवार सुबह आग लग गई। नगर निकाय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि आग लगने की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि छह मंजिला इमारत से आठ लोगों और कुछ पालतू पशुओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब छह बजकर 38 मिनट पर सुखशांति भवन के भूतल पर स्थित शोरूम में आग लग गई।

दमकल अधिकारियों ने इमारत की पहली मंजिल से आठ लोगों और चौथी मंजिल से पांच पालतू पशुओं को सुरक्षित बाहर निकाला।नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि आग बिजली के तार, बिजली के उपकरणों और शोरूम में रखे कपड़ों के भंडार तक ही सीमित रही और पूरा शोरूम धुएं से भर गया। उन्होंने बताया कि दमकल की आठ गाड़ियों और अन्य अग्निशमन वाहनों को मौके पर भेजा गया।अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब आठ बजकर 15 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया और आग बुझाने का अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस, नगर निगम के अधिकारी तथा अन्य एजेंसियों के कर्मचारी भी घटनास्थल पर मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# ममता बनर्जी के मुर्शिदाबाद दौरे पर दिलीप घोष ने उठाए सवाल, बोले- पहले क्यों नहीं गईं

प्रात : किरण/एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रस्तावित मुर्शिदाबाद दौरे को लेकर बीजेपी ने तीखा हमला बोला है। बीजेपी नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने ममता बनर्जी पर मुर्शिदाबाद हिंसा में हिंदू पीड़ितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। घोष ने कहा कि ममता को हिंसा प्रभावित इलाकों में पहले ही जाना चाहिए था, लेकिन उन्होंने इमामों के साथ बैठकें और मंदिरों के उद्घाटन को प्राथमिकता दी। दिलीप घोष ने ममता बनर्जी की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, ममता बनर्जी को मुर्शिदाबाद पहले ही जाना चाहिए था। वह क्यों नहीं गईं? उन्होंने इमामों को बुलाया, बैठकें कीं, उनकी प्रशंसा की और मंदिरों का उद्घाटन किया, लेकिन वह उन जगहों पर कभी नहीं गईं जहां हिंदू पीड़ित थे। मुर्शिदाबाद और मालदा में हिंदुओं को बार-बार उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। उनके घर नष्ट कर दिए गए, संपत्ति जला दी गई और उन्हें वहां से पलायन करना पड़ा। ममता ने इसके बारे में कभी कुछ नहीं कहा। अब वह इतनी देर से जा रही हैं कि सारे सबूत मिटा दिए जाएंगे और वहां कुछ भी नहीं बचेगा। उन्हें वहां पहले ही जाना चाहिए था। वह क्यों नहीं गई?

मुर्शिदाबाद में 11 और 12 अप्रैल को वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी और सैकड़ों लोग बेघर हो गए थे। बीजेपी ने दावा किया है कि इस हिंसा में हिंदुओं को निशाना बनाया गया और करीब 400 हिंदू परिवारों को अपने घर छोड़कर मालदा और झारखंड के पकुर जिले में शरण लेनी पड़ी। बीजेपी ने ममता सरकार पर अल्पसंख्यक तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि वह हिंसा के पीड़ित हिंदुओं के प्रति उदासीन रही हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वक्फ कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में भड़की हिंसक झड़पों, मौतों और बर्बरता की घटनाओं के बाद सोमवार को मुर्शिदाबाद जिले का दौरा करने वाली हैं। क्षेत्र में फैली अशांति के बाद बनर्जी का यह जिले का पहला दौरा है।

# पंजाब: अमृतसर में आतंकी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

प्रात : किरण/एजेंसी

अमृतसर। पंजाब पुलिस ने आतंकी और आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान विजय मसीह, अग्रेज सिंह और इकबाल सिंह के रूप में हुई है, ये सभी तरनतारन के निवासी हैं। इनके तार ब्रिटेन स्थित गैंगस्टर धर्मप्रीत सिंह उर्फ धर्म संधू और तरनतारन के जस्सा पट्टी से जुड़े हैं।

पुलिस ने इनके कब्जे से 3 ग्लॉक पिस्तौल, 3 बेरेटा 30 बोर पिस्तौल, 20 जिंदा कारतूस (9 मिमी), 20 जिंदा कारतूस (30 बोर), 4 मोबाइल फोन और एक एक्टिवा स्कूटर बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि ये तीनों अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों के साथ संपर्क में थे और अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल थे। पुलिस ने थाना लोपोके में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, ताकि इस नेटवर्क की पूरी जानकारी सामने आ सके। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्रआतंकी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने तीन सहयोगियों विजय मसीह, अग्रेज सिंह और इकबाल सिंह, सभी तरनतारन के निवासी को गिरफ्तार किया है, जो ब्रिटेन स्थित गैंगस्टर धर्मप्रीत सिंह उर्फ धर्म संधू और तरनतारन के जस्सा पट्टी से जुड़े हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 3 ग्लॉक पिस्तौल, 3 बेरेटा 30 बोर पिस्तौल, 20 जिंदा कारतूस (9 मिमी), 20 जिंदा कारतूस (30 बोर), 4 मोबाइल फोन और 1 एक्टिवा स्कूटर बरामद किया है। शुरूआती जांच से पता चलता है कि तीनों अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों के साथ सक्रिय संपर्क में हैं और अवैध हथियारों की आवाजाही में शामिल हैं। पुलिस थाना लोपोके में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। नेटवर्क की पूरी हद को उजागर करने के लिए आगे की जांच जारी है। पंजाब पुलिस संगठित अपराध को खत्म करने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं बीते दिनों पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पंजाब के माहौल को खराब करने की साजिशों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ह्रपंजाब का माहौल खराब करने की अंतरराष्ट्रीय कोशिश चल रही है। सरकार उनके मॉड्यूल को ध्वस्त कर इसका मुंहतोड़ जवाब दे रही है। पहलगाम की घटना के बाद पंजाब पुलिस भी लगातार बीएसएफ के संपर्क में है। पंजाब पुलिस ने सीमावर्ती जिलों में अपनी मौजूदगी भी बढ़ा दी है।

# तमिलनाडु: करूर के महा मरिअम्मन मंदिर में 17 वर्षीय किशोर की चाकू मारकर हत्या

प्रात : किरण/एजेंसी

करूर, (तमिलनाडु)। तमिलनाडु के करूर जिले के कुलीथलाई में महा मरिअम्मन मंदिर में पूचोरीथल समारोह के दौरान 17 वर्षीय श्याम सुंदर की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। यह घटना उस समय हुई, जब उत्सव में शामिल लोग नाच रहे थे और एक छोटी सी बात ने हिंसक रूप ले लिया।

यह घटना तब हुई जब श्याम सुंदर पूचोरीथल समारोह के दौरान नाच रहा था और नागेंद्रन नामक एक व्यक्ति सहित लोगों का एक अन्य समूह गलती से उस पर गिर गया। जब श्याम सुंदर ने उन्हें दूर हटने के लिए कहा, तो नागेंद्रन ने उस पर चाकू से वार कर दिया। चाकू के गंभीर घावों की वजह से श्याम सुंदर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए, जिससे उत्सव में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह घटना इतनी तेजी से हुई कि किसी को हस्तक्षेप करने का मौका ही नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। श्याम सुंदर के शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है और हत्या का मामला दर्ज किया गया है। अपराधियों की तलाश में दो विशेष पुलिस टीमें गठित की गई हैं, जो नागेंद्रन और उसके साथियों की तलाश में छापेमारी कर रही हैं। यह घटना महा मरिअम्मन मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान हुई, जो स्थानीय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है। इस उत्सव में बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेते हैं। इस दौरान नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हालांकि, इस बार एक छोटे से विवाद ने उत्सव को खून से रंग दिया। स्थानीय लोगों ने घटना पर दुख जताते हुए प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस महकमे के अधिकारियों ने बताया कि वे सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर मामले की जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि नागेंद्रन और श्याम सुंदर के बीच पहले से कोई विवाद नहीं था और यह घटना तात्कालिक गुस्से का नतीजा थी।

# नागालैंड के शैक्षणिक अनुभव से संवरेगी यूपी की शिक्षा प्रणाली

प्रात: किरण/एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की शिक्षा प्रणाली में बदलाव की कोशिशें नए मुकाम की ओर बढ़ रही हैं। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), लखनऊ के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में नागालैंड का पांच दिवसीय शैक्षणिक दौरा (26झ30 अप्रैल 2025) किया, जहां उन्होंने नागालैंड के प्रभावी शैक्षणिक मॉडल, सामुदायिक भागीदारी और नवाचारों को नजदीक से देखा और अनुभव किया। यह दौरा प्रदेश के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट्स) को भविष्य में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के रूप में स्थापित करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण प्रेरणा साबित हो सकता है।इस दौरे का नेतृत्व कर रहे एससीईआरटी लखनऊ के संयुक्त निदेशक डॉ. पवन सचान के साथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस डायट्स के प्राचार्य, एससीईआरटी के अधिकारी और ह्यमंत्र फिर 4 चेंजह्ल के प्रतिनिधियों ने न केवल शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया, बल्कि गांवों और स्कूलों में जाकर ग्रासरूट स्तर की वास्तविकताएं समझीं। कुल मिलाकर, यह दौरा कोई जादुई समाधान नहीं, बल्कि एक प्रेरक कदम है, जिससे उत्तर प्रदेश में शिक्षा सुधार की मौजूदा यात्रा को नई ऊर्जा और दृष्टि मिल रही है। यह दौरा उत्तर प्रदेश में जारी शिक्षा सुधार प्रक्रियाओं के लिए एक नया दृष्टिकोण और प्रेरणा लेकर आया है। एससीईआरटी लखनऊ इन अनुभवों का विश्लेषण कर अब विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल,



रिसर्च यूनिट सुदृढ़ीकरण, सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने वाली पहल और डिजिटल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड की योजना बना रहा है। यह सब कुछ जल्द लागू नहीं होगा, बल्कि एक सुनियोजित कार्ययोजना के तहत धीरे-धीरे आगे बढ़ेगा।प्रतिनिधिमंडल को नागालैंड की सामुदायिक भागीदारी, अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन मॉडल, रिसर्च और मूल्यांकन व्यवस्था से जुड़े कई अहम दस्तावेज और अनुभव मिले। खोनोमा हेरिटेज विलेज (भारत का सबसे हरा गांव), जखमा और चीचेमा जैसे स्कूलों में जाकर उन्होंने देखा कि वहां शिक्षा केवल संस्थागत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समुदाय का साझा प्रयास है। नागालैंड दौरे का नेतृत्व करने वाले एससीईआरटी लखनऊ के संयुक्त निदेशक डॉ. पवन सचान ने कहा, हमें डायट्स में ईमानदारी, पारदर्शिता और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना होगा। नागालैंड से मिले अनुभव हमें यह दिखाते हैं कि कैसे छोटे-छोटे नवाचार बड़े बदलाव की नींव रख सकते हैं। हम इन अनुभवों को ध्यान में रखते हुए यूपी में जारी सुधार प्रयासों को और अधिक मजबूत बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। नागालैंड दौरे से यूपी को कई स्तरों पर लाभ होने की उम्मीद है। पहला, रिसर्च-बेस्ड इनोवेशन की दिशा में, जहां प्रदेश के डायट्स स्थानीय संदर्भों के अनुसार नवाचार विकसित कर सकेंगे। दूसरा, नेतृत्व और शिक्षक प्रशिक्षण में, जिसके लिए विशेष ट्रेनिंग मॉड्यूल बनाए जाएंगे। तीसरा, सामुदायिक सशक्तिकरण के संदर्भ में, जिससे गांव-स्कूल सहयोग को नीति का हिस्सा बनाया जाएगा और चौथा, फाउंडेशनल लिटरेसी एंड नुमेरसी लक्ष्य की दिशा में, जहां शुरूआती कक्षाओं में पढ़ने-लिखने और गणना की क्षमताओं को मजबूत किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### फांसी पर लटकता मिला लापता युवक का शव

अमेठी (उप्र)। अमेठी जिले के जामो क्षेत्र में एक युवक का शव सोमवार सुबह पेड़ पर फांसी से लटकता मिला। उसके परिजन ने हत्या की आशंका जताई है।पुलिस सूत्रों ने बताया कि जामो थाना क्षेत्र के जगेश्वर गंज गांव के निवासी गया प्रसाद (28) का शव गांव के निकट जंगल में पेड़ से लटकता मिला है।उन्होंने बताया कि मृतक युवक के पिता मातादीन का कहना है कि उनका बेटा शौच के लिए चार अप्रैल की शाम करीब छह बजे गया था। उन्होंने कहा कि काफी देर तक नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन की गयी मगर उसका पता नहीं लगा। आज सुबह गया प्रसाद का शव गांव से कुछ दूरी पर जंगल में एक पेड़ पर फांसी से लटकता पाया गया।माता दीन का दावा है कि उनके बेटे ने आत्महत्या नहीं की है और उसकी गला दबाकर हत्या करके शव को फांसी से लटका दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच की जा रही है।

### उप्र के बहराइच में सरयू नदी में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

बहराइच (उप्र)। बहराइच जिले के नानपारा क्षेत्र में सरयू नदी में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि नानपारा थाना क्षेत्र के सरैया निवासी सगे भाई अनुज (नौ) व मनोज (छह) रविवार की शाम सरयू नदी के दूसरी ओर गेहूं काटने गई अपनी मां चांदनी से मिलने जा रहे थे।नदी पार करने के लिए वहां नाव नहीं थी तो दोनों ने तैरकर नदी पार जाने का फैसला किया और नदी में छलांग लगा दी।उन्होंने बताया कि दोनों बच्चे कुछ ही दूर पहुंचे थे कि वे डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने नदी में उतरकर उन्हें बचाने की कोशिश की लेकिन जब तक उन्हें बाहर निकाला जाता तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।सूचना मिलने पर तहसीलदार अंबिका चौधरी व कोतवाल रामाज्ञा सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच की। तहसीलदार ने संवाददाताओं को बताया कि दोनों बच्चे नदी के दूसरी ओर मौजूद अपनी मां से मिलने के लिए नदी में उतरे थे, इसी दौरान डूब कर उनकी मौत हो गई। शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीड़ित परिवार को नियमानुसार मदद दी जाएगी।

### ललितपुर में मिट्टी का टीला धंसने से दो मजदूरों की मौत, खनन कारोबारी गिरफ्तार

रबांदा/ललितपुर (उप्र)। ललितपुर जिले के तालबेहट क्षेत्र में रविवार की रात मिट्टी की खुदाई के दौरान टीला धंसने से मिट्टी में दबकर दो मजदूरों की मौत हो गई।पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने इस सिलसिले में खनन कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) अभय नारायण राय ने सोमवार को बताया कि रविवार की रात तालबेहट थाना क्षेत्र के बिगारी गांव में सिद्ध बाबा मंदिर के पास वन विभाग की जमीन में खनन कारोबारी भरत यादव अपने निजी उपयोग के लिए मिट्टी की खुदाई करवा रहा था, तभी अचानक मिट्टी का टीला धंस गया जिसमें कुछ मजदूर दब गए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर तालबेहट पुलिस मौके पर पहुंची और दबे मजदूरों अमर सिंह (20) और नरेश (23) को मिट्टी से बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पंचनामा भरने के बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। सीओ ने बताया कि खनन कारोबारी भरत यादव के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

### एक गांव ऐसा भी, जहां आजादी के बाद पहली बार किसी छात्र ने की हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण

बाराबंकी (उप्र)। सुनने में यह भले ही अजीब लगे लेकिन हकीकत है कि बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट स्थित एक गांव में आजादी के बाद 77 साल के इतिहास में पहली बार किसी छात्र ने हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि के लिए छात्र को सम्मानित किया है।जिला विद्यालय निरीक्षक ओ. पी. त्रिपाठी ने सोमवार को बताया कि रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के बनीकोंडर विकासखंड स्थित निजामपुर गांव में 15 वर्षीय छात्र रामकेवल ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल की परीक्षा में 55 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल की है। त्रिपाठी ने बताया कि यह कामयाबी इसलिए खास है क्योंकि वर्ष 1947 में आजादी के बाद से इस गांव में कोई भी छात्र हाईस्कूल की परीक्षा पास नहीं कर पाया था। उन्होंने बताया कि रामकेवल ने हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहद पिछड़े करीब 300 लोगों की आबादी वाले इस गांव में लगभग सभी लोग दलित वर्ग के हैं। अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने गत तीन मई को रामकेवल और उसके माता-पिता को जिला मुख्यालय पर बुलाकर सम्मानित किया था।

# कानपुर अग्निकांड: चमनगंज की पांच मंजिला इमारत में भीषण आग, एक ही परिवार के 5 लोगों की दर्दनाक मौत

प्रात: किरण/एजेंसी

कानपुर। रविवार देर रात कानपुर के चमनगंज इलाके में स्थित एक पांच मंजिला इमारत में भीषण आग लगने की घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। इस भयावह हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें पति, पत्नी और उनके तीन मासूम बच्चे शामिल हैं। यह इमारत जूते-चप्पल के कारखाने के तौर पर भी इस्तेमाल की जाती थी, जहां आग सबसे पहले लगी और फिर देखते ही देखते पूरे भवन को अपनी चपेट में ले लिया।

**आग लगने की सूचना और शुरूआती हालात:** घटना चमनगंज थाना क्षेत्र के प्रेम नगर इलाके की है। बताया जा रहा है कि यह इमारत पांच मंजिला थी, जिसके पहले और दूसरे फ्लोर पर जूते-चप्पल बनाने का कारखाना संचालित किया जाता था, जबकि तीसरे और चौथे मंजिल पर कई परिवार रहते थे। रविवार देर रात लगभग 2 बजे स्थानीय लोगों ने धुएं का गुबार और ऊंची-ऊंची लपटें निकलती देखीं। शुरूआत में लोगों को कुछ समझ नहीं आया, लेकिन जब इमारत से लोगों की चीख-पुकार सुनाई दी, तो अफरा-तफरी मच गई। तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी गई। राहत और बचाव कार्य शुरू होते-होते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

**दमकल की छह से ज्यादा गाड़ियां मौके पर:** जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की छह से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने की कोशिशें शुरू हुईं। दमकलकर्मियों ने इमारत में



फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए सीढ़ियों और हाइड्रोलिक मशीनों का सहारा लिया। लेकिन आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कई लोग बाहर निकलने में असमर्थ रहे। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने इमारत की खिड़कियां तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया। इसी दौरान यह जानकारी मिली कि एक परिवार के पांच सदस्य पति, पत्न ी और तीन छोटे बच्चे झ इमारत के अंदर फंसे हुए हैं।

**जान बचाने की कोशिश नाकाम:** दमकल कर्मियों ने हरसंभव कोशिश की लेकिन धुएं और आग की वजह से अंदर घुस पाना बेहद मुश्किल हो गया। घंटों की मशक्कत के बाद जब आग पर काबू पाया गया और राहत टीम अंदर पहुंची, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पांचों लोगों के शव अंदर से बरामद किए गए।

स्थानीय लोगों और प्रशासन की मानें तो इस घटना में जिस परिवार की मौत हुई है, वे तीसरी मंजिल पर रहते थे। आग इतनी तेजी से फैली कि उन्हें बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। बच्चों की उम्र 5 से 12 साल के बीच बताई जा रही है। घटना ने इलाके में गहरा शोक फैला दिया है।

**जूते-चप्पल के कारखाने से शुरू हुई आग:** प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि आग सबसे पहले इमारत के निचले तल पर बने जूते-चप्पल के कारखाने में लगी। संभवतः यह आग शॉर्ट सर्किट या किसी रासायनिक सामग्री के कारण भड़की। कारखाने में ज्वलनशील सामग्रियों की मौजूदगी ने आग को तेजी से फैलने में मदद की। आग पहले और दूसरे फ्लोर से होते हुए ऊपर के मंजिलों तक फैल गई, जिससे पूरा भवन आग की चपेट में आ गया।

**स्थानीय प्रशासन की प्रतिक्रिया:** कानपुर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने इस घटना को बेहद गंभीरता से लिया है। जिला अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और घटना की जांच के आदेश दिए। पुलिस ने कहा है कि इमारत में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं, इसकी भी जांच की जाएगी। एसएसपी कानपुर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, यह एक अत्यंत दुखद घटना है। हम मामले की हर कोण से जांच कर रहे हैं। यदि इमारत मालिक या कारखाना संचालक की लापरवाही सामने आती है, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**लोगों में आक्रोश, सवाल उठे सुरक्षा व्यवस्था पर:** इस हादसे के बाद इलाके में लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसे कई भवनों में कारखाने अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, जहां आग से बचाव के कोई पर्याप्त उपाय नहीं हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी इमारतों का निरीक्षण कर उन्हें बंद कराया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की त्रासदी से बचा जा सके।

**मृतकों के परिवार के लिए सहायता की घोषणा:** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। प्रशासन की ओर से पांच लाख रुपये प्रति मृतक के हिसाब से मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद का भी आश्वासन दिया गया है।

## बरेली के इज्जतनगर स्टेशन के पास ट्रेन इंजन की चपेट में आने से दो लड़कों की मौत

प्रात: किरण/एजेंसी

बरेली (उत्तर प्रदेश)। उत्तर पूर्व रेलवे के इज्जतनगर स्टेशन के पास ट्रेन के इंजन की चपेट में आने से सोमवार को दो नाबालिग लड़कों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी इज्जतनगर के थाना प्रभारी (एसएचओ) विजेंद्र सिंह के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब 14 वर्षीय आदित्य और उसका 11 वर्षीय दोस्त पंकज मोबाइल फोन पर बात करते हुए रेल पटरी पार कर रहे थे। सिंह ने कहा, इज्जतनगर की गली नंबर आठ के निवासी दोनों लड़के बाल कटवाने के लिए घर से निकले थे। आदित्य ईयरफोन लगाकर संगीत सुन रहा था, जबकि पंकज मोबाइल फोन पर बात करता हुआ पटरी पार कर रहा था। उन्होंने बताया कि उसी समय, काठगोदाम से इज्जतनगर स्टेशन की ओर जा रहा एक खाली इंजन पटरी से गुजर रहा था। पटरी के पास खड़े लोगों ने लड़कों को सचेत करने के लिए आवाज भी लगाई, लेकिन उन्होंने नहीं सुनी। इस दौरान लोको पायलट ने बार-बार हॉर्न भी बजाया, लेकिन वे सुन नहीं सके और इंजन की चपेट में आ गए। सिंह ने बताया कि दोनों लड़कों की मौके पर ही मौत हो गई। एसएचओ ने बताया कि उनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## योगी सरकार का मक्के का उत्पादन 2027 तक दोगुना करने का लक्ष्य

प्रात: किरण/एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दूसरे कार्यकाल में मक्के का उत्पादन 2027 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप चंद रोज पहले कृषि विभाग की ओर से लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय खरीफ गोष्ठी में प्रदेश के कृषि मंत्री ने किसानों से जिन फसलों का उत्पादन बढ़ाने की अपील की, उसमें मक्का भी था। बाकी दो फसलें अरहर (दलहनी) और सरसों (तिलहन) हैं।

सरकार के प्रोत्साहन के नतीजे भी शानदार रहे। मसलन, सीएम योगी के शासन के आठ वर्षों में दलहन और तिलहन का उत्पादन दोगुना हो चुका है। बहुउपयोगी मक्के की खेती भी किसानों को खूब रास आ रही है। फिलहाल, 2021-2022 में मक्के का उत्पादन 14.67 लाख मीट्रिक टन था। तय अवधि में इसे बढ़ाकर 27.30 लाख मीट्रिक टन करने का लक्ष्य है। इसके लिए रकबा बढ़ाने के साथ प्रति हेक्टेयर प्रति क्विंटल उत्पादन बढ़ाने पर भी बराबर का जोर है। बात चाहे पोषक तत्वों की हो या उपयोगिता की। बेहतर उपज की करें या सहफसली खेती या औद्योगिक प्रयोग की। हर मौसम और हर तरह की भूमि में पैदा होने वाले मक्के का जवाब नहीं। बस, जिस खेत में मक्का बोना है, उसमें जल निकासी का बेहतर प्रबंधन जरूरी है। मालूम हो कि मक्के का प्रयोग इथेनॉल उत्पादन करने वाली औद्योगिक इकाइयों, पशुओं एवं पोल्ट्री के लिए पोषाहार, दवा, पेपर और एल्कोहल इंडस्ट्री में होता है। इसके अलावा, भुट्टा, आटा, बेबीकार्न और पॉपकार्न के रूप में खाया जाता है। किसी न किसी रूप में ये हर सूप का अनिवार्य हिस्सा होता है। ये सभी क्षेत्र संभावनाओं वाले हैं। बहुपयोगी होने की वजह से समय के साथ मक्के की मांग भी बढ़ेगी। इस बढ़ी मांग का अधिकतम लाभ प्रदेश के किसानों को हो, इसके लिए सरकार मक्के की खेती के प्रति किसानों को लगातार जागरूक कर रही है। उनको खेती के उन्नत तौर-तरीकों की जानकारी दे रही है। किसानों को अपनी उपज का वाजिब दाम मिले, इसके लिए सरकार पहले ही इसे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के दायरे में ला चुकी है। मक्के में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व भी पाए जाते हैं, इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन और मिनरल मिलते हैं। इन्हीं खूबियों के नाते इसे अनाजों की रानी कहा गया है। विशेषज्ञों की मानें तो उन्नत खेती के जरिए मक्के की प्रति हेक्टेयर उपज 100 क्विंटल तक भी संभव है। प्रति हेक्टेयर सर्वाधिक उत्पादन लेने वाले तमिलनाडु की औसत उपज 59.39 क्विंटल है। देश के उपज का औसत 26 क्विंटल एवं उत्तर प्रदेश के उपज का औसत 2021-22 में 21.63 क्विंटल प्रति हेक्टेयर था। ऐसे में यहां मक्के की उपज बढ़ने की भरपूर संभावना है। कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार (गोरखपुर) प्रभारी डॉ. एसके तोमर के अनुसार, खरीफ की फसल की बोआई के लिए 15 जून से 15 जुलाई तक का समय उपयुक्त होता है।

# बेटा फोन पर बस हैलो बोल सका और... कानपुर की इमारत में अग्निकांड, सांस फूलने से जूता कारोबारी की फैमिली खत्म

प्रात: किरण/एजेंसी

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक खौफनाक घटना सामने आई है। कानपुर में रविवार देर रात घनी आबादी के बीच 6 मंजिला इमारत के बेसमेंट में जूता के कारखाने में आग लग गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटों ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। सभी फायर स्टेशनों से लगभग 38 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रहीं। रात लगभग ढाई बजे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इसके बाद रात लगभग टीम बजे दमकल कर्मी बिल्डिंग के अंदर घुसी तो जूता कारोबारी दानिश, पत्नी नाजनीन, 3 बेटियों के साथ ही ट्यूशन टीचर के शव मिले। चमनगंज थाना क्षेत्र स्थित प्रेमनगर में दानिश की 6 मंजिला बिल्डिंग है। इसमें दानिश और उनके भाई कासिम का परिवार रहता है। इमारत के भूतल पर डिफेंस के जूते बनाने का कारखाना है। इसके ऊपर गोदाम है। इसके साथ अन्य तलों पर बने हुए जूते रखे हुए थे। रविवार को कारखाना बंद था। रात लगभग 10:45 बजे बिल्डिंग में आग लग गई। आग को बढ़ता देख बिल्डिंग में रह रहे परिवार के सदस्य जान बचा कर भागने लगे।



**धमाकों के बाद बढ़ी आग:** आगरा पुलिस और दमकल की टीमों ने लगभग ढाई सौ मीटर के एरिया को सील कर आग बुझाने और रेस्क्यू अभियान की शुरूआत की। आसपास की इमारतों को खाली करा लिया गया। एसडीएम राजेश सिंह के साथ ही एक दर्जन से अधिक थानों की फोर्स मौजूद रही। इसी बीच एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई। आग लगने की वजह से बिल्डिंग में दरारें पड़ गईं। कारखाने में लगी आग बहुत तेजी से फैल गई। आग के चपेट में बेसमेंट में रखें केमिकल के ड्रम आ गए। एक बाद एक 3 धमाके हुए, जिससे आसपास के क्षेत्रीय लोग दहल गए।

**पिता नीचे उतार आए थे:** ड्रम में धमकों के बाद आग विकराल हो गई। इसके बाद आग को लपटें बिल्डिंग की आखिरी मंजिल तक पहुंच गईं। देर रात एसडीआरएफ की टीम ने मोर्चा संभाला। इस केमिकल का इस्तेमाल जूतों को चिपकाने में किया जाता है। हाइड्रोलिक मशीन बुलाकर बचाव और राहत का कार्य शुरू किया गया। बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर जूता कारोबारी दानिश, उनकी पत्नी नाजनीन और 3 बेटियां फंस गईं। जबकि दानिश के पिता अकील आग लगने पर नीचे आ आ गए थे।

**पिता ने किया कॉल:** अकील ने नीचे आने पर बेटे दानिश को फोन किया। दानिश ने फोन रिसीव कर हेलो कहा और फिर फोन कट गया। इसके बाद से उनका परिवार के किसी भी सदस्य से संपर्क नहीं हो पाया। बिल्डिंग में आग लगने के बाद धुएं की वजह से स्थानीय लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया। बच्चों और बुजुर्गों की सांसें फूलने लगीं। फायर बिग्रेड के अधिकारियों का कहना था कि केमिकल और जूतों में आग लगने से हानिकारक गैसें निकलती हैं। जिसकी वजह से यह दिक्कत हो रही है।

## यूपी के सरकारी भवन अब चमकेंगे गोबर से बने प्राकृतिक पेंट से, सीएम योगी ने दिए निर्देश

प्रात: किरण/एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सरकारी भवन अब पारंपरिक रासायनिक पेंट की जगह गाय के गोबर से बने प्राकृतिक पेंट से रंगे जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह आदेश पशुपालन और दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में जैविक और पर्यावरण अनुकूल गोबर पेंट का उपयोग अनिवार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल होगी। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों में उपलब्ध गोबर का उपयोग पेंट, जैविक खाद और अन्य गो-आधारित उत्पादों के निर्माण के लिए किया जाए। साथ ही, सीएम योगी ने गोबर पेंट निर्माण संयंत्रों की संख्या बढ़ाने और महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से महिला स्वयं सहायता समूहों की सराहना की और कहा कि गोबर से खाद, पेंट और अन्य जैविक उत्पादों का निर्माण ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार का सशक्त माध्यम बनेगा। इस दिशा में बरेली के इफ्को आवंला संयंत्र के सहयोग से जैविक उत्पाद निर्माण की शुरूआत की जा चुकी है।

प्रदेश के 7693 गो-आश्रय स्थलों में 11.49 लाख गोवंश संरक्षित हैं। मुख्यमंत्री ने इन केंद्रों की निगरानी, चारा, चिकित्सा सुविधाओं और केयरटेकर की समयबद्ध नियुक्ति पर विशेष ध्यान देने को कहा है। इसके अतिरिक्त, गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत गायें वितरित की जाएंगी ताकि उनकी पोषण स्थिति सुधरे और रोजगार के अवसर मिलें। राज्य में वर्ष 2024-25 के दौरान 3.97 लाख लीटर प्रति दिन दुग्ध उत्पादन दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10फीसद अधिक है। इसके साथ ही इस क्षेत्र में 1120.44 करोड़ का टर्नओवर प्राप्त हुआ, जो 16फीसद की वृद्धि को दशार्ता है। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2025-26 तक 4922 नई दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया जाए और 21922 समितियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। मुख्यमंत्री ने आगामी समय में देसी नस्ल की गायों की प्रतियोगिताएं आयोजित करने की भी घोषणा की है, जिससे बेहतर कार्य कर रहे गौ-आश्रयों और उत्पादकों को सम्मानित किया जा सके।

## राहुल गांधी हिंदू हैं या नहीं, फैसला शंकराचार्य करेंगे पर मंदिर जाने से नहीं रोक सकते

प्रात: किरण/एजेंसी

गाजियाबाद। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के राहुल गांधी पर दिए बयान से विवाद खड़ा हो गया है। शंकरचार्य ने राहुल गांधी को हिंदू धर्म से निष्कासित करने की बात कही थी। इस मामले पर कांग्रेस के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी के हिंदू होने या न होने का फैसला केवल शंकराचार्य जी ही ले सकते हैं। मैं शंकराचार्य के बयान पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन जहां तक मंदिर जाने की बात है, मंदिर भगवान के घर है और भगवान के घर पर कोई भी जा सकता है। भगवान के घर वह भी आ सकता है, जो भगवान को नहीं मानता। राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोकने वाले बयान का मैं समर्थन नहीं करता। उन्होंने सनातन धर्म की उदारता पर जोर देते हुए कहा कि हिंदू धर्म में किसी भी समुदाय के व्यक्ति, चाहे वह मुस्लिम हो या ईसाई हो मंदिर में दर्शन के लिए जा सकता है। यह सनातन धर्म की वसुधैव कुटुंबकम की भावना को दशार्ता है। यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बयान को लेकर आचार्य प्रमोद ने कहा कि यह बयान अजय राय का नहीं, बल्कि राहुल गांधी का है। उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान का अपमान करना, संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाना और भारत के शौर्य को कलंकित करना राहुल गांधी का स्वभाव बन चुका है। प्रमोद ने कहा कि अजय राय में इतनी हिम्मत नहीं कि वह स्वतंत्र रूप से ऐसा बयान दे सकें। इस तरह के बयान कांग्रेस की कार्यशैली का हिस्सा हैं। राहुल गांधी के ब्राउन यूनिवर्सिटी में दिए गए बयान को लेकर भी आचार्य प्रमोद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी हमेशा से भगवान राम को काल्पनिक मानते रहे हैं। पाकिस्तान के मुद्दे पर उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। वक्त आने पर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाएगा घुसकर वार किया जाएगा और यह जवाब पाकिस्तान को भी भारी पड़ेगा और विपक्ष को भी। उन्होंने कहा कि पूरा देश और दुनिया पीएम मोदी के साथ खड़ी है।

## वाराणसी में विकसित हो रहा आधुनिक फ्रेट विलेज, रेल और जलमार्ग से होगी कनेक्टिविटी, मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

प्रात: किरण/एजेंसी

वाराणसी। जिले में आधुनिक फ्रेट विलेज विकसित किया जा रहा है। इसकी कनेक्टिविटी रामनगर के राल्हूपुर मल्टीमाडल टर्मिनल और जीवनाथपुर रेलवे स्टेशन से होगी। इसके लिए पांच किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाई जाएगी। मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने सोमवार को फ्रेट विलेज परियोजना व मल्टीमॉडल टर्मिनल का निरीक्षण किया। इस दौरान जल्द से जल्द काम पूरा कराने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने प्रस्तावित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्थिति का जायजा लिया, जो कि कालोनियों और आसपास के घरों से निकलने वाले पानी के प्रबंधन हेतु स्थापित किया जाएगा। यह कार्य सिंचाई विभाग, जल निगम, नमामि गंगे और भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण की संयुक्त टीम द्वारा सर्वेक्षण के बाद किया जा रहा है। मंडलायुक्त ने मल्टीमीडिया मॉडल जेट्टी के साथ-साथ वहां खड़ी एमवी बंगाल गंगा, एसएल जाह्नवी, हाइड्रोजन से चलने वाली एच-2 बोट और नगर निगम की नाव का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने फ्रेट विलेज और मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) के लिए अधिग्रहित भूमि का भी अवलोकन किया।

## मेरठ में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोषी महिला उपनिरीक्षक को सेवा से हटाया गया

मेरठ (उप्र)। भ्रष्टाचार के एक पुराने मामले में दोषी पाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस की महिला उपनिरीक्षक अमृता यादव को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। यह जानकारी मेरठ परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) कलानिधि नैथानी ने सोमवार को दी। पुलिस के मुताबिक, वर्ष 2017 में थाना कोतवाली, मेरठ में तैनाती के दौरान यादव पर एक अभियोग में गंभीर धाराएं हटाने के एवज में 20,000 रुपये की रिश्वत लेने का आरोप था। भ्रष्टाचार निवारण एजेंसी की टीम ने उन्हें बुढाना गेट पुलिस चौकी से रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के बाद मामला अदालत में भेजा गया, जहां विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), मेरठ ने पांच सितंबर, 2024 को यादव को दोषी ठहराते हुए सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 75,000 रुपये का जुमार्ना लगाया। डीआईजी नैथानी ने बताया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए, संबंधित नियमों के तहत अमृता यादव को चार मई 2025 से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

## एमएमजी अस्पताल में एनक्वास की टीम सर्वे के लिए पहुंची

गाजियाबाद। स्वास्थ्य सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर की कसौटी पर परखने के लिए सोमवार को एनक्वास की तीन सदस्यीय टीम एमएमजी अस्पताल पहुंच गई। टीम ने पहले दिन अस्पताल का निरीक्षण किया और इमरजेंसी के साथ वार्ड का सर्वे किया। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) की टीम हरियाणा से डा. दिनेश गुर्जर, गुरुग्राम से सुनीता दुहान और दिल्ली से डा. रश्मि सोमवार को एमएमजी अस्पताल पहुंची। तीनों सदस्यों ने सबसे पहले अस्पताल का भौतिक निरीक्षण किया।

## फैक्टरी की चौथी मंजिल पर कमरे में अचेत मिला कर्मचारी

लोनी। थाना ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित साउंड स्पीकर बनाने वाली फैक्टरी में काम करने वाला कर्मचारी सोमवार सुबह कमरे में अचेत मिला। पुलिस कर्मचारी को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जनपद मुरादाबाद के सरकड़ा गांव निवासी तीस वर्षीय शीशपाल सैनी ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित बी प्लस डी जे साउंड स्पीकर बनाने वाली फैक्टरी में नौकरी करते थे। फैक्टरी में काम करने वाले कर्मचारी अनुज पाठक ने बताया कि शीशपाल फैक्टरी की चौथी मंजिल पर बने कमरे में रहता था। सोमवार को काम के लिए नीचे न आने पर वह कमरे में पहुंचे तो साथी को अचेत अवस्था में पड़ा देखा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 06 मई, 2025





# भारतीय सिनेमा में पुरुषों का दबदबा बहुत ज्यादाः सामंथा रुथ प्रभु

**भारतीय** सिनेमा की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो एक्टिंग के अलावा फिल्म निर्माता के तौर पर भी काम कर रही हैं। इस लिस्ट में सामंथा रुथ प्रभु का नाम भी शामिल है। वह अपने प्रोडक्शन हाउस त्रालाला मूविंग पिक्चर्स के बैनर तले बन रही फिल्म शुभम को लेकर काफी चर्चा में हैं। बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि भारतीय सिनेमा में महिलाओं की आवाज और कहानियों को मंच देने की जरूरत है। जब आईएएनएस ने सामंथा से पूछा कि क्या वे एक प्रोड्यूसर के रूप में ऐसी कहानियां बनाना चाहती हैं जो महिलाओं के दृष्टिकोण को गहराई से समझें, तो उन्होंने जवाब दिया, एक महिला होने के नाते मेरी पहचान मेरे काम के हर पहलू में दिखेगी, खासकर फिल्मों को चुनते या बनाते समय। यह मेरे लिए गर्व की बात है। मैं ऐसी कहानियों की ओर आकर्षित होती हूं जो महिलाओं को सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि एक गहराई से भरा इंसान दिखाएं। सामंथा ने कहा, मुझे लगता है हमारी फिल्म इंडस्ट्री को महिलाओं के नजरिए की ज्यादा जरूरत है। फिल्मों में महिलाओं की सोच, अनुभव और दृष्टिकोण को ज्यादा जगह मिलनी चाहिए। अभी भी इंडस्ट्री में पुरुषों का दबदबा बहुत ज्यादा है। मैं यह बात नकारात्मक रूप में नहीं कह रही हूं, बल्कि बस एक सच्चाई को सामने रख रही हूं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ज्यादा महिला फिल्म निर्माताओं और कहानीकारों को आगे आने की जरूरत है। एक्ट्रेस ने कहा, यह याद रखना जरूरी है कि महिलाएं दुनिया की आधी आबादी हैं, इसलिए हमें और महिला प्रोड्यूसर, डायरेक्टर और रचनात्मक लोग चाहिए, जो अपनी आवाज और अनुभव सामने ला सकें। सामंथा ने कहा कि वह ऐसे प्रोजेक्ट्स पर काम करना चाहती हैं जो आधुनिक महिलाओं से जुड़ी हों, जो आज की महिलाओं के संघर्ष, स्वतंत्रता और जज्बातों को सच्चाई और गहराई से दिखाएं।

# बॉलीवुड की शेट्टी सिस्टर्स ने चैलेंज किया स्वीकार, इंस्टाग्राम पर दिया फिटनेस का सबूत




**बॉलीवुड** की शेट्टी सिस्टर्स यानी शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और शमिता शेट्टी आए दिन एक-दूसरे पर प्यार बरसाती रहती हैं। वे सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के साथ फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। इन दिनों दोनों बहनों पर चैलेंज का बुखार चढ़ा है। शिल्पा और शमिता ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर की हैं, जिसमें दोनों एक चैलेंज को पूरा करती नजर आ रही हैं। बात करें पहले शिल्पा शेट्टी की तो, एक्ट्रेस जिम में बॉल के साथ खेलती नजर आ रही हैं। यह खेल ही चैलेंज है। जो दिखने में तो आसान है, लेकिन बहुत मुश्किल है। शिल्पा पुशअप पोजिशन में हैं। वह एक हाथ से बॉल को उछालती हैं, और दूसरे हाथ से तेजी से कैच करती हैं। इस दौरान वह उसी पोजिशन में बनी रहती हैं।

इस वीडियो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, बॉल ड्रॉप चैलेंज... इसे शुरू करते हैं। यह चैलेंज आपके पेट और कमर की ताकत, कंधों की मजबूती, आंखों और हाथों के बीच तालमेल और आपकी प्रतिक्रिया के समय आदि का टेस्ट लेता है। अब बारी तुम्हारी है! देखो तुम कितनी देर तक गेंद को बिना गिराए और खुद को बैलेंस रखकर पकड़ सकते हो?

बता दें कि बॉल ड्रॉप चैलेंज का मतलब एक ऐसे फिजिकल चैलेंज से है, जिसमें कोई व्यक्ति गेंद को बार-बार गिराता है और अपनी पोजिशन से हिले बिना उसे तेजी से पकड़ना होता है। वहीं शमिता शेट्टी ने भी चैलेंज को पूरा करते हुए एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनके मजबूत ट्राइसेप्स दिख रहे हैं। दरअसल, यह चैलेंज भी बॉल ड्रॉप चैलेंज के जैसा ही है। इसमें प्लेट को छोड़ना और तेजी के साथ पकड़ना होता है। इस चैलेंज को पूरा करते हुए शमिता ने कैप्शन में लिखा- मैंने कर दिखाया! चैलेंज एक्सेप्टेड। सोशल मीडिया पर शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी दोनों के ही वीडियो काफी वायरल हो रहे हैं। बॉल ड्रॉप चैलेंज धीरे-धीरे इंटरनेट पर अधिक देखने को मिल रहा है।



# मैं कॉफी शॉप भी साड़ी पहनकर जाती हूं, ये मेरा पसंदीदा परिधानः लक्ष्मी मांचू

**भारतीय** अभिनेत्री, फिल्म निर्माता और साउथ के साथ ही अमेरिकी टेलीविजन में काम कर चुकीं लक्ष्मी मांचू ने बताया कि उन्हें साड़ी से खास लगाव है। यह उनका पसंदीदा परिधान है। साड़ी के प्रति अपने प्रेम का इजहार करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि वह ऐसी महिला हैं, जो कॉफी शॉप में भी साड़ी पहनकर जाती है। लक्ष्मी मांचू 'मेक इन इंडिया' के तहत एक इवेंट में शामिल हुईं, जिसमें कांचीपुरम, कोटा साड़ियों के अलावा देश के अन्य हिस्सों के कपड़े देखने को मिले। लक्ष्मी ने कहा, मुंबई में असली जरी नहीं मिलती है। मैंने मास्टर कारीगरों से मिलकर असली जरी खरीदी और उनसे अपनी खास साड़ी तैयार कराई। मैंने कलमकारी डिजाइन भी हाथ से बनाए, जिसके बारे में बुनकरों ने खुद कहा कि उन्होंने यह पहले कभी नहीं देखा था। लक्ष्मी ने बताया कि साड़ियां सबसे सुंदर परिधानों में से एक हैं, जो भारतीय परंपराओं और संस्कृति के सार को दिखाती हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसी महिला हूं जो मुंबई में कॉफी शॉप में भी साड़ी पहनकर जाती है, क्योंकि मेरे लिए यह सबसे सुंदर और पसंदीदा परिधान है। मेरा मानना है कि हमें अपने पहनावे के माध्यम से अपनी परंपराओं और संस्कृति को दुनिया के सामने लाना चाहिए। साड़ी दुनिया भर में पसंद की जाती है। लक्ष्मी मांचू मशहूर अभिनेता मोहन बाबू की बेटी हैं। उन्होंने अमेरिकी टेलीविजन सीरीज 'लास वेगास' से अभिनय की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने जेम्स लेसुरे की प्रेमिका की भूमिका निभाई थी। इसके बाद अभिनेत्री 'लेट नाइट्स विद माई लवर' और 'मिस्ट्री ईआर', यक्षिणी जैसी सीरीज में भी काम कर चुकी हैं। अभिनेत्री साल 2022 में आई फिल्म मॉन्स्टर में नजर आईं। एक्शन-थ्रिलर का निर्देशन वैसाख ने किया है। फिल्म में लक्ष्मी मांचू के साथ मोहनलाल, हनी रोज, सिद्दीकी, सुदेव नायर, केबी गणेश कुमार, लीना, जॉनी एंटनी और जगपति बाबू मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा वह अपने पिता के साथ अग्नि नक्षत्रम में भी काम कर चुकी हैं।



# बाबिल खान का इंस्टाग्राम अकाउंट हुआ एक्टिव, पोस्ट शेयर कर दी सफाई, जुयाल-सिद्धांत को कहा शुक्रिया

रविवार को अभिनेता बाबिल खान का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे रोते नजर आए और इंडस्ट्री के कुछ सितारों को कथित तौर पर फेक बताया। इसके बाद उनका इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट हो गया। हालांकि अब यह फिर शुरू हो चुका है। एक्टर बाबिल खान के वायरल वीडियो ने सोशल मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। रविवार को उनका एक वीडियो सामने आया, जो कथित तौर पर उन्होंने ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर किया। इसमें वे अनन्या पांडे, अर्जुन कपूर, राघव जुयाल और सिद्धांत चतुर्वेदी सहित कई स्टार्स को फेक बताते दिखे। इसके बाद बाबिल का इंस्टा अकाउंट डिलीट हो गया। हालांकि, इस बारे में उनकी मां सुतापा ने पोस्ट शेयर किया। अब बाबिल का अकाउंट फिर से शुरू हो गया है।

# सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार आमिर खान की 'सितारे जमीन पर', सामने आई डेट




**अभिनेता** आमिर खान की अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ताजा जानकारी के साथ आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर स्टारकास्ट के साथ ही बताया कि फिल्म सिनेमाघरों में कब दस्तक देगी। प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, प्यार और खुशी का जश्न मनाती एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' 20 जून को सिनेमाघरों में आ रही है। 'सितारे जमीन पर' के फर्स्ट पोस्टर में आमिर खान के साथ दस और सितारे नजर आए। इन नए चेहरों के नाम सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, गोपी कृष्ण वर्मा, अरूष दत्ता, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, सिमरन मंगेशकर और नमन मिश्रा हैं। बता दें, अपकमिंग फिल्म के साथ आमिर खान लंबे समय के बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। फिल्म में जेनेलिया देशमुख भी हैं। हालांकि, उनके किरदार के बारे में निर्माताओं ने कोई जानकारी नहीं दी है। आर. एस. प्रसन्ना के निर्देशन में बनी सितारे जमीन पर के प्रोड्यूसर आमिर खान और किरण राव हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी जी श्रीनिवस रेड्डी ने की है। फिल्म में शंकर-एहसान-लॉय ने संगीत दिया है। फिल्म के गाने अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। निर्माताओं ने सितारे जमीन पर का ऐलान साल 2023 में किया था। जानकारी के अनुसार फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू हुई थी।

# 'फूलमती' बनीं नीना गुप्ता, तस्वीर शेयर कर फैंस को दिखाई झलक




बधाई हो, पंचायत जैसे मनोरंजन से भरपूर फिल्म और वेब सीरीज में काम कर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाली अभिनेत्री नीना गुप्ता सोशल मीडिया पर फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। इसी कड़ी में नीना ने आइवरी कलर की साड़ी में लेटेस्ट तस्वीर शेयर की। खूबसूरत तस्वीर के साथ किसी चीज ने ध्यान खींचा तो वो है उनका खुद को दिया नाम! इंस्टाग्राम पर अपनी खूबसूरत तस्वीर को शेयर करते हुए नीना ने कैप्शन में लिखा, फूलमती। आइवरी कलर की साड़ी के साथ वह गोल्डन ज्वेलरी में बेहद प्यारी लगीं, जिसे देखकर उनके फॉलोअर्स तारीफ करने से खुद को रोक नहीं सके। एक यूजर ने लिखा, खूबसूरत। दूसरे ने तारीफ करते हुए लिखा, आप खूबसूरत के साथ स्टाइलिश भी हैं। तीसरे यूजर ने लिखा, आप स्टनिंग हैं। इससे पहले भी नीना अपने पति विवेक मेहता की बर्थडे पार्टी में यही साड़ी पहने दिखी थीं।

काम की बात करें तो नीना गुप्ता हाल ही में फिल्म आचारी बा में नजर आईं, जिसमें उन्होंने एक उद्यमी की भूमिका निभाई है। हार्दिक गज्जर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नीना का किरदार एक मां और दादी का है, जो परिवार में अनदेखी का शिकार है।

# खलनायक बन दहशत फैलाएंगे अक्षय कुमार

## प्रियदर्शन की फिल्म में सैफ अली खान संग करेंगे दो-दो हाथ



**अक्षय** कुमार और सैफ अली खान 17 साल बाद मलयालम हिट ओप्पम के हिंदी रीमेक में साथ नजर आएंगे। वहीं अब फिल्म में दोनों के किरदारों के बारे में जानकारी सामने आई है। बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। खबर है कि दोनों 2016 की सुपरहिट मलयालम फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में काम करेंगे, जिसमें मूल रूप से मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट्स ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि सैफ अली खान लीड रोल में होंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

### अक्षय वर्सेज सैफ

यह फिल्म अक्षय और सैफ के बीच एक हाई-वोल्टेज टकराव की कहानी होगी। एक सूत्र के हवाले से बताया, सैफ अली खान मुख्य किरदार में होंगे, लेकिन अक्षय कुमार का खलनायक अवतार दर्शकों को हैरान कर देगा। यह फिल्म दोनों सितारों के बीच एक जबरदस्त जंग दिखाएगी, जो रोमांच और तनाव से भरी होगी।

### प्रियदर्शन के निर्देशन में बनेगी फिल्म

इस प्रोजेक्ट को मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन डायरेक्ट करेंगे, जिन्हें कॉमेडी और थ्रिलर फिल्मों के लिए जाना जाता है। सूत्रों ने बताया कि अक्षय और सैफ ने स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद इस प्रोजेक्ट के लिए तुरंत हामी भर दी। एक सूत्र ने कहा, यह एक सस्पेंस से भरी थ्रिलर फिल्म है, जो दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखेगी। प्रियदर्शन का निर्देशन इसे और भी खास बनाएगा। फिल्म की शूटिंग अगस्त 2025 में शुरू होगी और इसे 2026 में रिलीज करने की योजना है।

अक्षय और सैफ की जोड़ी आखिरी बार 2008 में टशन ? में नजर आई थी। अक्षय और सैफ की जोड़ी पहले भी 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'आंखें' और 'ये दिल्लगी' जैसी फिल्मों में जादू दिखा चुकी है।

### सैफ और अक्षय की फिल्में

सैफ अली खान हाल ही में अपनी फिल्म ज्वेल थीफ में नजर आए, जिसमें उनके साथ जयदीप अहलावत और निकिता दत्ता भी थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है और इसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म के अंत ने इसके सीक्वल की संभावना को भी हवा दी है।




## आधिकारिक रिकॉर्ड से हटेंगे 3300+ कंपनियों के नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय 3,300 से अधिक कंपनियों के नाम आधिकारिक रिकॉर्ड से हटा देगा। मंत्रालय के पास उपलब्ध ताजे आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) ने कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अप्रैल में इन कंपनियों के नाम हटाने के संबंध में सार्वजनिक नोटिस जारी किए।



उपरोक्त 3,300 कंपनियों में से महाराष्ट्र में 700 से अधिक, दिल्ली में लगभग 500, कर्नाटक में 350 से अधिक, गुजरात, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 200-200 से अधिक कंपनियां हैं। कंपनी रजिस्ट्रार को कंपनी अधिनियम की धारा 248(2) के तहत कुछ आधारों पर कंपनियों से आवेदन मिले थे। इनमें यह भी शामिल था कि वे अपनी स्थापना के एक वर्ष के भीतर कारोबार शुरू करने में विफल रहीं या उन्होंने दो वित्त वर्षों की अवधि के दौरान कोई कारोबार नहीं किया। इस वर्ष मार्च के अंत तक देश में कुल 28.52 लाख पंजीकृत कंपनियों में से 18.51 लाख सक्रिय कंपनियां थीं। धारा 248(2) के तहत, कोई कंपनी अपनी सभी देनदारियों को समाप्त करने के बाद विशेष प्रस्ताव या 75 प्रतिशत सदस्यों की चुकता शेयर पूंजी की सहमति से कुछ शर्तों के अधीन नाम हटाने के लिए आवेदन कर सकती है। कंपनी रजिस्ट्रार ने अप्रैल में सार्वजनिक नोटिस जारी कर यह पता लगाने की कोशिश की थी कि क्या किसी को इन कंपनियों के नाम हटाने के प्रस्ताव पर कोई आपत्ति है।

## भारत की उदार नीति फार्मा, वाहन व पर्यटन बना वैश्विक निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की उदार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई नीति ऐसे वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर प्रदान करती है, जो इसकी विशाल और विस्तारित अर्थव्यवस्था में निवेश करना चाहते हैं। डेलॉय की रिपोर्ट के अनुसार, फार्मास्युटिकल्स, वाहन और पर्यटन जैसे क्षेत्र न केवल एफडीआई के लिए आकर्षण का केंद्र हैं, बल्कि रोजगार, निर्यात और इनोवेशन के इंजन भी हैं, जो भारत की वृद्धि की अगली लहर को गति दे रहे हैं। डेलॉय के अनुसार, भारत ने बीमा, बीमा मध्यस्थ, पर्यटन निर्माण, अस्पताल और चिकित्सा उपकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों सहित अधिकांश क्षेत्रों में स्वतः मंजूर मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देकर महत्वपूर्ण प्रगति की है। यह कदम स्थिरता का संकेत देता है, जो वैश्विक निवेशकों को भारत की विशाल और बढ़ती अर्थव्यवस्था में उतरने के लिए एक बेहतर अवसर प्रदान करता है। 70 अरब डॉलर की राष्ट्रीय मौद्रीकरण पाइपलाइन और 100 से अधिक शहरों में औद्योगिक गलियारे के विकास के समर्थन से भारत वैश्विक निवेशकों को निवेश के लिए तैयार क्षेत्र प्रदान कर रहा है।

### अडानी की कंपनी के शेयर में आ गई तूफानी तेजी

# चौथी तिमाही में मुनाफे का दिखाई दिया असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट हरे निशान पर खुली। इसी के साथ कई कंपनियों के शेयर में भी जबरदस्त तेजी देखी गई। खासतौर से उनमें जिन्हें वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में मुनाफा हुआ है। इसी में अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन का शेयर भी शामिल है। सोमवार को इसमें बाजार खुलने के दो घंटे के अंदर ही करीब 7 फीसदी की तेजी आ गई। शुक्रवार को यह शेयर 1267.05 रुपये पर बंद हुआ था। सोमवार को यह तेजी के साथ 1297.50 रुपये पर खुला। लेकिन कुछ ही देर में इसमें थोड़ी गिरावट भी आई और यह 1285.30 रुपये पर आ गया। लेकिन इसके बाद इसमें तेजी आती गई। देखते ही देखते यह तेजी 6 फीसदी को भी पार कर गई। सोमवार सुबह 11ः15 बजे यह शेयर करीब 7 फीसदी की तेजी के साथ 1354.80 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

**नुकसान की भरपाई हुई-** शुक्रवार को भी इस शेयर में 4.4 प्रतिशत की तेजी आई थी। अडानी पोर्ट्स निफ्टी इंडेक्स में सबसे आगे रहा था। अब कंपनी ने साल 2025 में हुए सारे नुकसान की भरपाई कर ली है।



इस साल अब तक इस कंपनी के शेयर में 9 फीसदी से ज्यादा की तेजी आ चुकी है। वहीं पिछले एक महीने में शेयर 20 प्रतिशत से ज्यादा बे हैं।

**कंपनी को हुआ मुनाफा-** अडानी पोर्ट्स ने पिछले हफ्ते वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे घोषित किए थे। कंपनी ने बताया कि चौथी तिमाही में उनका मुनाफा 50 प्रतिशत बा है। पिछले साल के मुकाबले इस साल मुनाफा 3,023 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल यह 2,025 करोड़ रुपये था। कंपनी की कमाई 23 प्रतिशत बकर 8,488 करोड़ रुपये हो गई। अर्निंग्स बिफोर इंटरेस्ट, टैक्स, डेप्रिसिएशन एंड अमॉर्टाइजेशन 24 प्रतिशत बकर 5,006 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के सीइओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) अश्विनी गुप्ता ने कहा कि एफवाय25 में 11,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स और 450 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो का रेकॉर्ड प्रदर्शन किया।

**लॉजिस्टिक्स से भी खूब कमाई हुई-** कंपनी के लॉजिस्टिक्स विभाग की कमाई लगभग दोगुनी होकर 1,030 करोड़ रुपये हो गई।

## बाजार खुलते ही 3,400 रुपये चढ़ गया देश का सबसे महंगा शेयर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेल कंपनियों, पेंट्स और एयरलाइन कंपनियों के शेयरों में भारी तेजी आई है। ओपेक+ देशों ने तेल का उत्पादन बाने का फैसला किया है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में चार फीसदी से ज्यादा गिरावट आई है औह यह .60 प्रति बैरल से भी कम हो गई है। कच्चे तेल की कीमतें गिरने से एयरलाइंस और पेंट बनाने वाली कंपनियों दोनों को फायदा होता है। पेंट बनाने वाली कंपनियों के लिए कच्चा माल सस्ता हो जाता है। इससे उनका मुनाफा ब जाता है। इसी तरह, एयरलाइंस के लिए ईंधन सस्ता होने से उनका मुनाफा भी बता है। टायर बनाने वाली कंपनियां भी कच्चे तेल से बनने वाले कार्बन ब्लैक का इस्तेमाल करती है। यह कार्बन ब्लैक टायर बनाने का एक जरूरी कच्चा माल है।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को चलाने वाली इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में 4 प्रतिशत से अधिक तेजी आई। क्र्स्थ पर कंपनी का शेयर 5,580 रुपये तक पहुंच गया। एशियन पेंट्स के शेयर भी लगभग 2.5 प्रतिशत बे। कंपनी का शेयर बीएसई पर 2,474.50 रुपये तक गया। बर्जर पेंट्स और एज्को नोबेल के शेयर भी लगभग 2 प्रतिशत बे। इसी तरह टायर बनाने वाली कंपनी स्र्क्र्स का शेयर भी 2 प्रतिशत से ज्यादा तेजी के साथ 137,811 रुपये तक ऊपर गया। यह देश का सबसे महंगा शेयर है। पिछले सत्र में यह 134,408.60 रुपये पर बंद हुआ था। चेन्नई की इस कंपनी का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 143,598.95 रुपये है।

### तेल कंपनियों के शेयर

इस बीच सरकारी तेल एवं गैस कंपनियों एचपीसीएल, आईजीएल, आईओसी और बीपीसीएल के शेयरों में भी 6 प्रतिशत तक तेजी आई है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम का शेयर करीब 6 फीसदी तेजी के साथ 409 रुपये तक गया।

## उदय कोटक ने रियल एस्टेट सेक्टर में मचाया तहलका

### कर डाली देश की सबसे महंगी प्रॉपर्टी डील



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे अमीर बैंकर उदय कोटक ने रियल एस्टेट सेक्टर में तहलका मचा दिया है। देश के टॉप प्राइवेट बैंकों में से एक कोटक बैंक के फाउंडर ने मुंबई के वर्ली सी फेस पर एक पूरी इमारत खरीद ली है। इसके लिए उन्होंने 400 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए हैं। पहले कोटक परिवार ने इस बिल्डिंग में जनवरी और सितंबर में 24 में से 13 अपार्टमेंट खरीदे थे। तब उन्होंने लगभग 2.72 लाख रुपये प्रति वर्ग फुट के हिसाब से भुगतान किया था। अब उन्होंने बाकी के 8 अपार्टमेंट भी खरीद लिए हैं। इस बार उन्होंने 2.75 लाख रुपये प्रति वर्ग फुट के हिसाब से भुगतान किया है। यह एक नया रिकॉर्ड है। दस्तावेजों से पता चला है कि ये नए सौदे 8 अप्रैल और 21 अप्रैल को हुए थे। इन अपार्टमेंट की कीमत 12 करोड़ रुपये से लेकर 27.59 करोड़ रुपये तक है। ये अपार्टमेंट 444 वर्ग फुट से लेकर 1,004 वर्ग फुट तक के हैं। इन आठ सौदों की कुल कीमत 131.55 करोड़ रुपये है। इस पूरी इमारत के लिए 400 करोड़ रुपये से ज्यादा का सौदा हुआ है।

## कैब कंपनी हुई बंद तो दसियों हजार ड्राइवर हुए बेरोजगार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओला-उबर की तरह की एक कैब कंपनी आई थी ब्लूस्मार्ट। इस कुछ मायने में अलग थी। इस कंपनी के सभी कैब ईवी यानी इलेक्ट्रिक व्हीकल थे। इसकी सेवा पिछले दिनों बंद हो गई है। अब दिल्ली-एनसीआर में सैकड़ों ब्लूस्मार्ट ड्राइवर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारे सहयोगी ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक उनकी मांग है कि कंपनी उन्हें मुआवजा दे और नौकरी का कोई दूसरा विकल्प दे।

**क्या कहना है ड्राइवरों का-** ड्राइवरों का कहना है कि ब्लूसमार्ट उनके लिए सबसे अच्छा प्लेटफॉर्म था। कंपनी ने बिना किसी सूचना के काम बंद कर दिया। इससे ड्राइवर को बनाया। हम ही क्यों परेशान हों हमारी कोई गलती नहीं थी। यह विरोध प्रदर्शन तब शुरू हुआ जब सेबी ने ब्लूसमार्ट के को-फाउंडर अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी को शेयर बाजार में कारोबार करने से रोक दिया। सेबी ने उन्हें कंपनी में कोई पद संभालने से भी मना कर दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी सोलर श्क्ष्क्ष्ट फर्म, जेनसोल इंजीनियरिंग में पैसे की हेराफेरी की और जाली दस्तावे बनाए। जेनसोल इंजीनियरिंग का ब्लूसमार्ट से गहरा संबंध है।

**पहले हर हफ्ते मिलते थे पैसे-** ड्राइवरों का कहना है कि उन्हें पहले हर हफ्ते पैसे मिलते थे। अगर उनकी कमाई 20,000 रुपये से्यादा




मुश्किल में फंस गए हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि उनका बकाया पैसा कब मिलेगा। अनुमान है कि दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई में 10,000 से्यादा ड्राइवर इससे प्रभावित हुए हैं। खबर है कि ब्लूसमार्ट की कुछ गायिां बैंकों ने ब्त कर ली हैं या एवेरा जैसी दूसरी इलेक्ट्रिक कैब कंपनियों ने खरीद ली हैं।

**हमारी गलती नहीं लेकिन परेशान हम ही-** संजय सागर 2022 से ब्लूसमार्ट के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने ब्लूसमार्ट होती थी, तो उन्हें 8,000 रुपये इंसेंटिव के रूप में मिलते थे। इसके अलावा, ग्राहकों की रेटिंग के आधार पर उन्हें अतिरिक्त इंसेंटिव भी मिलता था।

लेकिन, पिछले कुछ महीनों में इंसेंटिव कम हो गया था। कुछ ड्राइवरों का आरोप है कि कंपनी के मालिकों ने वह पैसा अपने निजी इस्तेमाल के लिए निकाल लिया। कई ड्राइवरों ने बताया कि उन्हें पिछली पेमेंट देर से मिली या मिली ही नहीं।

## 1 करोड़ की वैल्यू रह जाएगी सिर्फ 5 लाख मिडिल क्लास को सबसे ज्यादा मार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक करोड़ रुपये भारत में आराम से जिंदगी गुजारने का एक पैमाना माना जाता है। लेकिन, क्या होगा अगर 1 करोड़ रुपये आपके जीते-जी 94 प्रतिशत से ज्यादा वैल्यू खो दे। फिर भले इसे छुआ भी न जाए सच तो यह है कि महंगाई ऐसा कर सकती है। यह मिडिल क्लास को पहले से ज्यादा मार रही है। वेल्थ एडवाइजर जयेश ठक्कर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने इसके जरिए लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। जयेश ने लिखा, 6 प्रतिशत की महंगाई 50 सालों में 1 करोड़ रुपये को 5.42 लाख रुपये कर देती है। उनके पोस्ट में एक टेबल भी है। यह टेबल दिखाती है कि कैसे 6 प्रतिशत की महंगाई दर पर 1 करोड़ रुपये का मूल्य 10 सालों में 44 प्रतिशत घटकर 55.84 लाख रुपये रह जाता है। 20 सालों में ये 31.15 लाख रुपये तक गिर जाता है। और 50 सालों में ये सिर्फ 5.42 लाख रुपये रह जाता है। इसका मतलब है कि अगर आपका पैसा महंगाई से ज्यादा तेजी से नहीं बढ़ रहा है तो ये घट रहा है। भारत के वेतनभोगी मध्यम वर्ग के लिए यह एक खतरे की घंटी है। ये ज्यादातर बचत खातों, फिक्स्ड डिपॉजिट या कैश पर निर्भर हैं।

**बड़ा खतरा है महंगाई-** ठक्कर ने कोई समाधान नहीं बताया। लेकिन, उनकी पोस्ट का संदेश साफ है। महंगाई सिर्फ छोटा-मोटा खतरा नहीं है। यह लंबे समय तक रहने वाली है। इसलिए जल्दी से जल्दी एसेट प्लानिंग करनी होगी। एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि आपको अलग-अलग एसेट क्लास में निवेश करना चाहिए। सिर्फ एक बचत खाते पर निर्भर रहना काफी नहीं है। इक्विटी, सोना, रियल एस्टेट और महंगाई से जुड़े बॉन्ड आपको अलग-अलग स्तर पर सुरक्षा दे सकते हैं। कम समय के और ज्यादा ब्याज वाले बॉन्ड भी महंगाई के समय में आपके पैसे को बचाने में मदद कर सकते हैं। सबसे जरूरी बात ये है कि आपको अपने निवेश को समय-समय पर देखना चाहिए और उसमें बदलाव करना चाहिए। आपको महंगाई के हिसाब से अपने रिटर्न को देखना चाहिए, न कि सिर्फ नाम के लिए होने वाले मुनाफे को। आसान भाषा में समझें तो महंगाई का मतलब है चीजों की कीमतों का बढ़ना। अगर किसी चीज की कीमत आज 100 रुपये है और महंगाई 6 प्रतिशत है तो अगले साल उसकी कीमत 106 रुपये हो जाएगी। इसलिए, अगर आपके पास 100 रुपये हैं और आप उसे बैंक में रखते हैं जहां आपको 2 प्रतिशत ब्याज मिलता है तो आपके पास अगले साल 102 रुपये होंगे। लेकिन, उस चीज की कीमत 106 रुपये हो जाएगी। इसका मतलब है कि आप उस चीज को खरीदने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं बचा पाए। ऐसे में आपको अपने पैसे को ऐसी जगहों पर निवेश करना चाहिए जहां आपको महंगाई से ज्यादा रिटर्न मिले।

## इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान आया आइडिया, मिट्टी से ऐसे बनाने लगे सोना, अब 3 करोड़ का टर्नओवर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अजमेर के कंप्यूटर साइंस इंजीनियर शोभित सोनी मिट्टी को सोने में बदल रहे हैं। उन्होंने सफल कुल्हड़ बजिनेस खड़ा कयिा है। देशभर में शोभित ने 40-42 कुल्हड़ बनाने के प्लांट लगाए हैं। इससे उनका टर्नओवर करीब 3 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। शोभित को इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान कुल्हड़ बनाने का आइडिया आया था। उन्होंने चाय के गिलासों को साफ करने के अस्वच्छ तरीके को देखकर और चीन में कोरोना वायरस के फैलने के बाद कुल्हड़ बनाने का फैसला किया। उन्होंने चाय इंडस्ट्री पर रिसर्च की। कम कीमत में अच्छी चाय बेचने के लिए एक मूवेबल टी शॉप शुरू की। लॉकडाउन के दौरान कुल्हड़ की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाई। आज वह देशभर में कुल्हड़ बनाने की मशीनें दे रहे हैं। आइए, यहां शोभित सोनी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

राजस्थान में अजमेर के रहने वाले शोभित सोनी को इंजीनियरिंग की पढ़ाई करते समय एक आइडिया आया। यह आइडिया था कुल्हड़ बनाने का। आज वह कुल्हड़ बनाकर लाखों रुपये कमा रहे हैं। उन्होंने देश के लगभग सभी राज्यों में कुल्हड़ बनाने की मशीनें दी हैं। दरअसल, शोभित



पढ़ाई के दौरान चाय की टपरी पर चाय पीने जाते थे। वहां चाय कांच के गिलास में मिलती थी। डिस्पोजेबल गिलास का ट्रेंड ज्यादा नहीं था। कांच के गिलासों को धोने के लिए अलग-अलग बाल्टियों में पानी भरा होता था। उन्हीं में गिलासों को डुबाकर साफ किया जाता था।

# महिला ग्रां प्री का निर्णायक पड़ाव

## वैशाली के पास आखिरी मौका

**ग्रॉसलोबमिंग, ऑस्ट्रिया (एजेंसी)।** 2024/2025 फीडे महिला ग्रां प्री श्रृंखला अब अपने निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है। छह चरणों की इस सीरीज़ का अंतिम और छठा चरण 6 मई से ऑस्ट्रिया के ग्रॉसलोबमिंग में शुरू होगा, जहां श्रृंखला की विजेता के साथ-साथ 2026 महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए दो क्वालिफायर भी तय होंगे।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की शुरुआत अगस्त 2024 में जॉर्जिया के त्बिलिसी से हुई थी। पिछले पांच चरणों के बाद रूस की अलेक्ज़ांद्रा गोर्याचकिना 308.34 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, लेकिन वह ऑस्ट्रिया चरण में भाग नहीं ले रही हैं। दूसरे स्थान पर भारत की कोनेरू हम्पी हैं, जिनके पास 279.17 अंक हैं। वह भी पहले ही तीन चरणों में भाग ले चुकी हैं, इसलिए ऑस्ट्रिया में नहीं खेलेंगी। ऐसे में खिताबी होड़ अब चीन की झू जिनेर (235 अंक) और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक (189.17 अंक) के बीच सिमट गई है।



### खिलाड़ियों की सूची (टूर्नामेंट से पहले के कुल ग्रां प्री अंक)

झू जिनेर – 235
अन्ना मुजिचुक – 189.17
तान झोंगयी – 170–
नाना जज़निड्ज़े – 121.67
मरिया मुजिचुक – 121.67
आर. वाईशाली – 85–
अलेक्ज़ांद्रा कोस्टेनियुक – 85
नुर्ग्युल सलीमोवा – 70
ओल्गा बडेल्का – 25
लेला जावाखिशविली – 20

झू जिनेर को पहले स्थान पर आने के लिए शीर्ष तीन में रहना जरूरी होगा, जबकि अन्ना मुजिचुक को टूर्नामेंट जीतकर 130 अंक लेने होंगे–जो मुश्किल जरूर है, पर असंभव नहीं। ऑस्ट्रिया चरण में दस शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगी, जिनमें तीन पूर्व विश्व चैम्पियन– अलेक्ज़ांद्रा कोस्टेनियुक, तान झोंगयी और मरिया मुजिचुक–भी शामिल हैं। भारत की वैशाली रामेशबाबू भी इस निर्णायक चरण में अपनी चुनौती पेश करेंगी। अब तक के प्रदर्शन मेंवैशाली अपनी क्षमताओं के अनुरूप नहीं खेल सकीं हैं, लेकिन ऑस्ट्रिया का यह चरण उनके लिए ग्रां प्री में बदलाव का अवसर बन सकता है। महिला ग्रां प्री सीरीज़ न केवल पुरस्कार राशि (₹600,000) और कैंडिडेट्स के लिए रास्ता प्रदान करती है, बल्कि यह महिला शतरंज को एक नई पहचान और मंच देती है। एफआईडीई अध्यक्ष अर्कांडी द्वोर्कोविच ने कहा, अब महिला शतरंज केवल अस्तित्व की लड़ाई नहीं, बल्कि एक विकसित होती रणनीति का हिस्सा है।

# आईपीएल में मशगूल है पूरा भारत

## आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया पहुँचा शीर्ष पर



**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने टेस्ट रैंकिंग की नई लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में टीमों के पूरे साल के प्रदर्शन को देखा गया है। भारतीय टीम को पिछली दो टेस्ट सीरीज में करारी हार मिली थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में क्लीन स्वीप होने के बाद टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया में भी टेस्ट सीरीज हार गई। इसका नुकसान अब टीम को वार्षिक रैंकिंग अपडेट में इसका नुकसान हुआ है। भारत को अगले महीने इंग्लैंड दौरे पर जाना है। जहां दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज होगी।

### ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले नंबर पर

ऑस्ट्रेलिया टेस्ट रैंकिंग में पहले नंबर पर है। उसकी रेटिंग 126 है। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने फाइनल में जगह बना ली है। फाइनल जून में खेला जाएगा। इंग्लैंड की टीम दूसरे नंबर पर है। उसे दो स्थान का फायदा हुआ है। इंग्लैंड का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। लेकिन पूरे साल के प्रदर्शन को देखें तो टीम ने अच्छा किया है। साउथ अफ्रीका को एक स्थान का नुकसान हुआ है। पहले वह दूसरे नंबर पर थी। अब वह तीसरे नंबर पर है।

- **भारत और ऑस्ट्रेलिया में बड़ा अंतर** – भारतीय टीम को भी नुकसान हुआ है। वह एक स्थान नीचे खिसक गई है। पहले भारत तीसरे नंबर पर था। अब वह चौथे नंबर पर है। भारत से आगे ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका थे। अब इंग्लैंड भी उससे आगे निकल गया है। इंग्लैंड की रेटिंग 113 है। साउथ अफ्रीका की रेटिंग 111 है। भारतीय टीम की रेटिंग 105 है। चौथे नंबर की भारतीय टीम और तीसरे नंबर की साउथ अफ्रीका के बीच रेटिंग का अंतर काफी है। इसे भर पाना आसान नहीं होगा।

### वनडे और टी20 में जलवा कायम

भारत ने सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखते हुए वनडे और टी20 में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। नई रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया। इससे उसे पांच रेटिंग अंक का फायदा हुआ और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है। उसने पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोड़ा। अफगानिस्तान चार अंकों के सुधार के बाद सातवें स्थान पर पहुंच गया जबकि पूर्व विश्व चैंपियन इंग्लैंड चार अंक खोने के बाद आठवें स्थान पर आ गया।

## रिकी पोंटिंग ने किया खुलासा

# इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजना अय्यर का फैसला था

**धर्मशाला (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया कि लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव का सामना करने के लिए जोश इंग्लिश को बल्लेबाजी के लिए तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला कप्तान श्रेयस अय्यर का था। इंग्लिश ने इस सत्र में अधिकतर समय मध्यक्रम में बल्लेबाजी की थी। लखनऊ के खिलाफ उन्होंने मयंक को अपने निशाने पर रखा तथा 14 गेंद में 30 रन बनाए। पंजाब ने यह मैच 37 रन से जीता।



पोंटिंग ने मैच के बाद कहा, 'इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला कप्तान का था। यहां की पिच और विरोधी टीम के आक्रमण को देखते हुए उनका मानना था कि अगर विकेट जल्दी गिर जाता है तो फिर इंग्लिश को भेजना सही होगा। उन्होंने कहा, 'हम यह मानकर चल रहे थे कि मयंक शुरू में गेंदबाजी करेगा। अगर आप उसकी गेंदबाजी पर गौर करो तो वह बहुत अधिक शॉर्ट पिच गेंदबाजी करता है और इंग्लिश इस तरह की गेंदों को खेलने में माहिर है जैसा कि हमने इस मैच में भी देखा। उनके पुल शॉट अद्भुत थे।

पोंटिंग ने कहा, 'इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला लखनऊ के लिए भी हैरानी भरा था और इसका हमें फायदा मिला। हमारी बल्लेबाजी में काफी गहराई है और इससे हमारे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका मिलता है। लखनऊ के बल्लेबाज और 40 गेंद पर 74 रन बनाने वाले आयुष बडोनी ने स्वीकार किया कि पंजाब किंग्स से हार में पावरप्ले में तीन विकेट खोना महंगा साबित हुआ।

# पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ की दावेदारी मजबूत की, प्वाइंट टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंची

**धर्मशाला (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ धर्मशाला में खेले गए आईपीएल 2025 के 54वें मैच में पंजाब किंग्स ने 37 रन से जीत दर्ज करते हुए प्वाइंट टेबल में दो स्थान की बढ़त बना ली है। पंजाब किंग्स अब प्वाइंट टेबल में दूसरे स्थान पर आ गई है। वहीं लखनऊ अपने स्थान पर कायम है। पंजाब किंग्स ने युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (91 रन) के अर्धशतक के बाद अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की बदौलत रविवार को आईपीएल के अहम मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 37 रन से हराकर अपनी प्लेऑफ की दावेदारी मजबूत की। पंजाब के 11 मैचों में 7 जीत, 3 हार और एक नोरिजल्ट के बाद 15 अंक सहित दूसरे स्थान पर है। लखनऊ 11 मैचों में 5 जीत और 6 हार के साथ 10 अंक सहित प्वाइंट टेबल में 7वें स्थान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 16 अंक के साथ पहले स्थान पर है जिसने 11 में से 8 मैच जीते हैं। मुंबई इंडियंस (11 मैचों में 7 जीत) और गुजरात टाइटंस (10 मैचों में 7 जीत) 14-14 अंक के साथ क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।



**ऑरेंज कैप** – विराट कोहली ने फिर से ऑरेंज कैप हासिल कर ली है। कोहली के 11 मैचों में 11 इनिंग्स के साथ 73 के हाईएस्ट के साथ 63.13 की औसत के साथ कुल 505 रन हो गए हैं। उनके कुल 7 अर्धशतक हैं। कोहली को गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज साई सुदर्शन से कड़ी टक्कर मिल रही है जिनके 504 रन हैं। साई ने 10 इनिंग्स में 50.40 की औसत और 82 के हाईएस्ट के साथ 5 अर्धशतकों सहित यह रन बने हैं।

**पर्पल कैप** – पर्पल कैप की बात करें तो गुजरात टाइटंस के गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने जोश हेजलवुड को पीछे छोड़कर पर्पल कैप हासिल कर रखी है। उनके नाम 10 मैचों की 10 इनिंग्स में 19 विकेट्स हैं जो हेजलवुड (18) से एक ज्यादा है। कृष्णा ने 7.48 की इकोनॉमी के साथ 41/4 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ 19 विकेट्स लिए हैं।

# पंत को धोनी को फोन करना चाहिए, सहवाग की लखनऊ के कप्तान को सलाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना ??है कि लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत को आईपीएल 2025 में खराब फॉर्म से बाहर निकलने के लिए अपने आदर्श एमएस धोनी से संपर्क करना चाहिए। पंत आईपीएल नीलामी में 27 करोड़ रुपए की कीमत के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी थे। हालांकि वह इस सीजन में 10 पारियों में सिर्फ 128 रन ही बना पाए हैं। उनके प्रदर्शन में पांच सिंगल-डिजिट स्कोर, एक डक और सिर्फ एक अर्धशतक शामिल है।



पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार के मैच में पंत चौथे नंबर पर आए, लेकिन 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 गेंदों पर सिर्फ 18 रन ही बना सके। लखनऊ ने यह मैच 37 रन से गंवा दिया और अब 11 मैचों में छह हार के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। सहवाग ने कहा, फिर से, उसके पास एक मोबाइल है, उसे बस फोन उठाकर किसी को कॉल करना है। अगर आपको लगता है कि आप नकारात्मक सोच रहे हैं, तो ऐसे बहुत से क्रिकेटर हैं जिनसे आप बात कर सकते हैं। धोनी उनके आदर्श हैं, इसलिए पंत को उन्हें कॉल करना चाहिए। इससे उनका मन हल्का हो जाएगा।

इसके अलावा सहवाग ने सुझाव दिया कि पंत को अपने पिछले प्रदर्शनों के फुटेज को फिर से देखना चाहिए ताकि वे अपने रूटीन पर विचार कर सकें। पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, मुझे लगता है कि ऋषभ पंत को अपने पुराने आईपीएल क्लिप देखने चाहिए जिसमें उन्होंने रन बनाए थे, और इससे उन्हें आत्मविश्वास मिलेगा। कई बार हम अपने रूटीन को भूल जाते हैं क्योंकि यह ऋषभ पंत उस रूटीन से बिल्कुल अलग है जिसे हमने उसकी चोट से पहले देखा था। मुझे याद है कि 2006/07 में जब मैं रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहा था, मुझे भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था और फिर राहुल द्रविड़ ने मुझे वापस जाकर अपने रूटीन को देखने के लिए कहा जब मैं रन बनाता था। कभी-कभी, जब रूटीन में गड़बड़ी होती है, तो इसका असर रनों पर पड़ता है।

# मुंबई इंडियस के पूर्व खिलाड़ी शिवालिक शर्मा सलाखों के पीछे पहुंचा, पहले लड़की से किया रेप और फिर दिया धोखा

**मुंबी (एजेंसी)।** आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी शिवालिक शर्मा अब सलाखों के पीछे हैं। जोधपुर पुलिस ने उन्हें दुष्कर्म के गंभीर आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। कुड़ी भगतासनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए क्रिकेटर को गुजरात के वडोदरा से धर दबोचा। शिवालिक शर्मा पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है।

जोधपुर पुलिस ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि युवती की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की गई। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है और मजिस्ट्रेट के सामने धारा 164 के तहत उसके बयान भी दर्ज कर लिए गए हैं। पुलिस अब इस मामले में ठोस सबूत जुटाकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर रही है।



दरअसल 2 जनवरी 2024 को जोधपुर की एक युवती ने कुड़ी भगतासनी थाने में एक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने आरोप लगाया था कि गुजरात के वडोदरा निवासी 27 वर्षीय क्रिकेटर शिवालिक शर्मा ने उसे शादी का झूठा वादा करके उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में शादी से इनकार कर दिया। युवती के अनुसार फरवरी 2023 में वह वडोदरा घूमने गई थी जहां उसकी मुलाकात शिवालिक से हुई। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे वे करीब आ गए। अगस्त 2023 में शिवालिक अपने परिवार के साथ जोधपुर आया और दोनों की सगाई भी हो गई।

**सगाई के बाद दुष्कर्म का आरोप** – युवती का आरोप है कि 27 मई 2023 को जब शिवालिक उसके घर आया और घर पर कोई नहीं था तो उसने जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर उसने शादी का वादा किया। इसके बाद वह 3 जून तक युवती के घर पर ही रहा और कई बार उसके साथ गलत संबंध बनाए। युवती का यह भी आरोप है कि इसके बाद शिवालिक उसे मेहंदीपुर बालाजी, जयपुर और उज्जैन भी घुमाने ले गया जहां भी उसने संबंध बनाए और बार-बार शादी का वादा करता रहा।

लेकिन जून 2023 में जब युवती शादी की बात करने के लिए वडोदरा पहुंची तो शिवालिक के परिवार वालों ने सगाई तोड़ने की बात कही और उसे घर से निकाल दिया। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि वहां उसके साथ धक्का-मुक्की भी की गई।

**कौन है शिवालिक शर्मा** – 28 नवंबर 1998 को वडोदरा में जन्मे शिवालिक शर्मा बचपन से ही क्रिकेट के दीवाने थे। पढ़ाई में कम रुचि होने के कारण उनके पिता ने उन्हें क्रिकेट खेलने की पूरी आजादी दी थी। शिवालिक ने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत 2016 में बीनू अंडर-19 ट्रॉफी से की। इसके बाद 2018-19 रणजी ट्रॉफी सीजन में उन्होंने बड़ौदा के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया। उन्हें 2024 में मुंबई इंडियंस ने 20 लाख रुपये में खरीदा था। हालांकि हाल के समय में उन्होंने क्रिकेट से दूरी बना ली थी और इस सीजन से पहले मुंबई इंडियंस ने उन्हें रिलीज कर दिया था। अब बलात्कार के इस गंभीर मामले में उनकी गिरफ्तारी ने उनके भविष्य पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# आज प्लेआफ के प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस होंगे आमने-सामने

**मुंबई (एजेंसी)।** प्लेआफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस का सामना आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगा तो फॉर्म में चल रहे गुजरात के शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाजों के लिए बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कड़ी चुनौती होगी। सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ नेट रन रेट वाली मुंबई की टीम को बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे ताकि प्लेऑफ में प्रवेश कर सके। पांच बार की चैम्पियन टीम इनमें से दो मैच अपने मैदान पर खेलेगी जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। वहीं चौथी रैंकिंग वाली गुजरात की टीम को अभी चार मैच खेलने हैं जिनमें से दो अहमदाबाद में खेलने हैं जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम को भी प्लेआफ में पहुंचने के लिये दो मैच और जीतने हैं। गुजरात के बी साइ सुदर्शन (504 रन), जोस बटलर (470) और कप्तान गिल (465) जबर्दस्त फॉर्म में हैं। अब उन्हें मुंबई के ट्रेंट बोल्ट (16 विकेट), हार्दिक पांड्या (13), जसप्रीत बुमराह (11) और दीपक चाहर (नौ) का सामना करना है जो आसान नहीं होगा।

मुंबई के जीत की राह पर लौटने के बाद से इन्होंने किसी मैच में 200 से अधिक रन विरोधी टीम को बनाने नहीं दिए हैं। मुंबई खराब शुरूआत के बाद लगातार छह मैच जीतकर आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। गुजरात की सफलता की कुंजी उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन रही है। दूसरी ओर मुंबई को भी लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात के शानदार रिकॉर्ड से चिंता हो रही होगी।

गुजरात ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन मैच भारी अंतर से जीते हैं। गुजरात के शीर्ष तीन बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म के कारण बाकी बल्लेबाजों की परीक्षा नहीं हो सकी है। मध्यक्रम में शेरफान रदरफोर्ड (201) को कुछ मौका मिला है। मुंबई के गेंदबाजों का लक्ष्य अब गुजरात के शीर्षक्रम को सस्ते में आउट करने का होगा। तीन सत्र पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने पदार्पण के साथ आईपीएल खिताब जीता था। वही हार्दिक अब मुंबई के कप्तान हैं जिसने बेहद औसत शुरूआत के बाद वापसी की है। हार्दिक खुद 157 रन बनाने के साथ 13 विकेट ले चुके हैं। रोहित शर्मा (293 रन) और सूर्यकुमार यादव (475 रन) भी फॉर्म में हैं। रियान रिकेलटन (334 रन) धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ चुके हैं। तिलक वर्मा (239) और नमन धीर (155) बल्लेबाजी को गहराई देते हैं। वहीं कैगिसो रबाडा की गैर मौजूदगी में भी गुजरात के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। रबाडा मनोरंजन के लिये प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण प्रतिबंध झेल रहे हैं और अभी यह पता नहीं है कि वह लौट पाएंगे या नहीं। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा 19 विकेट लेकर परपल कैप पहन चुके हैं जबकि मोहम्मद सिराज ने 14 और आर साइ किशोर ने 12 विकेट लिए हैं।



### टीमें

- **मुंबई इंडियंस** – सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, लिज़ाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान।
- **गुजरात टाइटंस** – शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएट्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और करीम जनत।
- **समय**–शाम 7–30 बजे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### खरगे से मिलूंगा और गोगोई के 'पाकिस्तान प्रवास' के बारे में पूछूंगा : हिमंत विश्व शर्मा



**गुवाहटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि वह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात करेंगे और पूछेंगे कि विपक्षी पार्टी ने सांसद गौरव गोगोई को टिकट क्यों दिया, जिन्होंने कथित तौर पर पाकिस्तान का दौरा किया था। शर्मा पर पलटवार करते हुए लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गोगोई ने उन्हें इस मुद्दे पर राज्य की भाजपा सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के निष्कर्षों को सार्वजनिक करने की चुनौती दी। पंचायत चुनाव के सिलसिले में प्रचार के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि गोगोई की ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न ने 19 बार पाकिस्तान की यात्रा की थी। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस और पाकिस्तानी एक जैसे हैं। उन्हें पाकिस्तान से हमदर्दी है। मैं सारी जानकारी लेकर खरगे से मिलूंगा। हमें जवाब चाहिए। मैं उनसे पूछूंगा कि अगर आपके सांसद का व्यवहार ऐसा है, तो आप ऐसे व्यक्ति को टिकट क्यों देते हैं? मैं यहीं नहीं रुकूंगा, मैं आगे भी सवाल करना जारी रखूंगा।'' शर्मा ने कहा, ''पाकिस्तान में देखने लायक कुछ नहीं है... ऐसे में कोई व्यक्ति वहां 15 दिन कैसे रह सकता है? जब तक कोई व्यक्ति कुछ प्रशिक्षण नहीं लेता, तब तक वहां जाने का कोई औचित्य नहीं है।'' मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जिस तरह गोगोई नमाज अदा करते हैं, कोई भी मुसलमान इतनी कुशलता से नमाज अदा नहीं कर सकता। पलटवार करते हुए गोगोई ने कहा कि शर्मा उनके परिवार का नाम घसीटकर राजनीति करने में व्यस्त हैं, जबकि वह (गोगोई) लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। गोगोई ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि उनके और उनकी पत्नी के कथित पाकिस्तानी संबंधों की जांच के लिए गठित एसआईटी की जांच का क्या हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती दी कि वह जांच के निष्कर्ष सार्वजनिक करें।

### सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले का अभी भी बदला नहीं लिया : राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के 12 दिन बाद भी उसका बदला नहीं लिया है। राउत ने पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल पर प्रतिबंध लगाने समेत अब तक की उसकी प्रतिक्रिया का मखौल उड़ाया। राउत ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों से बदला लेने के लिए उनकी पार्टियों को तोड़ती रही है, उन्हें जेल में डालती रही है, उनका जीवन बर्बाद करती रही है और उनके परिवारों को परेशान करती रही है। राज्यसभा सदस्य ने सवाल किया, ''(पहलगाम आतंकी हमले में) निर्दोष लोगों की हत्या हुए 12 दिन बीत चुके हैं। और हम जो खबर देख रहे हैं, वह यह है कि सरकार (पाकिस्तान पर) शिकंजा कस रही है। उसने पाकिस्तान उच्चायोग में कर्मचारियों की संख्या कम कर दी है और (पाकिस्तानी उड़ानों के लिए) हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। क्या इसे बदला कहा जाएगा?'' उन्होंने कहा कि बदला लेने के लिए सरकार ने पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल पर प्रतिबंध लगा दिया है। राउत ने सवाल किया, ''क्या यह बदला है? इंदिरा गांधी का इतिहास देखें? सरकार ने कोई बदला नहीं लिया है।'' पिछले हफ्ते राउत ने कहा था कि इंदिरा गांधी ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को दो टुकड़ों (पाकिस्तान और बांग्लादेश) में विभाजित कर दिया था। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को कमतर कर दिया था और पाकिस्तानी सैन्य अताशे को निष्कासित करने, सिंधु जल संधि को निलंबित करने और अटारी भूमि पारगमन चौकी को तत्काल बंद करने सहित कई कदमों की घोषणा की थी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने छह पाकिस्तानी यूट्यूब समाचार चैनल को प्रतिबंधित करने के निर्देश जारी किए थे।

# सीमा हैदर का गला दबा दिया गया था, थप्पड़ भी पड़े? सामने आ गया सच

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** पहलगाम हमले के बाद से एक बार फिर चर्चा में आई पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के घर में घुसकर हमले की कोशिश के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि सीमा हैदर को आरोपी ने कई थप्पड़ मारे और गला भी दबा दिया था। हमले को जानलेवा बताया गया है। हालांकि, नोएडा पुलिस का कहना है कि गुजरात से आया शख्स इससे पहले की सीमा हैदर पर हमला कर पाता, उसे दबोच लिया गया।

कथित तौर पर पबजी गेम खेलते हुए ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा निवासी सचिन मीणा से प्यार होने के बाद सीमा हैदर मई 2023 में नेपाल के रास्ते भारत आ गई थी। उसका कहना है कि वह अपना धर्म बदल चुकी है और सचिण मीणा से शादी कर चुकी है। पाकिस्तान से चार बच्चों को लेकर आई सीमा हैदर ने हाल ही में सचिन के बच्चे को भी जन्म दिया है। पहलगाम हमले के बाद से वह चर्चा में है। उसे पाकिस्तान वापस भेजे जाने की मांग सोशल मीडिया पर जोरशोर से चल रही है।

इस बीच शनिवार शाम सचिन के घर में एक युवक घुस गया,जिस गिरफ्तार करके पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस ने



आरोपी की पहचान तेजस जानी के रूप में की है। वह गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले का रहने वाला है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इससे पहले कि वह सीमा हैदर पर हमला कर पाता, उसे दबोच लिया गया। गिरफ्तार करके उसे जेल भेज दिया गया है।

रबूपुरा थाने के एसएचओ सुजीत उपाध्याय ने कहा, शाम करीब 7 बजे जानी ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा पहुंचा और सीमा हैदर के घर में घुस गया। उस वक्त सीमा हैदर छत पर थी। सचिन और परिवार के अन्य सदस्य भी घर में ही थे। अनजान शख्स के घर में घुसते ही परिवार के सदस्यों ने उसे पकड़ लिया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी दौड़ पड़े। सभी ने मिलकर उसे दबोच लिया और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचते ही पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

सीमा हैदर के मुंहबोले भाई और उसका केस लड़ रहे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील एपी सिंह ने कहा कि हमले में सीमा हैदर बाल-बाल बच गई। एक दिन पहले ही उसकी बेटी अस्पताल से डिस्चार्ज हुई थी। सीमा हैदर और बाकी सभी लोग घर में थे। तभी हमलावर घर में घुसा। लेकिन सचिन के अलावा उसके चाचा और परिवार के अन्य कई सदस्य घर में थे। उन्होंने आरोपी को पकड़ लिया। धक्का-मुक्की, शोर-शराबा हुआ। पड़ोसी भी आ गए। सिंह ने इस बात की पुष्टि की कि सीमा तक आरोपी नहीं पहुंच सका और उसे किसी तरह की चोट नहीं आई है। पुलिस ने पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के घर में घुसने के आरोप में हिरासत में लिए युवक के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने रविवार को उसको कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। तेजस जानी ने पूछताछ में बताया कि वह ट्रेन में सफर करते हुए दिल्ली पहुंचा था। इसके बाद रबूपुरा पहुंचा। पुलिस ने आरोपी का सत्यापन कराया तो पता लगा कि उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। उसकी मां की मृत्यु हो चुकी है। पिता मानसिक रूप से कमजोर है। पहले दिन पूछताछ में उसने दावा किया था कि सीमा हैदर ने उस पर काला जादू कर दिया है। अब उसने खुद को सचिन और सीमा का फैन बताया है। अब उसका कहना है कि वह सीमा और सचिन से मिलने के लिए आया था।

## सूटकेस में फेंकी लाश, महिला के बारे में बताने वाले को मिलेंगे 20 हजार


**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर स्थित शिव नादर स्कूल के पास सड़क पर एक ट्रॉली बैग में महिला का लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महिला के सिर पर गहरी चोट के निशान हैं और चेहरे पर खून लगा है। उसने काले रंग की जींस और हरे रंग का टॉप पहना हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। महिला की उम्र 30-35 साल है। कपड़ों से वह किसी अच्छे घर की लग रही है। सुशांत लोक थाना के जांच अधिकारी कर्मबीर ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सड़क के किनारे एक ट्रॉली बैग पड़ा है, जिससे बदबू आ रही है। एक राहगीर अशोक कुमार ने पुलिस को सूचना दी थी। अशोक ने बताया कि जब वह रास्ते से गुजर रहा था तो उसे रोड के किनारे पड़े ट्रॉली बैग से बदबू आई थी। इसके बाद जब उसने बैग को टटोला तो उसमें किसी इंसान के होने की आशंका हुई। उसने बैग को खोलकर देखा तो उसमें महिला की लाश थी। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर और बैग को खोलकर देखा तो उसमें एक महिला की लाश थी। उसका सिर कुचलकर हत्या और ट्रॉली बैग में अच्छे से पैक कर रखा गया था। पुलिस ने बताया कि महिला के दाएं हाथ में नाम भी गुदा था जिसे हत्यारों ने मिटाने का प्रयास किया है। महिला के शरीर पर दो और टैटू थे। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच में लगता है कि हत्या कहीं और की गई होगी और उसके बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए बैग में रख कर यहां फेंका गया। हत्या हाल के दिनों में ही हुई है। गुरुग्राम पुलिस ने मृतका की पहचान बताने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। साथ ही गुमशुदा लोगों के केस भी खंगाले जा रहे हैं। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सुशांत लोक थाने में केस दर्ज की किया है।

## दिल्ली टू राजस्थान तक चलेगी नमो भारत ट्रेन, डीपीआर हुई तैयार

**गुरुग्राम, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने दिल्ली के सराय काले खां से गुरुग्राम होते हुए राजस्थान के नीमराना तक नमो भारत ट्रेन चलाने की तैयारी तेज कर दी है। इस रूट की नई डीपीआर भी तैयार कर ली गई है। इसके निर्माण पर करीब 35743 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा। डीपीआर को मंजूरी के लिए हरियाणा सरकार को भेजा गया है। एनसीआरटीसी की पुरानी डीपीआर के तहत दिल्ली के सराय रोहिल्ला से नमो भारत ट्रेन शुरू होनी थी, जो गुरुग्राम में कापसहेड़ा बॉर्डर से प्रवेश करनी थी। दिल्ली-जयपुर हाईवे पर सिग्नेचर टावर के समीप जाकर मिलनी थी। इसके बाद जयपुर हाईवे से राजस्थान के नीमराना तक जानी थी। एनसीआरटीसी की तरफ से करवाए गए सर्वे के मुताबिक, साल 2031 में नमो भारत ट्रेन को शुरू किया जाता है तो शुरुआत में यात्रियों की संख्या करीब साढ़े 11 लाख होगी। यही नहीं, अगले 20 साल में संख्या करीब 20 लाख तक पहुंचने का अनुमान है।गुरुग्राम में नमो भारत ट्रेन के 17 स्टेशन में से 8 स्टेशन अंडरग्राउंड होंगे। इनमें गुरुग्राम के पांच स्टेशन शामिल हैं। साइबर सिटी, राजीव चौक, हीरो होंडा चौक, खेड़की दौला, मानेसर में अंडरग्राउंड स्टेशन का निर्माण होगा। दिल्ली में तीन स्टेशन अंडरग्राउंड होंगे, जिनमें आईएनए, मुनिरका, एरो सिटी शामिल हैं। बाकी स्टेशन एलिवेटेड रहेंगे। योजना के तहत एलिवेटेड स्टेशन का निर्माण करीब 140 मीटर में किया जाएगा, जबकि भूमिगत स्टेशन करीब 190 मीटर में तैयार किए जाएंगे। वहीं, नमो भारत ट्रेन की लंबाई करीब 105 किलोमीटर होगी।केंद्र सरकार ने पुराने रूट में बदलाव किया है। अब नए रूट के तहत नमो भारत ट्रेन दिल्ली के सराय रोहिल्ला से शुरू होकर यह दिल्ली के आईएनए, मुनिरका और एरो सिटी से होते हुए दिल्ली-जयपुर हाईवे पर साइबर सिटी, इफको चौक, राजीव चौक, हीरो होंडा चौक, खेड़की दौला, मानेसर, पचगांव, बिलासपुर चौक होते हुए रेवाड़ी के धारूहेड़ा, बावल, रेवाड़ी से निकलकर राजस्थान में नीमराना के पास तक जानी है।

## टॉयलेट सीट में तेज धमाके संग लगी आग, 1 युवक बुरी तरह घायल; ग्रेटर नोएडा में डराने वाली घटना

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा सेक्टर-36 स्थित मकान में टॉयलेट सीट फटने का मामला सामने आया है। इससे घटना के समय टॉयलेट के अंदर मौजूद एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। पीड़ित छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग की लपटों में झुलसकर छात्र के चेहरे और हाथों की स्किन तक उतर गई है। इस घटना के पीछे मीथेन गैस के कारण विस्फोट होने की आशंका जताई गई है। जानकारी के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36 के मकान नंबर सी-364 में सुनील प्रधान अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनका 20 वर्षीय बेटा आशू नागर शनिवार दोपहर टॉयलेट गया था। आशू स्कूल में पढ़ता है। शौच के बाद जैसे ही उसने वेस्टर्न टॉयलेट सीट का फ्लश बटन दबाया, तभी सीट फट गई और आग की लपटें उठने लगीं। विस्फोट होने से आशू का चेहरा, हाथ, पैरा और दूसरे अंग बुरी तरह से झुलस गए। आनन-फानन में उसे जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।



डॉक्टरों के मुताबिक, घायल छात्र को ठीक होने में काफी समय लगेगा। आग की लपटों में झुलसकर छात्र के चेहरे और हाथों की स्किन तक उतर गई है।

आईटीएस कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. समीर कुमार सिंह का कहना कि सीवर में मीथेन की निकासी न होने पर गैस कहीं न कहीं से निकलने का प्रयास करती है। ऐसा हो सकता है कि टॉयलेट सीट से मीथेन का रिसाव हुआ हो और बिजली के स्विच या उपकरण से गैस ने आग पकड़ ली हो। सेक्टर के एक्टिव सिटीजन टीम से हरेंद्र भाटी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा का सीवर सिस्टम पूरी तरह से जाम है। पहले वेंट पाइप लगाया जाता था ताकि सीवर से निकलने वाली मीथेन गैस वायुमंडल में चली जाए। अब इस प्रकार के पाइप नहीं लगाए जा रहे, जिससे गैस अंदर ही फैलती रहती है। करीब डेढ़ साल से पी-3 गोलचक्कर के पास सीवर लाइन टूटी हुई है, जिसको सही करने के लिए कई बार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक यह लाइन ठीक नहीं हुई। छात्र के पिता सुनील प्रधान ने बताया कि उनके घर से सीवर लाइन सटी है, जो लंबे समय से जाम है। आशंका है कि सीवर लाइन जाम होने के कारण मीथेन गैस बनी हो। छात्र ने जैसे ही फ्लश बटन दबाया तो विस्फोट के साथ सीट फट गई। उन्होंने बताया कि बाथरूम और रसोई के बीच शाफ्ट में विंडो एसी का एक्जॉस्ट लगा है। इसके पीछे ग्रीन बेल्ट है। सेक्टर-5 में गेंद सीवर टैंक में गिर गई। उसे निकालने के लिए चार युवक सीवर में उतरे, लेकिन जहरीली गैस के कारण दो युवकों की मौत हो गई।

## पहलगाम हमले पर पाक पीएम ने फिर अलापा झूठा राग कहा- कोई संबंध नहीं; मलेशिया की शरण में पहुंचे शरीफ

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** शहबाज शरीफ ने रविवार को मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम से टेलीफोन पर बातचीत की। उन्होंने दुनिया को बरगलाने के लिए घटना के पीछे के तथ्यों का पता लगाने की बात कहते हुए अंतरराष्ट्रीय पारदर्शी विश्वसनीय और तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान की पेशकश दोहराई। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान इस जांच में मलेशिया की भागीदारी का स्वागत करेगा। पीटीआई, इस्लामाबाद। पहलगाम आतंकी घटना के बाद से भारतीय कार्रवाई को लेकर भयभीत पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने हमले में अपने देश के किसी भी संबंध से इन्कार किया। बातचीत के दौरान शरीफ ने 22



अप्रैल के आतंकी हमले के बाद से दक्षिण एशिया में व्याप्त तनाव पर पाकिस्तान की चिंताओं को साझा किया।

**मलेशिया से मदद मांग रहा पाक-** उन्होंने दुनिया को बरगलाने के लिए घटना के पीछे के तथ्यों का पता लगाने की बात कहते हुए अंतरराष्ट्रीय, पारदर्शी, विश्वसनीय और तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान की पेशकश दोहराई। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान इस जांच में मलेशिया की भागीदारी का स्वागत करेगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में तनाव आ गया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। यह 2019 में पुलवामा हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला था।

## दुबई में बनी अरेबियन गैजेल्स, रफ्तार की दीवानी 30 महिलाओं का पश्चिम एशिया का पहला ऑल-वुमन सुपरकार क्लब

**दुबई, एजेंसी।** रू ढ़िवादिता और पूर्वाग्रह की सीमित सोच के दायरे को तोड़ते हुए महिलाओं के एक समूह ने मध्य पूर्व में पहला ऑल-वुमन सुपरकार क्लब अरेबियन गैजेल्स बना डाला है।

इसमें शामिल होकर ये महिलाएं बेधड़क रफ्तार के रोमांच में जिदंगी का आनंद ले रही हैं। संयुक्त अरब अमीरात में कार रैली में हिस्सा लेने के लिए ये महिलाएं सप्ताहांत दुबई में जुटीं। यूएई और विदेशों से आई क्लब की 30 सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर चार दिनों की इस सुपरकार रैली में हिस्सा लिया। इनमें कुछ इंजीनियर,कुछ उद्यमी और कुछ गृहिणी हैं, लेकिन इसके इतर इन सबका एक जुनून है जो इन्हें अन्य महिलाओं से अलग कतार में लाकर खड़ा करता है। इस क्लब की शुरुआत आठ साल पहले हनान माजूजी सोबाती ने की थी। उन्हें इस क्षेत्र में महिलाओं की अनदेखी




खटक रही थी।

फुजैराह की सड़क पर अपनी लेम्बोर्गिनी चलाते हुए वह बताती हैं, मैं अकेली औरत थी जो अपने पति की जगह इन कार रैलियों में जाती थी, क्योंकि पति को कारों का कोई शौक नहीं था। मुझे लगा कि किसी को इसके बारे में कुछ करना चाहिए और अधिक महिलाओं को लाकर बदलाव लाना चाहिए।

### सुपरकारों का जुनून

सुपरकारों के जुनून ने बड़ा करने और बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। सोबाती कहती हैं, हमें गाड़ी चलाने या कार पसंद करने के लिए किसी की इजाजत की ज़रूरत नहीं है। अगर हमें टेबल पर सीट नहीं दी जाती, तो हम खुद टेबल बना लेते हैं और सबको उसमें जगह देते हैं।

## बीएलए ने क्वेटा-कराची हाईवे को किया बंद, कई सरकारी भवनों में लगाई आग

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूच प्रांत में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के फतेह स्क्वॉड ने क्वेटा-कराची हाईवे को बंद कर दिया और वाहनों को रोककर तलाशी ली। इनमें यात्री वाहनें भी शामिल थी। बीएलए के सदस्यों ने कलात के मोंगोचार बाजार में घुसकर कई सरकारी भवनों में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। इनमें नेशनल डाटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी, न्यायिक परिसर और नेशनल बैंक ऑफ पाकिस्तान जैसी इमारतें शामिल थी।

सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, इन दफ्तरों को भारी नुकसान हुआ है। हमलावर इलाके से सुरक्षा बलों के पहुंचने से पहले फरार हो गए। इस हमले की जिम्मेदारी बीएलए के फतेह स्क्वॉड ने ली है, जिन्होंने इसे स्वतंत्रता के संघर्ष के तहत अपनी कार्रवाई बताया। सुरक्षा अधिकारियों ने इलाके में ऑपरेशन शुरू किया और नेशनल हाईवे (एन-25)



पर यातायात को बहाल कर दिया गया।

इसी दौरान, मोंगोचार क्षेत्र में बीएलए आतंकियों ने एक पुलिस वाहन पर भी हमला किया, जिसमें जेल से कैदियों को क्वेटा लाया जा रहा था। आतंकियों ने कम से कम 10 कैदियों को छुड़ाया और पांच पुलिसकर्मियों को बंधक बना लिया। बताया गया कि यह पुलिस वाहन गदानी जेल से कैदियों को क्वेटा और माच के केंद्रीय जेल में भेजने के लिए लाया जा रहा था। जब यह वाहन मोंगोचार इलाके में पहुंचा, तो आतंकियों ने हाईवे को ब्लॉक कर दिया और वाहन की तलाशी ली।

इस दौरान वे पुलिस वाहन से कैदियों को छुड़ा ले गए और पांच पुलिसकर्मियों को पकड़कर उनके हथियार भी साथ ले गए। पुलिस अधिकारियों ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दो पुलिसकर्मी जो सादे कपड़ों में थे, वे सुरक्षित रहे। राजनीतिक विश्लेषक कमरान यूसुफ ने कहा कि जिस तरह से आतंकियों ने हाईवे को ब्लॉक किया, वाहनों की तलाशी ली और सरकारी भवनों को आग के हवाले किया, यह संकेत देता है कि उनका उद्देश्य जेल से कैदियों को छुड़ाना था।

उन्होंने कहा, आतंकी जानते थे कि कैदी कहीं न कहीं पुलिस वाहनों में होंगे और इसी रणनीति के तहत उन्होंने यह हमले किए। उन्होंने यह भी कहा कि यह घटना बलूचिस्तान में सुरक्षा स्थिति को लेकर चिंताएं पैदा करती है और यह दिखाती है कि बीएलए जैसे समूहों के समर्थन नेटवर्क सुरक्षा बलों के लिए एक गंभीर चुनौती बने हुए हैं।

## पाकिस्तान के 12 सैन्य अफसर ट्रेनिंग के लिए पहुंचे नेपाल

**काठमांडू, एजेंसी।** पाकिस्तान की सेना के 12 अधिकारी 12 दिवसीय सैन्य प्रशिक्षण के लिए काठमांडू पहुंचे हैं। भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जारी तनाव के बीच यह घटना सामने आई है। नेपाली सेना के माउंटेन वारफेयर कॉलेज में इन्हें दिया जाएगा प्रशिक्षण इसे लेकर नेपाली सेना ने एक बयान में कहा कि यह अधिकारी पाकिस्तान सेना के नेशनल सिक्योरिटी एंड वार कॉलेज के हैं। पाकिस्तान के नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी के मातहत रहे यह अधिकारी एयर कोमोडोर साद मंसूर अंसारी के नेतृत्व में नेपाल आए हैं। नेपाली सेना के माउंटेन वारफेयर कॉलेज में इन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पहलगाम हमले के बाद नेपाल ने आतंकवाद के मसले पर भारत को अपना पूरा समर्थन देने की घोषणा की है। मगर इस घटनाक्रम से उसकी घोषणा पर सवाल खड़े हुए हैं। स्थानीय नागरिक पहलगाम हमले से खफा हैं। नेपाल में लगातार पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन भी हो रहा है। लोग पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के फैसले से आश्चर्यचकित हैं। नेपाली सेना के अवकाश प्राप्त ब्रिगेडियर जनरल विनोज बस्नेत ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस तरह के तनाव के बीच नेपाल द्वारा पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों को बुलाना रणनीतिक रूप से सही नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129